सूर्योदय 6:58 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.2 न्यू | 17.6 अधि |
| धर्मशाला | 9.0 न्य | 23.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80248.08 |
| निफ्टी | 24276.05 |
| सोना 77,350 | चांदी 93,385 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




एचआरटीसी को 250 डीजल बसें खरीदने की मिली मंजूरी: अग्निहोत्री

पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 3 दिसंबर 2024 | 18 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 347, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिल्म 'द साबरमती' रिपोर्ट देखी। संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई थी। फिल्म देखने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री-सांसद और एक्टर्स भी पहुंचे थे। विक्रांत मैसी स्टारर 'द साबरमती' रिपोर्ट 15 नवंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म का रनटाइम 2 घंटे 7 मिनट है।

### बागेश्वर बाबा को जान से मारने की धमकी



**छतरपुर।** बागेश्वर बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जान से मारने की धमकी मिली है। बाबा बागेश्वर आए दिन अपने बयानों की वजह से सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बयान में हरिहर मंदिर का जिक्र किया था। इस पर पंजाब के एक कट्टरपंथी बलजिंदर सिंह परवाना ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। बाबा बागेश्वर ने कहा है कि 'मेरी बातों के अर्थ का अनर्थ न निकालें।'

### सिसोदिया की याचिका पर ईडी को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा, जिसमें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने के अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया।

### पेट्रोल-डीजल निर्यात पर अप्रत्याशित कर हटाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ), कच्चे तेल के उत्पादों, पेट्रोल और डीजल उत्पादों पर लगने वाले अप्रत्याशित कर को खत्म कर दिया। यह कदम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पुलिस आवासों के लिए 13 करोड़ की पहली किस्त मंजूर -पेज 2
- विवाद के बाद मरीजों के लिए खुला चैरिटेबल अस्पताल भोटा -पेज 3
- नगर निगम में शामिल होने पर लोगों ने जताया विरोध -पेज 6
- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब -पेज 13
- सिराज ने फॉर्म में वापसी का श्रेय जसप्रीत बुमराह को दिया -पेज 14


# सुक्खू सरकार ने ढली को दी सौगातें

## बस स्टैंड का लोकार्पण, सब्जी मंडी का शिलान्यास और निशाने पर विपक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के ढली में बने इंटरस्टेट बस स्टैंड के लोकार्पण और 36 करोड़ की लागत से बनने जा रही मॉडर्न सब्जी मंडी के शिलान्यास के मौके पर विपक्षी भाजपा पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर मंडी का आधुनिकीकरण कार्य शुरू हो जाएगा और 18 महीने में इसका कार्य पूरा होगा। शिमला में सीए स्टोर का निर्माण भी किया जाएगा।

उन्होंने ढली में नई पार्किंग बनाने का आश्वासन भी दिया। सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कई सड़कों को स्वीकृति नहीं दी, जबकि वर्तमान सरकार ने सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी है। परवाणू-शिमला नेशनल हाईवे को दो साल में ढली तक फोरलेन बनाने का प्रयास किया जाएगा।

राज्य सरकार एशिया के सबसे ऊंचे पुल का निर्माण करेगी। वहीं, कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर स्थान का चयन कर बहुउद्देश्यीय मंडी तैयार करने पर विचार कर रही है।

**बोले- शिमला में भी सीए स्टोर का होगा निर्माण**



ढली में 36 करोड़ रुपए की लागत से सब्जी मंडी के आधुनिकीकरण कार्य की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### सामुदायिक केंद्र समिट्री संजौली और पार्किंग का किया लोकार्पण

**सीएम** सुक्खू ने 1.65 करोड़ रुपए की लागत से बने सामुदायिक केंद्र समिट्री संजौली और पार्किंग सुविधा का भी लोकार्पण किया। ढली में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई कदम उठा रही है। हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां दूध पर समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। राज्य सरकार गाय का दूध 45 रुपए और भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर के दाम पर खरीद रही है। आपदा में प्रदेश को 10 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, लेकिन केंद्र सरकार ने राज्य की कोई मदद नहीं की। प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से 4,500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज दिया और लोगों को राहत देने के लिए नियमों में बदलाव कर नुकसान पर मिलने वाली मुआवजा राशि को 1.50 लाख रुपए से बढ़ाकर सात लाख रुपए किया है। सरकार ने सेब का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी 1.50 रुपए बढ़ाया है। मंडी मध्यस्थता योजना के तहत 153 करोड़ रुपए जारी कर किसानों की बकाया राशि का भुगतान किया है।

### सुक्खू बोले- डबल इंजन सरकार ने जनता को दिया धोखा

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने डबल इंजन की सरकार के नाम पर प्रदेश की जनता को धोखा दिया। महज चुनाव जीतने के उद्देश्य से 5,000 करोड़ रुपए की रेवड़ियां बांटीं, लेकिन प्रदेश की जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया। उन्होंने कहा कि जल्द हिमाचल में 300 नई इलेक्ट्रिक बसें से आने वाली हैं और यह सड़कों पर दौड़ती हुई नजर आएंगी। निगम को 250 डीजल बसें मिल चुकी हैं।

### पूर्व भाजपा सरकार ने रेवड़ियां बांटी, फिर भी जनता ने कांग्रेस को चुना

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व बीजेपी सरकार ने 5 हजार करोड़ की रेवड़ियां बांटीं, फिर भी जनता ने कांग्रेस को चुना है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनाव से ठीक पहले बड़े प्रोजेक्ट का शिलान्यास करके छोड़ दिया गया। भाजपा ने प्रोजेक्ट के लिए बजट का प्रावधान नहीं किया था। कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद इन्हें पूरा किया है। ढली बस स्टैंड की तरह ही ठियोग बस स्टैंड में भी अधूरा काम छोड़ दिया था। इन कामों को कांग्रेस सरकार पूरा करवा रही है। सुक्खू ने शिमला में 13.25 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित ढली बस अड्डे को जनता को समर्पित किया और इसका निरीक्षण भी किया। सुक्खू ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने बीते और इस वर्ष 5-5 करोड़ रुपए जारी कर 13 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण कार्य पूरा करवाया। यहां 24 करोड़ की लागत से एचआरटीसी की एक आधुनिक वर्कशॉप भी बनाई जा रही है, जिसका कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक हरीश जनारथा, वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची और मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान आदि भी मौजूद रहे।

# लोकसभा में हंगामे के बीच तटीय पोत परिवहन विधेयक पेश

- अडानी और संभल मुद्दे पर विपक्ष का जोरदार हंगामा
- लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** के शीतकालीन सत्र का पांचवां दिन भी बर्बाद हो गया। सोमवार को कार्यवाही शुरू होने के साथ ही विपक्षी सांसदों ने अपनी-अपनी मांगों को लेकर हंगामा शुरू कर दिया, जिस वजह से मंगलवार तक के लिए कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सदस्य अडानी समूह से जुड़े मुद्दे और संभल हिंसा से संबंधित मुद्दे को उठाने की कोशिश कर रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे।

वहीं, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच तटीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य वाला विधेयक पेश किया। विधेयक में भारतीय जहाजों के अलावा बिना लाइसेंस के तटीय जल में व्यापार करने पर बैन लगाने और अंतर्देशीय जहाजों को कुछ शर्तों के साथ तटीय व्यापार में संलग्न होने की अनुमति देने का प्रावधान प्रस्तावित है।

### लोकसभा स्पीकर के साथ पक्ष-विपक्ष की बैठक, गतिरोध खत्म

**लोकसभा** स्पीकर ओम बिरला के साथ पक्ष और विपक्ष के फ्लोर लीडर्स की मीटिंग हुई। इसमें तय हुआ कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों को ठीक से चलाया जाएगा। विपक्ष के नेताओं ने कुछ मांगें रखी, जिसे मान लिया गया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन नहीं चलना और जनता के पैसों का नुकसान होना, यह ठीक नहीं है। सबने इस बात को माना है। 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर लोकसभा में चर्चा करेंगे और 16-17 को राज्यसभा में चर्चा होगी। मंगलवार को हम सदनों में पहला बिल पास करेंगे।

**13 और 14 को संविधान पर होगी चर्चा**

# बरोटीवाला में गैस सिलेंडर फटने से बच्ची की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**औद्योगिक** क्षेत्र बरोटीवाला में किराए के मकान में गैस सिलेंडर फटने से 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालागढ़ भेज दिया है।

भटोलीकलां स्थित किराये के मकान में सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे गैस लीक होने से जोरदार धमाका हुआ। पवन अपनी पत्नी, दो बेटियों और भाई कमलेश के साथ किराये के मकान में रहता था। पवन की पत्नी रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान वह रसोई से बाहर निकली, तभी विस्फोट हो गया। पवन ने अपनी 4 वर्षीय बेटी



पलक को बचा लिया, लेकिन ब्लास्ट से दीवार का मलबा चाहत पर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पवन और उसका भाई कमलेश भी गंभीर रूप से झुलस गए। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया और फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है।

# किसानों ने दिल्ली कूच पर लगाई ब्रेक

## 7 दिन का दिया अल्टीमेटम, दलित प्रेरणा स्थल में डाला डेरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** किसान यूनियन (बीकेयू) के तत्वावधान में कई किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने के लिए नोएडा के महामाया फ्लाईओवर पर एकत्रित हुए हैं। इस कारण दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर सुबह से ही लंबा जाम लग गया।

हालांकि, किसानों को दिल्ली जाने से रोक दिया गया है। दलित प्रेरणा स्थल से पुलिस ने बैरिकेड्स भी हटा दिए हैं, जिसके बाद यातायात शुरू हो गया है। जाम की स्थिति अभी भी बनी हुई है। हालांकि, इस आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। किसानों ने सभी प्राधिकरण और जिला प्रशासन को सात दिन का समय दिया है। इस दौरान किसान दलित प्रेरणा



स्थल के अंदर ही रुकेंगे, अगर एक हफ्ते के अंदर मांगें नहीं मानी गई तो 'दिल्ली कूच' आंदोलन फिर से करेंगे।

**टिकैत बोले- समाधान दिल्ली से ही निकलेगा :** किसानों के दिल्ली चलो मार्च पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को महामाया फ्लाईओवर पर रोका गया है। किसान दिल्ली की ओर जाना चाहते हैं, क्योंकि समाधान दिल्ली से ही निकलेगा।

### सुप्रीम कोर्ट की किसान नेताओं को हिदायत, लोगों को न हो कोई परेशानी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसान नेताओं से कहा कि विरोध-प्रदर्शन के दौरान लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। वे प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित न करने और लोगों को असुविधा न पहुंचाने के लिए मनाएं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की सदस्यता वाली पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने कहा कि हमने देखा कि उन्हें (डल्लेवाल) रिहा कर दिया गया है और उन्होंने शनिवार को एक साथी प्रदर्शनकारी को भी आमरण अनशन समाप्त करने के लिए राजी किया है। किसानों की ओर से उठाए गए मुद्दों को अदालत ने नोट कर लिया है और इन पर विचार किया जा रहा है।

### दिल्ली प्रदूषण, 5 तक लागू रहेंगी ग्रैप-4 पाबंदियां: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रदूषण के स्तर में कमी आती है, तो ग्रैप-4 के क्लॉज 5 और 8 को हटाने पर विचार कर सकते हैं। दिल्ली में प्रदूषण को लेकर लगी पाबंदियां अभी जारी रहेंगी। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इसे 5 दिसंबर तक बढ़ा दिया। कोर्ट ने चार राज्यों के ढुलमुय रवैये पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि अगले तीन दिनों में एक्यूआई लेवल में गिरावट देखने के बाद ही ग्रैप-4 पाबंदियों में ढील दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने 18 नवंबर से ग्रैप-4 की पाबंदियां लगाई हैं। कोर्ट ने दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी सरकार के चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि ग्रैप-4 पाबंदियां लागू होने के बाद कितने कंस्ट्रक्शन मजदूरों को कितना भुगतान किया। 5 दिसंबर को वे सुनवाई में मौजूद रहें।

- 4 राज्यों के ढुलमुल रवैये पर जताई नाराजगी
- चीफ सेक्रेटरी से पूछा- कितने कंस्ट्रक्शन मजदूरों को मुआवजा दिया इसका सबूत दें

### फेंगल तूफान का कहर: तरुवन्नामलाई में भू-स्खलन, 7 लापता

# तमिलनाडु के विल्लुपुरम में बाढ़, रेल सेवा ठप

**एजेंसी, चेन्नई**



**बंगाल** की खाड़ी से उठे फेंगल तूफान के असर के चलते सोमवार को केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र में भारी बारिश हो रही है। तूफान 30 नवंबर को पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया था। तूफान अब केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पहुंच गया है।

तमिलनाडु में तिरुवन्नामलाई में पहाड़ी पर भू-स्खलन हुआ। लगभग 40 टन वजनी चट्टान पहाड़ से लुढ़ककर वीयूसी नगर की सड़क पर बने घरों पर गिरी, जिससे 2 घर जमींदोज हो गए। 7 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। वहीं, तमिलनाडु का विल्लुपुरम जिला अभूतपूर्व बाढ़ से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को क्षेत्र का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। विल्लुपुरम से होकर गुजरने वाली सभी रेल सेवाओं के अस्थायी रूप से निलंबित हो जाने से सैकड़ों यात्री प्रभावित हुए विल्लुपुरम और उसके आसपास के प्रमुख चेन्नई-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

**सीएम स्टालिन ने लिया जायजा**

### गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान मची भगदड़, 56 की मौत

**कोनाक्री (गिनी)।** दक्षिणी गिनी के एक फुटबॉल स्टेडियम में प्रशंसकों के बीच झड़प के बाद मची भगदड़ में 56 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। गिनी के संचार मंत्री फना सौमाह ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए बयान में कहा कि अधिकारी रविवार को हुई भगदड़ की इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शहर एनजेराकोरे में खेले जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच के दौरान दोनों टीमों के फैंस के बीच टकराव हो गया, जिसके कारण स्टेडियम में भगदड़ मच गई। दर्जनों लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई सेंथिल बालाजी को फटकार कहा- जमानत मिलते ही आपको मंत्री बना दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार में मंत्री सेंथिल बालाजी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर हैरानी हुई कि सेंथिल बालाजी को कैश-फॉर-जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत मिलने के तुरंत बाद तमिलनाडु सरकार में मंत्री बना दिया गया। जस्टिस अभय एस ओका की पीठ ने कहा कि हम जमानत देते हैं और अगले दिन आप जाकर मंत्री बन जाते हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि सीनियर कैबिनेट मिनिस्टर के तौर पर आपके पद के कारण गवाह दबाव में होंगे। यह क्या हो रहा है?






# 26 राफेल मरीन और तीन पनडुब्बियों की डील अगले माह: नौसेना प्रमुख

## कहा- चीन कर रहा पाकिस्तान की मदद, लेकिन हम भी हैं तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**फ्रांस** के साथ भारत की 26 राफेल-एम (मरीन) विमानों की डील अंतिम स्तर पर है। फ्रांस से खरीदे जाने वाले यह नेवी वैरिएंट के राफेल विमान भारतीय नेवी के बेड़े में शामिल होने हैं। इतना ही नहीं भारतीय नौसेना के लिए 3 स्कॉर्पीन सबमरीन की डील भी अंतिम चरण में है।

अगले माह यह सौदा तय कर लिया जाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नई दिल्ली में बताया कि आने वाले 10 साल के भीतर भारतीय नौसेना को



**हर महीने नौसेना में एक जहाज होगा शामिल**

कुल 96 जहाज और पनडुब्बियां मिलने जा रही हैं। नौसेना के कई जहाज और एक पनडुब्बी फिलहाल निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष से लगभग हर महीने भारतीय नौसेना में एक नया जहाज शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान की नौसेनाओं की गतिविधियों पर करीबी नजर रखी जा रही है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हमें पाकिस्तान की नौसेना की अचानक बढ़ रही शक्ति के विषय में जानकारी है। पाकिस्तानी नेवी 50 जहाजों वाली नौसेना बनने की तैयारी में है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात को देखते हुए कहा कि उन्होंने अपने लोगों की भलाई के बजाए हथियार चुने हैं। इसके साथ ही भारतीय नौसेना प्रमुख का कहना कि समुद्री जहाजों के निर्माण में चीन पाकिस्तान की मदद कर रहा है, लेकिन हम भी तैयार हैं।

# सीतारमण व रूपाणी की मौजूदगी में तय होगा महाराष्ट्र का सीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**महाराष्ट्र** विधानसभा का रिजल्ट आने के 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है। महायुति यानी भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी में एक सीएम और दो डिप्टी सीएम का फॉर्मूला तय किया है।

**दोनों को नियुक्त किया पर्यवेक्षक**

भाजपा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को पर्यवेक्षक बनाया है। विजय रूपाणी मंगलवार को मुंबई पहुंचेंगे, जबकि निर्मला सीतारमण 4 दिसंबर को सुबह मुंबई पहुंचेंगी। चार दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, इसमें सीएम का नाम तय होगा।



### शिंदे पड़े बीमार, महायुति नेताओं की बैठक स्थगित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे फिर से बीमार पड़ गए हैं। शिंदे की तबीयत बिगड़ने के बाद महायुति के नेताओं की तमाम बैठकें मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी हैं। शिंदे रविवार को सतारा से लौटकर पहले ठाणे पहुंचे थे। इसके बाद वह शाम को मुंबई आए थे। सीएम शिंदे को जुकाम के साथ बुखार होने पर डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी थी।

## न्यूज ब्रीफ

### जनवरी में होगी फ्रेंड्ज क्लब की सिल्वर जुबली क्रिकेट स्पर्धा



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** फ्रेंड्ज स्पोर्ट्स क्लब नेरवा द्वारा करीब पच्चीस वर्ष पूर्व शुरू की गई एक साधारण सी क्रिकेट प्रतियोगिता आज जिला शिमला ही नहीं जिला सिरमौर व सोलन के आलावा अन्य राज्यों में भी अपनी एक विशेष पहचान बना चुकी है। जनवरी 2025 में इस प्रतियोगिता का पच्चीसवां यानी सिल्वर जुबली संस्करण आयोजित किया जाएगा। फ्रेंड्ज क्लब स्पर्धा के 25 साल के इस सफर को भव्य रूप देकर यादगार बनाने की योजना पर कार्य कर रहा है। अपनी इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए क्लब द्वारा 8 दिसंबर को एक महत्त्वपूर्ण बैठक नेरवा के कॉलेज ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। क्लब के महासचिव जय लाल जलपाईक ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियों के लेकर कॉलेज ग्राउंड नेरवा में 8 दिसंबर को 11 बजे फ्रेंड्ज क्लब नेरवा एक बैठक क्लब के अध्यक्ष सतीश जस्टा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

### रेड रिबन क्लब ने चलाया एचआईवी जागरूकता अभियान




**दशमी रावत, रोहड़ू।** रेड रिबन क्लब, राजकीय महाविद्यालय सीमा की ओर से विश्व एड्स दिवस जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्राचार्य डॉ. ललिता रावत और नोडल अधिकारी रेड रिबन क्लब सीमा डॉ. रवि किरण शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है, जिसमें एचआईवी एड्स पर नारा लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, मानव चेन, रेड रिबन पिनिंग, रील मेकिंग प्रतियोगिता, पीयर एजुकेशन इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 26 नवंबर से लेकर 15 दिसंबर तक चलाया जा रहा है।

### किसान कांग्रेस रोहड़ू ने जताया मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहड़ू के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में 29.22 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोर एवं 20.93 करोड़ की लागत से रंग वर्गीकरण इकाई का लोकार्पण किया गया। यह परियोजना हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना के अंतर्गत स्थापित की गई है। इस ऐतिहासिक तोहफे के लिए किसान कांग्रेस रोहड़ू ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, रोहड़ू के लोकप्रिय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा का हार्दिक आभार व्यक्त किया हैं। उनके निरंतर प्रयासों और सहयोग से यह परियोजना संभव हो पाई है। किसान कांग्रेस रोहड़ू के अध्यक्ष राज यशवंत मच्छान ने बताया कि यह परियोजना सेब उत्पादकों की आय में सुधार लाने और हिमाचल के सेब उद्योग को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में मनाया विश्व एड्स दिवस

**कोटखाई, भरत ठाकुर।** डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में 'विश्व एड्स दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में चमन लाल हेल्थ एजुकेटर कोटखाई उपस्थित रहे। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रोशन लाल वशिष्ट ने शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्यवक्ता ने अपने संबोधन में एचआईवी संक्रमण होने एवं इसकी रोकथाम के बारे में बच्चों को अवगत कराया। तत्पश्चात 'एड्स जागरुकता अभियान' के तहत डीएवी महाविद्यालय से कोटखाई बाजार तक रैली निकाली गई।

### छात्र आयुष ने दिया ईमानदारी का परिचय



**कोटखाई।** राजकीय प्राथमिक स्कूल कोटखाई के छात्र आयुष, जो चौथी कक्षा का छात्र है ने ईमानदारी का सबक दिया है। आयुष को स्कूल आते वक्त रास्ते में 3470 रुपए गिरे हुए मिले। इस बात की जानकारी अपने स्कूल के मुख्य अध्यापक राजीव शर्मा को दी। मात्र 3 घंटे में पता चल गया पैसे किसके हैं उन्हें पैसे आज लौटाए जाएंगे।

आईजीएमसी में लिथियो थैरेपी मशीन के बिना हो रहे ऑपरेशन, मरीज पीजीआई का कर रहे रुख

# धूल फांक रही करोड़ों की मशीन


**रविंद्र जस्टा, शिमला**

आईजीएमसी में मरीजों की सुविधा के लिए लगाई गई करीब सवा दो करोड़ की लिथियो थैरेपी मशीन इन दिनों धूल फांक रही है। जिसके चलते मरीजों को अब पीजीआई चंडीगढ़ का रुख करना पड़ रहा है। आईजीएमसी में किडनी स्टोन के ऑपरेशन के लिए यह मशीन लगाई गई है। मशीन से बिना चीर फाड़ के किडनी स्टोन का इलाज किया जाता है, लेकिन इस सुविधा से मरीज वंचित है। अब मशीन के खराब होने पर आईजीएमसी प्रशासन पर सवाल उठने शुरू हो गए है, कि इतनी महंगी मशीन खराब कैसे हो गई है।

सूत्रों के मुताबिक मशीन में सोक जेनरेटर पार्ट खराब हो गया है। इस पार्ट से लेजर बीम से आपरेशन किया जाता है। इस पार्ट से करीब 200 से 250 तक आपरेशन करने की गारंटी होती है। इस पार्ट की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपए आंकी जा रही है। अब आईजीएमसी प्रशासन ने कंपनी को इस पार्ट को ठीक करवाने के लिए कहा है। (अनंत ज्ञान)

### बीपी-शुगर से किडनी हो रही खराब

डॉक्टरों का कहना है कि बीपी व शुगर से हिमाचलियों की किडनी खराब हो रही है। आईजीएमसी में सैकड़ों मरीज बीमारी का इलाज करवाने आते हैं। हिमाचल में यह पहली मशीन आईजीएमसी में ही लगाई गई।



### पहले भी आ चुकी है समस्या

मशीन में पहले भी समस्या आ चुकी है। जब यह मशीन आईजीएमसी में लाई गई थी तो काफी दिनों तक इसमें कुछ पार्ट खराब रहे। इन्हें ठीक करवाने के लिए पहले भी इजराइल से मैकेनिक बुलाया गया था। मगर अब दोबारा से मशीन धोखा दे गई है।

### किडनी ट्रांसप्लांट भी पड़ा बंद

आईजीएमसी में सिर्फ 5 ही किडनी ट्रांसप्लांट हुए हैं। यह किडनी ट्रांसप्लांट भी दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की निगरानी में हुए है। जिन 5 मरीजों के किडनी ट्रांसप्लांट हुए है उनकी किडनी हाइपरटेंशन व शुगर की वजह से खराब हुई थी। लेकिन किडनी ट्रांसप्लांटबंद पड़ा हुआ है।

### पीजीआई में मरीजों को मिल रही लंबी डेट

**आईजीएमसी** से मरीजों को पीजीआई के लिए रेफर तो किया जा रहा है, लेकिन वहां पर भी काफी भीड़ लगी होती है ऐसे में मरीजों ऑपरेशन के लिए लंबी डेट दी जा रही है। पीजीआई जाकर मरीजों के हाल बेहाल हो रहे है। सरकार की भी एक बहुत बड़ी लापवाही सामने आ रही है। वैसे सरकार व स्वास्थ्य विभाग मरीजों को सुविधा देने के एक से बढ़कर एक दावें रहा है।

### प्रदेश में सलाना 10 फीसदी किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत

**हिमाचल** में सलाना 10 फीसदी रोगियों को किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत है, लेकिन सरकार की लापरवाही से मरीजों को परेशानी झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। प्रदेश में प्रति माह 25 हजार से ऊपर किडनी रोग के मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। किडनी रोग के मरीज कम नहीं दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है, लेकिन सरकार नैफरोलॉजी डॉक्टर के पद भरने को लेकर गंभीर नहीं है। आईजीएमसी में नैफरोलॉजी डॉक्टर की कमी है। सैकड़ों मरीज उपचार के लिए इन दिनों बाहरी राज्य में लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं।

लिथियो थैरेपी मशीन को शीघ्र ही ठीक करवाया जाएगा। हमारे अस्पताल में किडनी रोग से संबंधित काफी मरीज आते हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें नहीं आने दी जाएगी। मरीजों को पूरी सुविधा आईजीएमसी में ही मिलेगी, मरीजों को पीजीआई रेफर नहीं किया जाएगा।

-डॉ. सीता ठाकुर, प्रिंसिपल आईजीएमसी।

## आंटीगली, चौरी कॉलोनी और चामसु नाला सड़कों पर होगी मैटलिंग : रोहित

**दशमी रावत, रोहड़ू**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ सरस्वती सदन हाटकोटी में विशेष बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में क्षेत्र के कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि आंटीगली, चौरी कॉलोनी और चामसु नाला की सड़कों में टायरिंग पिछले कई सालों से नहीं हुई है। इस वजह से क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रोजेक्ट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त तीनों मार्गों पर तुरंत टायरिंग का कार्य शुरू किया जाए। इसके साथ ही इन तीनों सड़कों का रख रखाव कार्य लोक निर्माण विभाग को सौंपने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। कैबिनेट मंत्री ने विषकेल्टी में मोक्ष धाम के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्तु घाट के निर्माण कार्य को भी शीघ्र शुरू करने को कहा। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों की सुविधाएं मिलेगी।

उन्होंने लोगों और प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ चौरी कॉलोनी में डिस्पेंसरी के मामले पर रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर टायरिंग और अन्य मरम्मत कार्य करते रहे ताकि आम जनता को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### लोक निर्माण मंत्री 4 को बठोरा क्षेत्र के प्रवास पर

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 4 दिसंबर को शिमला की ग्राम पंचायत बाग के बठोरा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। लोक निर्माण मंत्री 4 दिसंबर को प्रात: 11.30 बजे बठोरा में बठोरा से पनकट तक संपर्क सड़क तथा नाबार्ड के तहत निर्मित बाग से कयालु संपर्क सड़क और बरोटा गांव के लिए सड़क का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात, वह बठोरा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## शिमला के 10 चिन्हित स्थलों पर सार्वजनिक बैठक, धरना-प्रदर्शन पर रोक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, रेंडेजवॉयस रेस्तरां से रिवोली सिनेमा तक 150 मीटर दूरी तक, स्कैंडल पॉइंट से काली बाड़ी मंदिर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से लिंक रोड छोटा शिमला कसुम्पटी रोड, छोटा शिमला चैक से राजभवन से ओक ओवर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से सट्टी सीढ़ियाँ और पैदल रास्ता जो कसुम्पटी सड़क की ओर, कार्ट रोड से मजीठा हाउस लिंक रोड तक, ए.जी. कार्यालय से कार्ट रोड, सी.पी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय से चैड़ा मैदान, उपायुक्त कार्यालय के ऊपर पुलिस गुमटी से लोअर बाजार की ओर 50 मीटर की दूरी तक सभी स्थलों पर सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है।

यह आदेश अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पुलिस, अर्धसैनिक व सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होगा। सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की तात्कालिकता और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह आदेश तत्काल प्रभाव से पारित किया गया है जो आगामी दो महीने की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। प्रतिबंधित स्थलों पर कार्यक्रमों की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करनी होगी।

### अवैध खनन रोकने के लिए सघन अभियान शुरू

**शिमला।** उद्योग विभाग ने प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सघन अभियान आरंभ किया है। निदेशक उद्योग डॉ. यूनुस ने कहा कि इस अभियान में व्यापक स्तर पर जन भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने नागरिकों से अवैध खनन गतिविधियों की जानकारी व शिकायतें सीधे उद्योग विभाग को प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि विभाग द्वारा इस संबंध में समयबद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिर्शिचत की जाएगी। अवैध खनन गतिविधियों और शिकायतों की सूचना व्हाट्सएप नंबर: 08988500249 दूरभाष नंबर 0177-2990575 के माध्यम से प्रदान की जा सकती है। अवैध खनन गतिविधियों की सूचना प्रदान कर योगदान दे सकते हैं।

## राज्यपाल और सीएम सद्भावना क्रिकेट कप प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं मुख्यमंत्री सुक्खू सद्भावना क्रिकेट कप प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता बिशप कॉटन स्कूल के प्रांगण में 7 और 8 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में हिम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा प्रारंभिक बैठक आज यहां आयोजित की गई।

बैठक को उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने संयोजित किया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार और एचएससीए के अध्यक्ष नरेश चौहान, राज्यपाल इलेवन के प्रतिनिधि विधायक हंस राज और संघ के महासचिव हरदयाल भारद्वाज उपस्थित रहे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री 7 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे।

पहला मैच 7 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे राज्यपाल इलेवन और प्रेस इलेवन के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच 8 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे मुख्यमंत्री (सीएम) इलेवन और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) इलेवन के बीच खेला जाएगा, जिसका उद्घाटन कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा। फाइनल मैच उसी दिन 8 को दोपहर 2 बजे खेला जाएगा। इसका उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया द्वारा किया जाएगा।

### प्रवासियों को पुलिस स्टेशन में पहचान और सत्यापन कराना जरूरी

**शिमला।** जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने ठेकेदार व व्यापारी जिला शिमला में आने वाले किसी भी प्रवासी मजदूर को छोटी-मोटी गैर-औपचारिक नौकरी या सेवा या अनुबंध श्रम में नहीं लगाएंगे, जब तक ऐसे प्रवासी मजदूर संबंधित स्टेशन हाउस ऑफिसर के पास जाकर पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ अपना विवरण प्रस्तुत नहीं करते हैं।

आदेशों के अनुसार शिमला जिला का दौरा करने वाला कोई भी व्यक्ति संबंधित थाना प्रभारी को इसकी जानकारी दिए बिना किसी भी प्रकार के स्वरोजगार, गैर औपचारिक व्यापार, सेवाओं में अथवा रोजगार की तलाश में संलिप्त नहीं होगा। उल्लंघन करने वाले ऐसे प्रवासी मजदूरों और उनके नियोक्ता पर कार्रवाई की जाएगी।

## झंडूता के लोगों को ही झंडूता नगर पंचायत में शामिल होने से ऐतराज

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के झंडूता को शहरी विकास विभाग ने नगर पंचायत बनाने की अधिसूचना हाल ही में जारी की है। इस पर झंडूता के ठप्पर, बैहरन गांव के बाद झंडूता के लोगों का कहना है कि उन्हें नगर पंचायत में नहीं जोड़ा जाए। उनका कहना है कि पहले ठप पड़े विकास कार्यों को सरकार करे। लोगों ने सोमवार को उपमंडलीय अधिकारी योगराज धीमान को ज्ञापन सौंपा और कहा कि वे झंडूता पंचायत में ही रहना चाहते हैं।

**ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप जताई आपत्ति**

स्थानीय लोगों ने कहा कि उनकी यह मांग नहीं मानी गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में झंडूता के लोगों ने मांग रखी है कि वे झंडूता को नगर पंचायत झंडूता के अंतर्गत लाने बारे सहमत नहीं हैं। झंडूता पंचायत के उपप्रधान राकेश कुमार ने बताया कि झंडूता के लोगों ने उपमंडलीय अधिकारी झंडूता योगराज धीमान को नगर पंचायत बनने के लिए सरकार ने जो अधिसूचना जारी की है, उसके लिए आपत्ति दर्ज करवाई है और जिलाधीश बिलासपुर को भेजी है। वे झंडूता पंचायत को नगर पंचायत झंडूता में शामिल करने के खिलाफ हैं। यहां पर जितनी भी भूमि है, वह मुस्तरीका भूमि है। अगर कल को एक हिस्सेदार ने मकान बनाना होगा तो उसे बाकी हिस्सेदारों से एनओसी लेनी होगी। वे चाहते हैं कि नगर पंचायत बनाने से पहले झंडूता पंचायत में मिनी सेटलमेंट करवाया जाए, ताकि कल को हमारे लोगों को दर-दर की ठोकरें न खानी पड़ें।

कृषि विभाग ने जिले की 230.63 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा से जोड़ा

## बिलासपुर में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 1078 किसानों को मिला 57 लाख मुआवजा : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को कृषि विभाग के तहत पिछले दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 1078 किसानों को हिमाचल प्रदेश सरकार ने राहत मैन्युअल में बदलाव करते हुए 57 लाख रुपए की राहत राशि वितरित की है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान बाढ़ से प्रभावित कृषि भूमि के लिए मात्र 1400 रुपए प्रति बीघा मुआवजा दिया जाता था। इसे वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बढ़ाकर 5000 रुपए प्रति बीघा कर दिया है। इसी प्रकार, कृषि और बागवानी योग्य भूमि को नुकसान होने पर पहले 3600 रुपए प्रति बीघा की आर्थिक मदद दी जाती थी, जिसे अब 10,000 रुपए प्रति बीघा कर दिया गया है। फसल क्षति पर मिलने वाला मुआवजा भी 300 से 500 रुपए प्रति बीघा से बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति बीघा किया गया है। मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि कृषि उपकरणों के उपयोग के दौरान किसानों के घायल होने या मृत्यु की स्थिति में मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पिछले दो वर्षों में 13 किसानों को 6.50 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है।

### सिंचाई सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार

**राजेश** धर्माणी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा लघु सिंचाई योजनाओं, जल भंडारण संरचना और टैंक निर्माण जैसे प्रयासों से 230.63 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा के तहत लाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है।

### हिम उन्नति योजना से किसानों को लाभ

**कृषि** उत्पादन बढ़ाने व फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल सरकार ने हिम उन्नति योजना शुरू की है। इस योजना के तहत जिला में 72 क्लस्टर बनाए गए हैं। प्रत्येक क्लस्टर में कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने और नई तकनीकों को अपनाने के लिए 10 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

## मंत्री ने कहलूर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में तैयारियों का लिया जायजा



सरकार के 2 वर्ष के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने कहलूर पहुंचे मंत्री धर्माणी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को बिलासपुर के कहलूर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का दौरा कर 11 दिसंबर को सरकार के 2 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए और जोर देकर कहा कि यह कार्यक्रम सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा। मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर बिलासपुर में एक ऐतिहासिक रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें हजारों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पिछले दो वर्षों उपलब्धियां बताई जाएगी। इसके

**यहां 11 को मनाया जाएगा सरकार के 2 वर्ष का जश्न**

अतिरिक्त, प्रदेश के अगले तीन वर्षों के विकास कार्यों और योजनाओं का रोडमैप भी जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश की जनता को सरकार की नीतियों और कार्यों की जानकारी मिलेगी, साथ ही आने वाले वर्षों में प्रदेश के विकास की दिशा का भी परिचय मिलेगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे मिल-जुलकर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तत्परता और समर्पण के साथ कार्य करें। मंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को और अधिक प्रभावशाली तरीके से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा और यह रैली प्रदेश की राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से एक ऐतिहासिक क्षण बनेगी।

## शिवा कॉलेज में मनाया एड्स दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शिवा बीएड कॉलेज घुमारवीं में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश जसवाल ने की। इस कार्यक्रम में शिवा बीएड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर सुनील कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी ने सभी प्रशिक्षुओं को एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस साल हम 37वां विश्व एड्स दिवस मना रहे हैं। एचआईवी पॉजिटिव का मतलब है कि जब ह्यूमन इमूनो वाइरस किसी के शरीर में प्रवेश करता है तो उसके शरीर की कीटाणुओं से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है, और धीर-धीरे बहुत सी बीमारियां लग जाती हैं। उन्होंने कहा कि एचआईवी से बचने के लिए असुरक्षित यौन संबंध से बचना चाहिए, सकर्मित सुईयों का प्रयोग ना करें,खून चढ़ाने से पहले एचआईवी की जांच करवाएं तथा गर्भवति महिला की समय पर खून की जांच करवाते रहें।

### घुमारवीं कॉलेज के 5 रोवर्स और रेंजर्स ने प्री-आरडीसी कैंप में लिया भाग



**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं के पांच रोवर्स और रेंजर्स ने प्री-आरडीसी कैंप में भाग लिया। कैंप में रेंजर रजनी और सोनिया तथा रोवर निखिल, प्रशांत और मनीष ने भी भाग लिया। यह कैंप स्टेट ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में हुआ। यह कैंप 26 नवंबर से 1 दिसंबर पांच दिन तक चला। इसमें बच्चों को परेड करवाई गई, जिसमें से कुछ बच्चों का चयन आरडीसी कैंप शिमला के लिए हुआ और बच्चों को इसमें स्काउटिंग से संबंधित जानकारी दी गई। कैंप से आने के बाद महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल, प्रो. बच्चन सिंह, प्रो.सुरेश शर्मा, प्रो. सीता राम जी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा के लिए चयन 8 को

**बिलासपुर।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में आगामी 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक केरल में 53वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल हेडाक कमेटी के चेयरमैन जसबीर बिस्ला, सदस्य स्नेहलता व सुशील कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन आगामी 8 दिसंबर को किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया बिलासपुर स्थित कहलूर खेल परिसर के हैंडबॉल मैदान में सुबह 11 बजे से होगी। चयन प्रक्रिया के बाद चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा।

### 3 महिलाओं पर लगाया मारपीट का आरोप

**बिलासपुर।** थाना कोट कहलूर के तहत आने वाले धरोट में एक महिला के साथ 3 महिलाओं द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने लखबीर कौर पत्नी कमलजीत निवासी धरोट, डाकघर लखनू तहसील श्री नयना देवी जी की शिकायत पत्र के आधार पर आरोपी महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि गत दिवस जब वह घर में मौजूद थी तो 3 महिलाएं उसके आंगन में रखी गई तूड़ी जलाने का प्रयास कर रही थीं। उसने उन्हें ऐसा करने से रोका तो आरोपी महिलाओं ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि उसके साथ मारपीट भी की। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि थाना कोट कहलूर पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

**सहूलियत** बिलासपुर जिले में पुलिस कर्मचारियों को मिलेगी बेहतरीन आवासीय सुविधा

## पुलिस आवासों के लिए 13 करोड़ की पहली किस्त मंजूर

**शुभम राही, बिलासपुर**

सदर, पुलिस लाइन और घुमारवीं में कुल 54 बेहतर आवास बनाने की कवायद आरंभ हो गई हैं। सरकार की ओर से इस कार्य के लिए साढ़े 13 करोड़ भी मंजूर हो चुके हैं। लोनिवि जल्द ही इन आवासों को बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया करने जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिला में बिलासपुर व घुमारवीं में 54 आवास बनाए जाएंगे। इसके तहत पुलिस लाइन बिलासपुर में 30 आवास बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इस पर करीब 12 करोड़ 22 लाख 93 हजार रुपए खर्च होंगे। पुलिस लाइन में आवास बनने के बाद पुलिस कर्मियों को इन्हें आवंटित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 12 आवास सदर पुलिस थाना में बनाए जाएंगे। थाना परिसर क्षेत्र में बनने वाले इन आवासों को थाने में कार्यरत पुलिस कर्मियों को आवंटित किया जाएगा।

इन आवासों पर 5 करोड़ 48 लाख 31 हजार रुपए खर्च होंगे। वहीं, पुलिस थाना घुमारवीं में भी 12 नए आवास बनाए जाने प्रस्तावित हैं। घुमारवीं में बनने वाले 5 करोड़ 91 लाख 38 हजार रुपए खर्च होंगे। बता दें कि पुलिस कर्मचारियों के लिए आवास बनाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था, जिसे सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है तथा इन आवासों को बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किया गया है। पुलिस विभाग से बजट मिलते ही लोक निर्माण विभाग द्वारा इसके टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और काम अवार्ड कर संबंधित ठेकेदार से काम शुरू करवाया जाएगा। इन नए आवासों के बनने से पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को लाभ मिलेगा। आवासों की संख्या कम होने की वजह से कई पुलिस कर्मचारी अपने परिवार के साथ निजी आवासों में भी रह रहे थे, लेकिन इन अवासों के बनने से अब पुलिस कर्मचारियों को महंगे दामों में निजी आवास लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

**सदर**, पुलिस लाइन और घुमारवीं में आवास बनाए जाएंगे। इसके लिए साढ़े 13 करोड़ रुपए पहली किस्त के रूप में मंजूर हो गए हैं। जिला में कुल 54 आवास बनाएं जाएंगे।

-संदीप धवल, एसपी बिलासपुर।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 98168-75517
सूचना
मैं विपिन कुमार पुत्र श्री सुंदर राम निवासी दधोल कला तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरा नाम राजस्व कागजात में कृष्ण चंद दर्ज है जबकि अन्य कागजात में विपिन कुमार दर्ज है। सलग्न कागजात व रिपोर्ट क्षे. अभिकरण से पाया गया कि विपिन कुमार व कृष्ण चंद एक ही व्यक्ति के दो नाम हैं। संबंधित नोट करें।







# विवाद के बाद मरीजों के लिए खुला चैरिटेबल अस्पताल भोटा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

चैरिटेबल अस्पताल भोटा के गेट सोमवार को मरीजों के लिए खोल दिए गए हैं। यहां पर कुछ एक ओपीडी में मरीजों की जांच भी की गई है। अस्पताल खुलने के पहले दिन ही काफी संख्या में मरीज उपचार करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज में पहुंचे हैं। जिन मरीजों को सर्जरी के लिए डेट दी गई थी अब व्यवस्था फिर से शुरू होने पर उन्हें अगली डेट दी गई है।

हमीरपुर-शिमला राजमार्ग पर स्थित 75 बिस्तरों वाला यह अस्पताल साल 2000 से मुफ्त उपचार मुहैया करा रहा है। जो स्टाफ यहां से दूसरी जगह ट्रांसफर कर दिया गया था, उसके भी वापस बुला लिए जाने से अब मुकम्मल तौर पर इस चैरिटेबल अस्पताल में रौनक लौट आई है।


फाइल फोटो

बता दें कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को ओकओवर, शिमला में राधा स्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा से संबंधित भूमि हस्तांतरण के मामले पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई और संशोधन विधेयक का मसौदा तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राधा स्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा को राहत प्रदान करने तथा अस्पताल को कार्यशील रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अस्पताल को कार्यशील रखना चाहती है ताकि आसपास के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धर्मशाला में 18 दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन के लिए विधेयक पेश करेगी। उन्होंने संशोधन विधेयक का मसौदा तुरंत तैयार करने तथा इसे मंत्रिमंडल की आगामी बैठक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हालांकि सरकार ने शुरू में संगठन को राहत देने के लिए अध्यादेश लाने पर विचार किया था, लेकिन विधानसभा सत्र के शीघ्र ही आयोजित होने के कारण संशोधन विधेयक पेश करना अधिक व्यवहार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चैरिटेबल अस्पताल भोटा की भूमि से संबंधित मामला करीब एक दशक से अनसुलझा है। भाजपा के कार्यकाल के दौरान भी वर्ष, 2019 में इस मामले पर चर्चा हुई थी, राधा स्वामी सत्संग ब्यास ने तत्कालीन भाजपा सरकार से राहत की मांग भी की थी।

भोटा चैरिटेबल अस्पताल बीते कई सालों से चला हुआ है। इसके दायरे में कई पंचायतों के लोग सस्ता इलाज करवाने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन पहली दिसंबर से अस्पताल के बंद होने का नोटिस लगाए जाने के बाद लोग भड़क गए जिसके बाद लोगों ने चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रदेश सरकार से डेरा ब्यास प्रबंधन की मांग मानने की अपील करते हुए. अस्पताल को सुचारु रखने की अपील की।

बता दें कि डेरा ब्यास प्रबंधन चाहता है कि वर्तमान में राधा स्वामी सत्संग ब्यास के तहत चल रहे चैरिटेबल ट्रस्ट के भोटा अस्पताल को ब्यास डेरा की ही सिस्टर कंसर्न अथवा ऑर्गेनाइजेशन महाराज जगत सिंह मेडिकल रिलीफ सोसायटी को ट्रांसफर किया जाए। इसके लिए सरकार से अनुमति लेनी होती है साथ ही लैंड सीलिंग एक्ट में बदलाव करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चूड़धार में यात्रा पर साढ़े चार माह का प्रतिबंध

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** एक दिसंबर से चूड़धार स्थित शिरगुल देवता मंदिर के कपाट बंद होने के साथ ही चूड़धार यात्रा पर भी सुरक्षा की दृष्टि से साढ़े चार महीने के लिए प्रशासनिक प्रतिबंध लग गया है। हर साल एक दिसंबर को चूड़धार में



विराजमान शिरगुल देवता मंदिर के कपाट बंद होने के साथ ही अप्रैल माह में बैसाखी पर तक चूड़धार यात्रा पर आधिकारिक तौर पर प्रतिबंध लग जाता है। दिसंबर माह में बर्फवारी की संभावनाओं को देखते हुए मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष उपमंडलाधिकारी (नागरिक) चौपाल हेम चंद वर्मा ने चूड़धार यात्रा पर प्रतिबंध संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। हेम चंद वर्मा ने कहा कि दिसंबर महीने में चूड़धार में अत्यधिक बर्फवारी के चलते जहां पारा माइनस से नीचे रहता है वहीं चूड़धार के रास्तों पर यात्रा में अत्यधिक जोखिम रहता है। पूर्व में कई बार कुछ श्रद्धालु अथवा ट्रैकर सर्दियों में चूड़धार की यात्रा कर न केवल अपने आप को मुसीबत में डाल चुके है, अपितु प्रशासन के लिए भी परेशानी का सबब बन चुके है। मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष एसडीएम चौपाल हेम चंद ने समस्त लोगों से आग्रह किया है कि अप्रैल महीने में बैसाखी वाले दिन कपाट खुलने तक चूड़धार की यात्रा से परहेज रखें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यात्रा प्रतिबंध के दौरान कोई चोरी छुपे चूड़धार की यात्रा करता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अप्रैल से दिसंबर महीने तक इन क्षेत्रों के सैंकड़ों लोग रोजाना अपने आराध्य देवता के दर्शनों हेतु पंहुचते है। मई से सितंबर तक तो रोजाना चूड़धार पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की तादाद चार से पांच हजार तक रहती है। (अनंत ज्ञान)

### महिला ने परेशान होकर राज्यपाल को लिखा पत्र

**दाड़लाघाट।** अर्की तहसील की ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव रिहाल की महिला ने राज्यपाल को पत्र लिखकर एक व्यक्ति द्वारा परेशान करने की शिकायत की है। रिहाल निवासी शीला देवी ने बताया कि रिहाल गांव के धनीराम के पुत्र प्रकाश चंद द्वारा उन्हें और उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। वह अपने बेटे रमेश चंद के साथ रहती हैं । पिछले 18 वर्षो से प्रकाश चंद ने उनका जीना हराम कर रखा है। शीला देवी ने कहा कि सरकार द्वारा बनवाया गया एक लाख तीस हजार का घर हनुमान बड़ोग पंचायत के माध्यम से बनवाया गया था, लेकिन प्रकाश चंद ने उनका घर बनता हुआ नहीं देखना चाहा। प्रकाश चंद ने कभी पुलिस तो कभी पटवारी और कभी कानूनगो द्वारा उन्हें परेशान किया। प्रकाश चंद ने गत 16 जुलाई को उनके परिवार के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शीला देवी ने राज्यपाल से प्रार्थना की है कि उनके परिवार को बेघर होने से बचाया जाए और उन्हें शासन प्रशासन से न्याय दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिलता है,तो वह और उनका बेटा आत्मदाह कर अपनी जान दे देंगे, इसके लिए प्रकाश चंद और उसका परिवार जिम्मेदार होंगे। वहीं एसडीएम अर्की यादविंदर पॉल ने कहा इस मामले की दोबारा जांच करेंगे और जो भी आवश्यक कार्रवाई होगो उसे करेंगे।

### सुजानपुर में व्यक्ति से डोडा-भुक्की बरामद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर के तहत पुलिस टीम ने गश्त व नाकाबंदी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति के घर से तलाशी के दौरान डोडा भुक्की बरामद की है। आरोपी व्यक्ति घर से डोडा-भुक्की को बेचने का धंधा करता था। पुलिस ने उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 461 ग्राम डोडा,-भुक्की बरामद की। इस बारे में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि सुजानपुर थाना में मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### कुल्लू पुलिस ने शराब माफिया पर कसा शिकंजा

**कुल्लू/पतलीकूहल/आनी।** पुलिस द्वारा जिले में तीन अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर अवैध शराब तस्करों पर कार्रवाई अमल में लाई है। पुलिस थाना कुल्लू, निरमंड



व पतलीकूहल में आबकारी अधिनियम के तहत कुल तीन अभियोग पंजीकृत हुए हैं, जिसमें पहले मामले में पुलिस थाना कुल्लू की टीम ने गश्त के दौरान पिरडी में खीम सिंह निवासी पिरडी डाकघर मौहल जिला कुल्लू के कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की। दूसरे मामले में पुलिस थाना निरमंड की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर निरमंड बाजार में एक ढाबे की तलाशी के दौरान 6 बोतलें देसी शराब बरामद की है। तीसरे मामले में पुलिस थाना पतलीकूहल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पनगां रोड पर एक ढाबा की तलाशी के दौरान 2 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इस मामले में एक महिला के खिलाफ थाना पतलीकूहल में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉक्टर कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने इन तीनों मामलों की पुष्टि की है।

# एचआरटीसी को 250 डीजल बसें खरीदने की मिली मंजूरी : अग्निहोत्री

## ढली बस स्टैंड में लोकार्पण पर कहा-300 इलेक्ट्रिक बसें भी जल्द सड़कों पर दौड़ेंगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नवनिर्मित ढली बस अड्डे का लोकार्पण के अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार ने बस अड्डे के निर्माण के लिए लगभग 17 करोड़ रुपए की अनुमानित स्वीकृति प्रदान की थी तथा लगभग 13.25 करोड़ रुपए से पूरा कर लिया गया है। इससे लगभग 3.75 करोड़ रुपए की धनराशि की बचत हुई है।

उन्होंने कहा कि बस स्टैंड परिसर में 13 दुकानें, कांफ्रेंस हाल, रेस्ट रूम, टिकट काउंटर, शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष, एक्टिविटी रूम, कैंटीन जैसी सुविधाएं लोगों को उपलब्ध होंगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अभी हाल ही में 250 डीजल बसों की खरीद की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह बसें एक या डेढ माह के भीतर हिमाचल पथ परिवहन निगम के बेड़े में शामिल की जाएंगी। उन्होंने कहा कि 300 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा इलेक्ट्रिक स्टेशनों व वर्कशाप के लिए लगभग 110 करोड़ रुपए प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम बस अड्डों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है तथा निगम स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है। निगम के कर्मचारियों और पेंशनरों की सभी वित्तीय अदायगियों को हर महीने समय पर पूरा किया जा रहा है।


शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बस अड्डे के साथ ही निगम की पुरानी कार्यशाला के जीर्णोद्धार कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा। इसके प्रथम चरण के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याण को प्राथमिकता प्रदान कर रही है और हिमाचल को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और वर्ष 2032 तक समृद्धशाली राज्य बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान अनेक ठोस निर्णय लिए हैं।

**कहा-प्रदेश हित में लिए निर्णयों से आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य की ओर अग्रसर हिमाचल**

उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाए प्रदेश की विकासात्मक योजनाओं में अड़ंगे डालने का कार्य कर रहा है। भाजपा जनता के कल्याण के लिए क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करने का कार्य कर रही है।

# भाजपा सरकार के कामों का फीता काट रहे सुक्खू : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**जो काम दो साल पहले शुरू होना था, उसका सिर्फ फीता काट रहे मुख्यमंत्री**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा पहले मुख्यमंत्री को पूर्व सरकार द्वारा खोले गए कार्यरत संस्थानों को बंद करने का भूत सवार था। अब मुख्यमंत्री को पहले से लोकार्पित हो चुके या शिलान्यास किए जा चुके परियोजनाओं के फीते बार-बार काटने का भूत सवार हुआ है।



ऐसा प्रदेश में पहली बार हो रहा है जब सरकार किसी भी प्रोजेक्ट में बिना एक पैसे का योगदान किए बार-बार सिर्फ शिलान्यास, भूमिपूजन, लोकार्पण और फंक्शनल होने के नाम पर फीता काटे और आम आदमी के टैक्स के लाखों रुपए बर्बाद करे, लेकिन इस सरकार में ऐसा हो रहा है। आईजीएमसी का ट्रामा सेंटर भी इसका एक उदाहरण है, जहां पर सरकार ने एक पाई नहीं लगाई, लेकिन कभी भवन के लोकार्पण के नाम पर फीता काटा तो कभी ट्रॉमा सेंटर के फंक्शनल होने के नाम पर फीता काटा। सबसे हास्यास्पद बात यह है कि बिना फंक्शनल हुए ही ट्रॉमा सेंटर में पैरामेडिकल, सिक्योरिटी और सैनिटेशनल स्टॉफ की नियुक्ति करके करोड़ों का घोटाला किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व सरकार के समय शिलान्यास की जा चुकी सब्जी मंडी के विस्तारीकरण का फिर से फीता काट रहे हैं। इस मंडी के विस्तारीकरण का शिलान्यास करने के साथ-साथ हमारी सरकार द्वारा इसकी डीपीआर तैयार की गई थी, एनजीटी द्वारा छूट दिलवाई गई थी। एनजीटी से छूट मिलने के बाद प्रोजेक्ट को तकनीकी स्वीकृति के लिए भेज दी गई थी। इसके बाद आचार संहिता लगने की वजह से काम वहीं रुक गया।

सरकार में आने के बाद मुख्यमंत्री को एक काम प्राथमिकता के आधार पर शुरू करवाना था क्योंकि इसके लिए किसी प्रकार की कोई अड़चन शेष नहीं रह गई थी, लेकिन 2 साल बीतने के बाद सरकार को इस मंडी की याद आई।

# पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए पर्यटन विकास निगम कर रहा कोशिश : बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में करसोग स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग की उपाध्यक्ष और पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री रैंक रघुबीर सिंह बाली बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे।

बाली ने कहा कि वह यहां वे कैबिनेट रैंक मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि बड़े भाई के तौर पर आए हैं। हिमाचल प्रदेश की संस्कृति है और करसोग स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने इसे आज दर्शाने का काम किया है। वे इस तरह के आयोजन के लिए उन्हें बधाई देना चाहते हैं और भविष्य में भी इस तरह की आयोजन करते रहे ऐसी कामना की।

कार्यक्रम खत्म होने के बाद रघुबीर सिंह बाली ने मीडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को बैठक की थी। इस बैठक में कांगड़ा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं मंत्रिमंडल विस्तार से जुड़े सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बैठक में कोई चर्चा नहीं हुई है। यह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह और कांग्रेस केंद्रीय आलाकमान का विशेष अधिकार है।

हिमाचल प्रदेश में पर्यटन सीजन को लेकर उन्होंने कहा कि हिमाचल में पर्यटकों की आमद बढ़ने के लिए पर्यटन विकास निगम कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों का आकर्षित करने के लिए विभिन्न ऑफर भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से कैबिनेट रैंक के साथ पर्यटन निगम के अध्यक्ष बने हैं, तब से निगम की कमाई में भी बढ़ोतरी हुई है। आने वाले वक्त में भी इसी तरह की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के लाहौल-स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा व कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज व कल हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

प्रदेश के अन्य जिलों में आगामी सात दिनों तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। 4 दिसंबर से सभी भागों में मौसम साफ रहने की संभावना है। उधर, मनाली-लेह नेशनल हाईवे-03 पर दारचा-सरचू के बीच हुई ताजा बर्फबारी और सड़क पर ब्लैक आइस जमने के कारण इस मार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

लाहौल को स्पीति से जोड़ने वाली कोकसर-लोसर सड़क को भी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि, दारचा-शिंकुला सड़क में वाहनों की आवाजाही का समय दोनों ओर से सुबह 10:00 बजे से दोपहर बाद 1:00 बजे के बीच निर्धारित किया गया है।

# पार्षदों को भरोसे में लेकर कार्य करने की रूपरेखा बनाएं : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के अधिकरियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वेज कंपनी के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। बैठक में दवाडा, शकरोड़ी और डुम्मी परियोजना के कार्य को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने अवगत करवाया कि शकरोड़ी परियोजना का सिविल कार्य और वाटर पंप का निरीक्षण कार्य पूरा हो चुका है।

दवाडा परियोजना का वाटर टैंक का निर्माण कार्य प्रगति पर है। डुम्मी स्टेज-3 परियोजना के वाटर टैंक, पंप हाऊस और स्टाफ क्वार्टर का 90 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। बैठक में अवगत करवाया गया कि पीटरहॉफ टैंक का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा कर लिया गया है।

बैठक में स्वेज कंपनी के प्रतिनिधियों ने शहर में पेयजल



आपूर्ति करने को लेकर विस्तार से प्रस्तुति दी। विक्रमादित्य सिंह ने कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि शहर के पार्षदों, लोगों और स्थानीय विधायक को विश्वास में लेकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कंपनी के कर्मचारी पार्षदों के साथ हर वार्ड में जाएं और स्थानीय लोगों की शंकाओं को मद्देनजर रखते हुए आगे के कार्य की रूपरेखा बनाई जाए। वि, मादित्य सिंह ने कहा कि शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड हर माह एक रिपोर्ट सौंपना सुनिर्शिचत करे जिसमें शहर में पेयजल योजना के कार्य का हर अपडेट दिया जाए।

उन्होंने सर्वे रिपोर्ट भी जमा करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक हरीश जनारथा, शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक राजेश कश्यप, प्रबंध निदेशक वीरेंद्र ठाकुर और सहायक महाप्रबंधक पीपी शर्मा मौजूद रहे।

# जेपी नड्डा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 'धार्मिक अनुष्ठान' का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को पार्टी की सदर मंडल इकाई के तत्वावधान में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान व सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर समेत कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



हवन-यज्ञ में आहुतियां डालकर नड्डा की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करने के साथ ही हलवा भी वितरित किया गया। उसके बाद बिलासपुर अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित करके उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और राज्यसभा के नेता भी हैं। पूर्व में वह तीन बार बिलासपुर सदर का विधायक रहने के साथ ही दो बार केबिनेट मंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं।

वह बिलासपुर जिला के रहने वाले हैं। ऐसे में उनका इतने महत्वपूर्ण ओहदों पर होना इस जिला, विशेष तौर पर सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

मोदी सरकार में पहली बार स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए उन्होंने आयुष्मान भारत जैसी महत्वपूर्ण योजना शुरू की थी, जिससे करोड़ों देशवासी लाभांवित हो रहे हैं। अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपनी दूसरी पारी में उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को इस योजना के दायरे में लाकर उन्हें 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा दी है।

**शीतकालीन सत्र** | **प्रबंधों तथा तैयारियों की समीक्षा बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा-**

# सुरक्षा में नहीं बरती जाएगी कोई कोताही: कुलदीप पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तपोवन में शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी तथा सीसीटीवी तथा ड्रोन कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। सत्र के दौरान तपोवन विधान सभा भवन तथा परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

सुरक्षा पूर्व की भांति चाक चैबंद रहेगी। हिमाचल प्रदेश सरकार तथा विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को जारी किए गए शासकीय पास प्रमुखता से प्रदर्शित करने होंगे ताकि सुरक्षा कर्मियों को फ्रिस्किंग की कम से कम आवश्यकता रहे। सोमवार को तपोवन विधानसभा भवन में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शीतकालीन सत्र के प्रबंधों तथा तैयारियों की समीक्षा



बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधान सभा का 7वां सत्र 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में कुल 4 बैठकें होगी। सत्र की अधिसूचना जारी होने के साथ ही माननीय सदस्यों से प्रश्नों से संबंधित सूचनाएं विधान सभा सचिवालय को आनी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन जिलाधीश कांगडा की अध्यक्षता में पहले भी बैठके कर चुका है लेकिन सत्र के दृष्टिगत आज उनकी अध्यक्षता में पहली बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें जिला प्रशासन के हर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

तपोवन भवन में मुरम्मत तथा साफ- सफाई का कार्य समय रहते पूर्ण किया जाएगा। सत्र में भाग लेने आ रहे पक्ष तथा प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों की ठहरने की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। विधान सभा भवन के अंदर मोबाईल, लैपटॉप तथा अन्य इलैक्ट्रॉनिक वस्तु के ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। तपोवन विधान सभा भवन तथा परिसर को कृत्रिम दुधिया रोशनी से सुसज्जित किया जाएगा।

जिलाधीश कांगड़ा, पुलिस अधीक्षक कांगड़ा, उप-निदेशक पर्यटन, महाप्रबंधक दूर संचार धर्मशाला, मुख्य चिकित्सक अधिकारी धर्मशाला, आयुक्त नगर निगम धर्मशाला, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग, अधिशाषी अभियंता विद्युत, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण (विद्युत), उप निदेशक जन संपर्क विभाग धर्मशाला तथा क्षेत्रिय प्रबंधक पथ परिवहन निगम धर्मशाला को सत्र से संबंधित कार्य समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

अथ व्यवस्थितान्दृष्ट्वा धार्तराष्ट्रान् कपिध्वजः।
प्रवृत्ते शस्त्रसम्पाते धनुरुद्यम्य पाण्डवः॥
हृषीकेशं तदा वाक्यमिदमाह महीपते। अर्जुन उवाच, सेनयोरुभयोर्मध्ये रथं स्थापय मेऽच्युत॥

**भावार्थः** हे राजन! इसके बाद कपिध्वज अर्जुन ने मोर्चा बांधकर डटे हुए धृतराष्ट्र-संबंधियों को देखकर, उस शस्त्र चलने की तैयारी के समय धनुष उठाकर हृषीकेश श्रीकृष्ण महाराज से यह वचन कहा- हे अच्युत! मेरे रथ को दोनों सेनाओं के बीच में खड़ा कीजिए॥



# प्रयागराज महाकुंभ मेला

## आयोजन के लिए योगी सरकार की खास तैयारियां


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ मेले का लोगो जारी करते हुए।

**संगम नगरी प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर 12 बरसों के बाद 13 जनवरी से 26 फरवरी तक लगने वाले महाकुंभ मेले को लेकर उत्साह और तैयारियां चरम पर हैं। यह धार्मिक आयोजन दुनिया की सबसे बड़ी तीर्थ यात्रा मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र जल में डुबकी लगाने से सभी पाप धुल जाते हैं, धरती पर पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति मिलेगी और मोक्ष मिलता है।**

### कुंभ का इतिहास

**कुंभ** का इतिहास और उसकी महता के बारे में कंद पुराण और वाल्मीकि रामा यण में उलेख मिलता है। कुंभ मेले की शुरुआत की कहानी पौराणिक कथाओं में समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हुई, जिसके के अनुसार जब देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया तो उस मंथन से अमृत का घट निकला। अमृत को पाने के लिए देवताओं और असुरों के बीच युद्ध छिड़ गया, जिसके चलते भगवान विष्णु ने अपने वाहन गरुड़ को अमृत के घड़े की सुरक्षा का काम सौंप दिया। गरुड़ जब अमृत को लेकर उड़ रहे थे, तब अमृत की कुछ बूंदें चार स्थानों हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज में गिरी जो कि अमरता का अमृत थीं। तभी से हर 12 वर्ष बाद इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। माना जाता है कि पहले कुंभ का आयोजन राजा हर्षवन के शासनकाल में 664 ईसा पूर्व में किया गया था, जिसका उल्लेख चीनी यात्री हुएगसांग ने अपनी यात्रा विवरण में किया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बृहस्पति के कुंभ राशि में और सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने पर हरिद्वार में गंगा के किनारे पर कुंभ का आयोजन किया जाता है, जबकि बृहस्पति के मेष राशि में प्रवेश होने तथा सूर्य और चंद्र के मकर राशि में होने पर अमावस्य के दिन प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर कुंभ का आयोजन किया जाता है। तीसरा कुंभ बृहस्पति एवं सूर्य के सिंह राशि में आने पर नासिक में गोदावरी के किनारे पर कुंभ का आयोजन होता है। बृहस्पति के सिंह राशि में तथा सूर्य के मेष राशि में प्रवेश होने पर उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर कुंभ का आयोजन होता है।


डॉक्टर गिरधारी लाल महाजन
स्वतंत्र लेखक व पत्रकार



### 13 जनवरी को शुरू होने वाले महाकुंभ में पहला स्नान

**प्रयागराज** में महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी, 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ होगी और इसका समापन 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ होगा। महाकुंभ का पहला स्नान 13 जनवरी 2025, दिन सोमवार, पौष पूर्णिमा से शुरू होगा। पौष पूर्णिमा पर्व का विशेश महत्व शास्त्रों में वर्णित है। इस दिन से माघ मास के पवित्र स्नान का सुभारंभ होता है। संगम के पवित्र जल में प्राणदायिनी शक्ति विद्यमान है। महाकुंभ का दूसरा स्नान 14 जनवरी 2025, मंगलवार के दिन मकरसक्रांति के पावन पर्व पर आयोजित किया जाएगा। सूर्य के राशि परिवर्तन कर मकर राशि में प्रवेश का उत्सव मकर संक्रांति है। धर्मषास्त्रों के अनुसार इस दिन स्नान, पुण्य, दान, जप, धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। महाकुंभ का तीसरा स्नान 29 जनवरी दिन बुधवार, मौनी अमावस्या माघमास में होगा। मौनी अमावस्या माघ के महीने का सबसे बड़ा स्नान पर्व है। मौनी अमावस्या का स्नान अन्य सभी स्नान पर्वों में सर्वोत्तम कहा गया है। मौनी अमावस्या के विषेश पुण्यकाल पर स्वयं का उद्धार तथा पितरों को तारने के लिए दान, पुण्य, स्नान का विषेश विधान शास्त्रों में वर्णित है। महाकुंभ का चौथा स्नान 3 फरवरी, 2025, दिन सोमवार बसंत पंचमी को आयोजित किया जाएगा। बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा के पीछे कई मान्यताऐं हैं। इस दिन मां सरस्वती का स्मरण, पूजन एवं मां सरस्वती के नाम से स्नान, दान कर ध्यान करने से अंतःकरण में स्थित सरस्वती जिह्वा पर विराजमान हो जाती हैं। महाकुंभ का पांचवां स्नान 12 फरवरी दिन बुधवारए माघी पूर्णिमा के दिन आयोजित किया जाएगा। इस दिन स्नान-ध्यान करने से मनोकामनाएँ तो पूर्ण होती ही हैं, साथ ही मोक्ष भी मिलता है। माघी पूर्णिमा पर चन्द्रमा अपनी अमृतमयी रष्मियों से पृथ्वी जल में विषिश्ट तत्वों का संचार करता हैए जो आमजनमानस का कश्ट निवारक बन जाता है। महाकुंभ का अंतिम स्नान 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन होगा।



### 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की संभावना

**इस** बार महाकुंभ में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं और देशी-विदेशी पर्यटकों के आने का अनुमान है। योगी सरकार ने न सिर्फ देश में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल एक्सपो में भी इसकी ब्रांडिंग की। महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को शहर और कुंभ क्षेत्र में पर्यटन से जुड़ी जानकारी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। पर्यटन विभाग की तरफ से कुंभ मेला क्षेत्र के बाहर 10 अस्थायी पर्यटन सूचना केंद्रों की स्थापना की जा रही है। शहर के सभी रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अस्थायी बस स्टेशन में इनकी स्थापना की जा रही है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मुताबिक मेले का क्षेत्रफल बढ़ाकर 4000 हेक्टेयर कर दिया गया है। कुल 25 सेक्टर में मेला बसाया जाएगा, जिसमें सर्किट हाउस की संख्या 3 से बढ़कर 5 कर दी गई है। महाकुंभ मेले में 25000 लोगों के लिए पब्लिक अकोमोडेशन, मोटरबोट, चेंजिंग रूम, पूजा स्थल और फ्लोटिंग जेटी बनाई जाएगी। मेले में इस बार 10 डिजिटल खोया पाया केंद्र भी बनेंगे। पहली बार यमुना नदी के वीआईपी घाट पर पक्के घाट का निर्माण कराया जा रहा है।

### 2000 पेइंग गेस्ट रूम्स तैयार करने का लक्ष्य

**महाकुंभ** के लिए लगभग 2000 पेइंग गेस्ट रूम्स तैयार करने का लक्ष्य है। वर्तमान में सिर्फ 26 पेइंग गेस्ट रूम उपलब्ध हैं। इस योजना से शहरियों की आय भी बढ़ेगी और भक्तों को सस्ती सुविधाएं भी मिलेंगी। जिन घरों में 2 से 5 कमरे खाली हैं, वे भी पेइंग गेस्ट के रूप में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके लिए जिला पर्यटन कार्यालय में आवेदन देना होगा। जल्द ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी शुरू की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना का हिस्सा बन सकें। सरकार की मंशा के अनुसार, पेइंग गेस्ट सेवा महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही है। कम कीमत में बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलने से गरीब भक्तों को राहत मिलेगी। पेइंग गेस्ट के कमरों का किराया और सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुसार तय की जाएंगी।

### 13 किमी का रिवर फ्रंट भी बनाया जा रहा


**यातायात** की समस्या को देखते हुए तेलियरगंज से संगम क्षेत्र तक 13 किलोमीटर का रिवर फ्रंट भी बनाया जा रहा है। इसके साथ ही वर्ष भर के घाटों पर जल का प्रवाह बना रहे इसके लिए ड्रेजिंग भी शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही महाकुंभ से जुड़ी अन्य परियोजनाओं में सड़कों और चौराहों का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। कई फ्लाई ओवर भी बनाए जा रहे हैं। प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का विस्तार भी किया जा रहा है। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुंभ-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है। पूरे शहर को सजाया और संवारा जा रहा है। इसके साथ ही, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस के साथ-साथ हर जगह टेक्नोलॉजी के जरिए सुरक्षा को और मजबूत किया जाएगा।


### सुरक्षा को लगेंगे 2500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे

**महाकुंभ** में सुरक्षा के लिए सबसे अहम भूमिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीसीटीवी कैमरों की होगी। पूरे शहर में 2500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनमें से कई एआई तकनीक से लैस होंगे। कुंभ मेला की तैयारियों में रेल मंत्रालय कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। 2025 में यूपी के प्रयागराज में लगने वाले कुंभ मेला में देशभर से लोग पहुंचेंगे और ऐसे में रेलवे पर यात्रियों का अतिरिक्त भार पड़ेगा। कुंभ मेले के लिए रेलवे ने 933 करोड़ रुपये का बजट इन्फ्रास्ट्रक्चर और दूसरी सुविधाओं के लिए रखा है। इसके अलावा भारतीय रेलवे 992 स्पेशल ट्रेनों को चलाने की योजना भी बना रही है। कुंभ में आने वाले तीर्थ यात्रियों को आवाजाही में परेशानी ना हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए रेल मंत्रालय प्रयागराज डिवीजन और इसके आसपास के एरिया में करीब 3700 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ट्रैक्स को डबल करने पर काम कर रहा है। रेलवे ट्रैक बिछाने का मकसद कुंभ मेला में ट्रेनों की आसान आवाजाही है।

# राजस्थान के करौली में श्रीकृष्ण की बहन योगमाया का अलौकिक मंदिर

**राजस्थान के करौली में स्थित कैला देवी का अलौकिक मंदिर देशभर में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां शक्ति पीठ है और यहां विराजमान कैला देवी यदुवंशी हैं, जिन्हें श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की बहन योगमाया मानते हैं। इसको लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। सच्चे मन से जो भी भक्त मन्नत लेकर आता है कैला देवी उनकी हर मनोकामना पूरा करती हैं, इसलिए सालभर इस मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रहती है।**





**मंदिर का इतिहास :** जयपुर से 195 किमी दूर इस प्राचीन मंदिर में चांदी की चौकी पर स्वर्ण छतरियों के नीचे दो प्रतिमाएं हैं। इनमें एक बाईं ओर है, उसका मुंह कुछ टेढ़ा है, वो ही कैला मइया हैं। दाहिनी ओर दूसरी माता चामुंडा देवी की प्रतिमा है। कैला देवी की आठ भुजाएं हैं। इस मंदिर को उत्तर भारत के प्रमुख शक्ति पीठ के रूप में ख्याति प्राप्त है। मंदिर का निर्माण राजा भोमपाल ने 1600 ई. में करवाया था। माना जाता है कि भगवान कृष्ण के पिता वासुदेव और देवकी को जेल में डालकर जिस कन्या योगमाया का वध कंस ने करना चाहा था, वह योगमाया कैला देवी के रूप में इस मंदिर में विराजमान है। सती के अंग जहां-जहां गिरे, वहीं एक शक्ति पीठ का उद्गम हुआ। उन्हीं शक्ति पीठों में से एक शक्ति पीठ कैलादेवी है।

**खुदाई से प्रतिमा निकाली :** एक अन्य किंवदंती के अनुसार त्रिकुट पर्वत पर बोहरा नामक चरवाहा अपने पशुओं को चराने ले जाता था। धार्मिक प्रवृत्ति के बोहरा का मन भक्ति में खूब रमता था। एक दिन उसने देखा कि उसकी बकरियां एक स्थान विशेष पर दुग्ध सृजित कर रही हैं। इस चमत्कार ने उसे आश्चर्य में डाल दिया। उसने इस स्थल की खुदाई शुरू कर दी। कुछ दिन बाद वहां से कैला देवी मां की प्रतिमा निकली। चरवाहे ने भक्ति पूर्वक पूजन कर ज्योति जगाई। धीरे-धीरे प्रतिमा की ख्याति क्षेत्र में फैल गई।

**मूर्ति न हिली तो वहीं स्थापित कर होने लगी पूजा :** मंदिर में स्थापित मूर्ति पूर्व में नगरकोट में स्थापित थी। मुगल शासकों के मूर्ति तोड़ो अभियान से आशंकित मंदिर के पुजारी योगिराज मूर्ति को मुकुंददास खींची के यहां ले आए। केदार गिरि बाबा की गुफा के निकट रात्रि हो जाने से उन्होंने मूर्ति बैलगाड़ी से उतारकर नीचे रख दी और बाबा से मिलने चले गए। दूसरे दिन सुबह जब योगिराज ने मूर्ति उठाने की चेष्टा की तो वह उस मूर्ति हिला भी नहीं सके। इसे माता भगवती की इच्छा समझ योगिराज ने मूर्ति को उसी स्थान पर स्थापित कर दिया और मूर्ति की सेवा करने की जिम्मेदारी बाबा केदारगिरी को सौंप कर वापस नगरकोट चले गए।

**कालीसिल : दूर करती है रोग-कष्ट**

कैला देवी मंदिर के पास में मौजूद कालीसिल नदी भी चमत्कारिक नदी है। ऐसी मान्यता है कि यहां दर्शन करने के लिए आने वाले भक्तों को कालीसिल नदी में स्नान कर माता के दर्शन करने से कई प्रकार के रोग एवं कष्ट दूर होते हैं। नवरात्र में माता के दर्शन करने से उनके विशेष आशीर्वाद प्राप्त किए जा सकते हैं। मान्यता है कि जब तक कालीसिल में स्नान नहीं किया जाता तब तक कैलादेवी की तीर्थयात्रा भी सफल नहीं होती।

**डकैत चढ़ाते हैं विजयी घंटा और ध्वज**

राजस्थान का करौली जिला डकैतों के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है। करौली में स्थित मां कैला देवी के इस मंदिर में डकैत वेष बदलकर आते हैं और मां कैला देवी की साधना करते हैं। लक्ष्य की साधना के लिए मां से मन्नत मांगते हैं। मन्नत पूरी होने पर फिर आते हैं। मां की पूजा के बाद विजय घंटा और ध्वज चढ़ाते हैं और निकल जाते हैं।

**कैला देवी में होता है परंपराओं का निर्वहन**

कैला देवी मंदिर में दर्शन के साथ यहां पर महिलाएं सुहाग के प्रतीक के रूप में हरे रंग की चूड़ियां और सिंदूर की खरीदरी करना नहीं भूलती हैं। वहीं, नव दंपत्तियों द्वारा एक साथ दर्शन करना, बच्चों का मुंडन संस्कार की परंपरा भी यहां देखने को मिलती है। मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़ों की धुन पर अनायास ही पुरुष दर्शनार्थी लांगुरिया गीत गाने लगते हैं तो महिला दर्शकों के कदम थिरके बिना नहीं रह सकते।

**तिथिवार आते हैं राज्यों के दर्शनार्थी**

चैत्र के लक्खी मेले में अलग-अलग राज्यों के श्रद्धालु अलग- अलग तिथियों में दर्शनार्थ आते हैं। चैत्र कृष्ण में बारस से पड़वा तक मेले में पांच दिन तक पदयात्रियों का हुजूम दिखता है। इस चरण में उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु अधिक होते हैं और वाहनों से यात्री कम आते हैं। द्वितीय चरण में नवरात्रा स्थापना से तृतीया तक दिल्ली, हरियाणा के यात्रियों का खूब जमावड़ा रहता है। तीसरे चरण में चतुर्थी से छटवीं तक मध्यप्रदेश एवं भरतपुर-धौलपुर क्षेत्र के श्रद्धालु आते हैं। चौथा चरण सप्तमी से नवमीं तक होता है इसमें गुजरात, मुंबई व दक्षिण भारतीय राज्यों के यात्री अधिक आते हैं। अंतिम चरण में राजस्थान भर के यात्री, श्रद्धालु, स्थानीय लोग लांगुरिया गाते हुए आते हैं। यह दशमी से पूर्णिमा तक चलता है। अनुमानतः प्रतिवर्ष लगभग 30 से 40 लाख यात्री मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगाते हैं।

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
शब्दार्थ : ॐ यह परिपूर्ण है। यह भी पूर्ण है। यह पूर्ण से यह पूर्ण निकलता है। पूर्ण से पूर्ण निकालकर भी पूर्ण ही बचता है।

**भावार्थः** ईशावाश्य उपनिषद में आह्वान का यह मंत्र 7 श्लोक ब्रम्हांड के पूर्णत्व का बहुत सादे शब्दों में वर्णन-व्याख्या करता है। इस मंत्र का शांतिपाठ के रूप में ज्यादा प्रयोग होता है। मतलब मंत्र के अंत मे त्रिवार 'ॐ शांति ! ॐ शांति !! ॐ शांति !!! ' उच्चारण होता है। बृहदारण्यक उपनिषद में भी यह मंत्र मिलता हैं।

# सप्ताह के सात दिन और उनके ग्रह देवता विज्ञान, परंपरा और स्वस्थ जीवन का संगम

*सप्ताह के सात दिन, जिन्हें हम वार कहते हैं, केवल दिन निर्धारण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनके पीछे गहरा खगोलीय, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व छिपा हुआ है। प्रत्येक दिन एक ग्रह देवता का अधिपति होता है, और उनके प्रभाव को समझना हमारे जीवन को बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है।*



### वारों का क्रम और ग्रहों की चाल

सप्ताह के दिनों का निर्धारण खगोलीय आधार पर किया गया है। ग्रहों की कक्षाओं का क्रम इस प्रकार है :
*1. शनि, 2. गुरु, 3. मंगल, 4. सूर्य, 5. शुक्र, 6. बुध, 7. चंद्रमा*
हर चौथे ग्रह को अगले दिन का स्वामी माना गया है। जैसे, रविवार के स्वामी सूर्य हैं, तो उनसे चौथे ग्रह चंद्रमा के कारण सोमवार बना।

### वारों के अधिदेवता और अवतार

हिंदू परंपरा में ग्रह देवताओं को विष्णु और शिव के अंश से उत्पन्न माना गया है। ग्रह और उनके संबंधित अवतार इस प्रकार हैं:
*1. सूर्य :रामावतार, 2. चंद्र : श्रीकृष्णावतार, 3. मंगल : नृसिंह अवतार, 4. बुध :बुद्ध अवतार, 5. गुरु :वामन अवतार, 6. शुक्र : परशुराम अवतार, 7. शनि : कूर्म अवतार*
*सूर्य को विष्णु का रूप मानते हुए उनकी उपासना जीवन का आधार मानी गई है।*

### दिन विशेष उपाय और आचरण

***रविवार (सूर्य)***
सूर्य स्वास्थ्य और जीवन शक्ति का प्रतीक हैं।
प्रातः सूर्य नमस्कार और 'ओम घृणिः सूर्याय नमः' का जप करें।
घर में धूप और गंगाजल का छिड़काव करें।
संक्रांति, अमावस्या पर वाद-विवाद और आलस्य से बचें।


विभा शर्मा, ज्योतिषाचार्य
शारदा ज्योतिष निकेतन जोगिंद्रनगर

***सोमवार (चंद्रमा)***
चंद्रमा मन और भावनाओं का अधिपति है।
शिवजी की पूजा करें।
दूध, खीर, मिठाई का दान करें।
चांदनी में कुछ समय बिताएं।

***मंगलवार (मंगल)***
मंगल ऊर्जा और साहस का प्रतीक है।
हनुमान जी की पूजा और मंगल व्रत रखें।
शाकाहार अपनाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

***बुधवार (बुध)***
बुध बुद्धि और कला का देवता है।
श्रीकृष्ण की पूजा करें और 'ओम नमो भगवते वासुदेवाय' का जाप करें।
हरियाली को बढ़ावा दें और हरी सब्जी दान करें।

***गुरुवार (गुरु)***
गुरु ज्ञान और वैवाहिक सुख का अधिपति है।
पीली वस्तुओं का दान करें।
कन्याओं का सम्मान करें और हल्दी का प्रयोग करें।

***शुक्रवार (शुक्र)***
शुक्र ऐश्वर्य और सुख-संपत्ति का स्वामी है।
दुर्गा पूजा करें और दीपक जलाएं।
सादगी और स्वच्छता का पालन करें।

***शनिवार (शनि)***
शनि न्याय और अनुशासन के देवता हैं।
भैरव, हनुमान या महाकाली की पूजा करें।
तेल मालिश करें और मजदूरों का सम्मान करें।

### वैज्ञानिक और सांस्कृतिक समन्वय

यह परंपराएं केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी स्वास्थ्य और मनोदशा को सुधारने के लिए बनी हैं। ग्रहों की चाल, ऋतुचर्या और दैनिक दिनचर्या के साथ जुड़कर ये उपाय हमारे जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉक्टर्स ने साड़ियों को बनाया परंपरा व शान



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** 'डॉक्टर्स एंड साड़ियां कांगड़ा 2024' समारोह रविवार को धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एक समर्पित समिति द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. मनीला महाजन, डॉ. भारती गुप्ता, डॉ. अनुराधा सूद, डॉ. मोनिका पठानिया और डॉ. अपरा अत्रि शामिल थीं। यह विशेष आयोजन 80 महिला डॉक्टरों का एक अनोखा सम्मेलन था, जिन्होंने परंपरा और शान को अपनाया और सभी साड़ी की सुंदरता में लिपटी हुई थीं। इस अवसर को लाल रंग के विभिन्न शेड्स में सजी इन महिला डॉक्टरों ने समर्पित किया, जो ताकत, जुनून और सुंदरता का प्रतीक थे। आमोहा रिसॉर्ट का शांत और आकर्षक माहौल इस विशेष आयोजन के लिए एक आदर्श पृष्ठभूमि साबित हुआ, जो महिला शक्ति और नारीत्व की भावना को मनाता था। यह कार्यक्रम न केवल साड़ी की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करता था, बल्कि चिकित्सा के महान पेशे को भी सम्मानित करता था। इन महिला डॉक्टरों ने अपनी भागीदारी से यह दिखाया कि वे अपने पेशेवर कार्यों के साथ-साथ अपनी धरोहर का सम्मान भी करती हैं, जिससे यह एक यादगार अवसर बना, जिसमें परंपरा और आधुनिक चिकित्सा की दुनिया का संगम हुआ। (अनंत ज्ञान)

### स्वामी विवेकानंद स्कूल ने जीते चार गोल्ड मेडल



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने हाल ही में अर्नी विश्वविद्यालय इंदौरा में हुई खेल प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपना रहा स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेलो में भाग लेते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई मेडल अपने नाम किए जिसमे स्कूल की छात्रा उषा ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए चार सवर्ण पदक अपने नाम किए। इसके साथ कृष्ण ने दो सवर्ण पदक, आकाश, कशिश, समीक्षा ने एक एक सवर्ण पदक अभय कुमार ने दो सिल्वर , रितिका, तनुष, कार्तिक, प्रिंस, अक्षय, तनु ने एक एक सिल्वर पदक, समीक्षा, गौरव, निखिल, अर्णव, जतिन, प्रतीक, दिव्यांश ने एक एक कांस्य पदक जीत स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं, कार्तिक और उसकी टीम ने बास्केटबाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ट्रॉफी अपने नाम की। स्कूल की प्रधानाचार्य रचना भनोट डायरेक्टर पंकज भनोट ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### करण ने पावरलिफ्टिंग में जीते तीन रजत पदक



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के पंतेहड गांव के करण राणा ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन रजत पदक जीतकर इलाके का नाम रोशन किया है। चंबा में गत रोज संपन्न हुई पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 67.5 किलोग्राम की कैटेगरी में 395 किलोग्राम भार उठाकर तीन रजत पदक अपने नाम किए है । करण राणा ने अपनी जीत का श्रेय अपने पिता दलजीत राणा माता अनीता राणा तथा अपने गुरुजनों को दिया है। करण राणा ने कहा बी और अधिक मेहनत कर रहे हैं तथा आने वाले समय में इससे भी अच्छा प्रदर्शन करके देश का नाम ओलंपिक तथा एशियाई खेलों में रोशन करना चाहते हैं।

### हटली में जांचा 150 लोगों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** एनजीओ राष्ट्रीय कल्याणकारी परिषद इकाई कांगड़ा ने तहसील फतेहपुर के कस्बा हटली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इकाई अध्यक्ष गणेश कुमार शर्मा ने बताया शिविर दौरान पठानकोट स्थित राज अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए निशुल्क दवाइयां वितरित कीं।

### विद्यार्थियों ने जानी कागज बनाने की प्रक्रिया



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर द्वारा इंदौरा स्थित काठगढ़ महादेव मंदिर व एचआरए पेपर हिल्स प्राइवेट लिमिटेड कागज उद्योग की यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में लगभग 73 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस यात्रा का उद्देश्य जहां विद्यार्थियों को मंदिर के धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व की जानकारी प्रदान करना था, वहीं कागज उद्योग की तकनीकी और कार्यप्रणाली को समझाना भी था। यात्रा के दौरान मंदिर में स्थिसमनत अधिकारियों ने छात्रों को काठगढ़ मंदिर के इतिहास, पूजा पद्धतियों, स्थानीय परम्पराओं, पौराणिक कथाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंदिर की अद्वितीय वास्तुकला, प्राचीन मूर्तियों, स्थापत्य कला को देखकर विद्यार्थी मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं दूसरी ओर कागज उद्योग भ्रमण में विद्यार्थियों ने कागज उत्पादन के विभिन्न चरणों, ऊर्जा संरक्षण, और पुनः उपयोग की प्रक्रियाओं का समझा। उद्योग में स्थित अधिकारियों ने बताया कि इस उद्योग में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

### देहण में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोमवार से दैहण में रोशन रैना के निज निवास पर 2 से 8 दिसंबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। सोमवार को सुबह 10:30 से कलशयात्रा निकाली गई जोकि मरंडा बाजार से होती हुई रोशन रैना के निज निवास तक चली। उसके बाद प्रसाद का लंगर वितरित किया गया। कथा वाचक अनिल डोहरू अपनी मधुर वाणी से संगत पर अमृत वर्षा कर रहे हैं।कथा सुनने का समय प्रतिदिन दोपहर 1:30 से सायं 4:30 बजे तक है।कथा के अंतिम दिन रविवार को सुबह हवन-यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद कथा श्रवण की जाएगी। बाद में भजन कीर्तन भी किया जाएगा। दोपहर को लंगर भंडारे का भी प्रबंध है।

### भाजपा के पांच बूथ के चुनाव संपन्न



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भाजपा मंडल धर्मशाला के ग्राम केंद्र जदरांगल के अंतर्गत आने वाले पांच बूथ के चुनाव सोमवार संपन्न हुए। इसमें बूथ नंबर 86,87,88,89 और 91 में बूथ अध्यक्ष बूथ सचिव, बीएलए व 11 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। इस उपलक्ष्य पर भाजपा मंडल के अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया, मंडल संगठन सहयोगी मुनीश सूद, जोन प्रमुख कैलाश वालिया, ग्राम केंद्र प्रमुख संजीव गोस्वामी, ग्राम केंद्र प्रभारी अंकुश ठाकुर व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धर्मशाला की लाइब्रेरी को डिजिटाइज करने के लिए उठाएं कारगर कदम: उपायुक्त

# जिले में विभिन्न क्षेत्रों में लाइब्रेरी बनाने के लिए तैयार करें प्लान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने मंडे मीटिंग में धर्मशाला की लाइब्रेरी को डिजिटाइज करने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के लिए लाइब्रेरी और अध्ययन स्थल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कोई अनुपयोगी सामुदायिक भवन उपलब्ध हो, वहां लाइब्रेरी शुरू कर सकते हैं और जहां स्थान उपलब्ध न हो वहां कोई स्थान या भूमि चिन्हित कर इनका निर्माण किया जाए। उन्होंने परियोजना अधिकारी डीआरडीए को निर्देश देते हुए कहा कि उपमंडल स्तर से लाइब्रेरी बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के लिए उपयुक्त कदम उठाएं। उपायुक्त ने स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों को गोद लेने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं इसके साथ ही बच्चों की कैरियर काउंसलिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।



#### डीसी ऑफिस में ई-डिस्पैच व्यवस्था होगी लागू

**उपायुक्त** ने कहा कि उपायुक्त कार्यालय में बेहतर कामकाज के लिए ई-डिस्पैच व्यवस्था लागू होगी तथा सभी विभागों को भी ई-मेल के माध्यम से ही निर्धारित पत्राचार करने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि दस दिसंबर तक का समय इस के लिए निर्धारित किया गया है ताकि ई-डिस्पैच के माध्यम से ही संबंधित विभागों को विभिन्न समस्याओं के समाधान के बारे में सूचित किया जा सके।

#### मंदिरों में ऑनलाइन दर्शन की सुविधा के लिए उठाएं उचित कदम

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि शक्तिपीठों में आनलाइन दर्शनों की सुविधा आरंभ करने के लिए कर्मचारियों व पुजारियों को प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं इसके अलावा मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्लान भी तैयार किया जाए, इसके लिए संबंधित उपमंडलाधिकारी गंभीरता के साथ कार्य करें। इसके अलावा डीसी ने अधिकारियों को अपना कांगड़ा मोबाइल ऐप की उपयोगिता को बढ़ाने और जन-जन तक इसको पहुंचाने की बात कही।

# फतेहपुर मंडी में अब तक 63 हजार क्विंटल धान की खरीद



अनाज मंडी फतेहपुर में धान खरीद केंद्र में हुई खरीद की जानकारी देते कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

अनाज मंडी फतेहपुर में खुले धान खरीद केंद्र फतेहपुर में अब तक 63 हजार क्विंटल धान की खरीद हुई है। सोमवार को जानकारी देते हुए खरीद केंद्र में तैनात सिविल सप्लाई विभाग के कर्मचारी सुनील कुमार ने बताया उक्त खरीद केंद्र के लिए 624 किसानों ने टोकन बुक करवाया था। इनमें से 510 किसानों से विभाग द्वारा करीब 63 हजार क्विंटल धान खरीदी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछली बार मात्र 17 हजार क्विंटल धान की खरीद हुई थी, जोकि इस बार 63 हजार क्विंटल तक पहुंच गई है। 31 दिसंबर तक उक्त खरीद केंद्र पर धान की खरीद की जाती रहेगी।

### ढलियारा कॉलेज ने मनाया एड्स दिवस

**अनंत ज्ञान, गरली।** ढलियारा कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में ढलियारा के लोगों को एड्स के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। रैली में प्रो. संजीव जसवाल, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. कपिल प्रो. विकास, डॉ. आरती कौशल, डॉ. अक्षय शर्मा, ओंकार भाटिया एवं लाइब्रेरियन अनीता भी उपस्थित रहे।

## अमनदीप को मिला राष्ट्रीय मनोचिकित्सा सेवा सम्मान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



बैजनाथ में जन्मी प्रसिद्ध मनोचिकित्सक अमनदीप कौर को पंजाब कला साहित्य अकादमी द्वारा राष्ट्रीय मनोचिकित्सा सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान उन्हें गत दिवस अकादमी द्वारा जालंधर में आयोजित वार्षिक समारोह में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी द्वारा साहित्य, पत्रकारिता, शिक्षा जगत और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के नामचीन हस्तियों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देश के विभिन्न राज्यों से आई कई अन्य हस्तियों को भी अवॉर्ड से अलंकृत किया गया। अमनदीप कौर बैजनाथ में आज से 68 साल पहले शिक्षा की अलख जगाने वाले जाने-माने शिक्षक ज्ञानी सुरेंद्र सिंह बेदी की पोती हैं। बैजनाथ के बिनवा पब्लिक स्कूल में इन्होंने शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से हिंदी में एमए और बीएड की डिग्री हासिल की। इसके बाद, लखनऊ से मनोचिकित्सा में एम.ए. किया। कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से प्रतिष्ठित पाठ्यक्रमों को पूरा कर उन्होंने अपनी विशेषज्ञता को और अधिक परिष्कृत किया। अमनदीप कौर गुड़गांव में रह रही हैं। उनके पति एक अंतरराष्ट्रीय आईटी कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता गुरमीत बेदी, एक प्रसिद्ध लेखक और साहित्यकार हैं। उनकी माता परमजीत कौर ऊना में एक सरकारी शिक्षिका रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन करने पर तीन ट्रैक्टर जब्त



अवैध खनन करने पर पुलिस की ओर से जब्त किए गए ट्रैक्टर।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न द्वारा अवैध खनन पर लगाम लगाने हेतु कार्रवाई लगातार की जा रही है, जिसके तहत गत देर रात को थाना इंदौरा के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष पठानिया ने मंड क्षेत्र में तीन ट्रैक्टरों को अवैध खनन सामग्री के चलते पकड़ा तथा उन पर कार्रवाई करते हुए माइनिंग अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि बहुत ज्यादा अवैध माइनिंग का कारोबार धड़ल्ले से चलने के समाचार प्राप्त हो रहे हैं तथा उसी कड़ी के तहत देर रात इंस्पेक्टर इंदौरा आशीष पठानिया द्वारा यह कार्रवाई अमल में लाई गई है तथा उन्होंने अवैध खनन करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा या तो वे अवैध खनन करना छोड़ दे अन्यथा सभी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट करने पर खनन माफिया पर केस दर्ज

**पठानकोट।** माइनिंग माफिया के 10 ज्ञात और 11 अज्ञात लोगों पर थाना तारागढ़ की पुलिस ने व्यक्ति की मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया है। घटना शनिवार देर रात गांव भरियाल हरिचंदा की हैं जहां माइनिंग माफिया के लोगों ने एक व्यक्ति पर तेजधार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप में घायल कर दिया था। घायल व्यक्ति रूप सिंह की हालात अभी भी नाजुक बनी हुई है। थाना तारागढ़ की पुलिस को दर्ज करवाए बयानों में जानकारी देते हुए मनजीत सिंह निवासी गांव सहारनपुर ने बताया कि 30 नवंबर की रात 9 बजे के करीब उसने रंजीत सिंह, मनजीत सिंह और उसके चाचा रूप सिंह के साथ अपने खेतों में जाकर देखा कि माइनिंग वाली गाड़ियां खेतों से गुजर रही थी। जब रूप सिंह ने उनका विरोध किया तो कई अज्ञात लोग मौके पर पहुंच गए और तेजधार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है, जिसके बाद वे रूप सिंह को घायल अवस्था में अस्पताल उपचार के लिए लेकर गए, जहां उनका इलाज चला हुआ है।

### परख परीक्षा को लेकर ऑनलाइन मीटिंग आज

**धर्मशाला।** 4 दिसंबर को होने जा रही परख परीक्षा की तैयारी को लेकर जिला कांगड़ा शिक्षा विभाग के द्वारा मंगलवार को सभी विद्यालय प्रमुखों के साथ ऑनलाइन माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपनिदेशक गुणवत्ता नियंत्रण एवं जिला परियोजना अधिकारी कांगड़ा ,उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा कांगड़ा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कांगड़ा व प्रधानाचार्य डाइट कांगड़ा के द्वारा उन सभी विद्यालय प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी जिन पाठशालाओं का चयन परख परीक्षा के लिए किया गया है । गौरतलब है कि जिला कांगड़ा में 119 पाठशालाओं का परीक्षा के लिए चयन किया गया है। इसके लिए परीक्षा के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निरीक्षक तथा निगरानी अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी गई है। परीक्षा के संबंध में अंतिम तैयारी को लेकर ही सभी परीक्षा केंद्रों के विद्यालय प्रमुखों के साथ ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### लोगों को एड्स होने के कारण बताए

**डरोह।** सोमवार को पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह में एड्स दिवस के अवसर पर स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से स्वयंसेवियों ने लोगों को जागरूक किया और यह संदेश दिया कि एड्स छूने से नहीं फैलता है और जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा समाधान है। इसके उपरांत स्कूल के जीव विज्ञान के प्रवक्ता प्रदीप पटियाल ने स्कूल के विद्यार्थियों को एड्स के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । प्रधानाचार्य रजनीश अत्री ने भी विद्यार्थियों को एड्स की समस्या के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल जम्वाल ने स्वयंसेवियों को निस्वार्थ भाव से एड्स से ग्रस्त व्यक्तियों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया।

### पोस्टर मेकिंग में ज्योति प्रथम




**कांगड़ा।** अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय तकीपुर के रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब राजकीय महाविद्यालय तकीपुर द्वारा पोस्टर मेंकिंग, रंगोली तथा गली क्रिकेट स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, ताकि एड्स संबंधी जागरूकता का प्रचार व प्रसार किया जा सके। रंगोली प्रतियोगिता में 7 टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान ग्रुप बी (अनिश कनिका हीना, अंकिता, रोबिन) ने हासिल किया। इसी तरह पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान ज्योति, द्वितीय स्थान अकांक्षा तथा तृतीय स्थान सुप्रिया ने हासिल किया। वहीं, गली क्रिकेट में पियुषा ठाकुर की टीम ने साहिल की टीम को 21 रनों से हराया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो अमन वालिया ने बताया कि 4 दिसंबर को जलाड़ी गांव की दुधिआल में एड्स जागरूकता मार्च का आयोजन किया जाएगा। निर्णायक मंडल में प्रो. भगवान दास, डॉ. प्रिती बाला, डॉ. अश्विनी कुमार, प्रो. साहिल, प्रो. लेखराज ने विशेष भूमिका निभाई। वहीं प्रो. मेधा शर्मा ने विद्यार्थियों को टीबी मुक्त भारत अभियान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत करवाया।

### कबीरपंथी समाज सुधार सभा ने बैठक कर चुनी धीरा की कमेटी

# मास्टर मोहन लाल को चुना प्रधान

**राकेश डोगरा, डरोह**



हिमाचल प्रदेश कबीरपंथी समाज सुधार सभा जिला कांगड़ा की बैठक प्रधान प्रताप चंद (सेवानिवृत्त ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी) की अध्यक्षता में एक दिसंबर को सद्गुरु कबीर आश्रम भेड़ू (नागनी) में संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्यों के अतिरिक्त प्रदेशाध्यक्ष मस्त राम, महासचिव संदीप कुमार, महंत करुणाकर, अन्य प्रदेश सभा के सदस्य, तहसीलों के अध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्यों ने भाग लिया। प्रदेशाध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी से आह्वान किया कि जिला कांगड़ा की सभी तहसीलों में जहां कमेटियां नहीं बनी हैं, बनाने के प्रयास किए जाएं। इस मौके पर तहसील धीरा की कमेटी का गठन करके शुरुआत कर दी गई है। इस कमेटी में सर्वसम्मति से मास्टर मोहन लाल (मरूंह) को प्रधान चुना गया। साथ ही बनवारी लाल (बलोटा) को वरिष्ठ उपप्रधान चुना गया राकेश कुमार (गुगली) को सचिव, डॉ. सरवण कुमार (भदरोल) को उपप्रधान, बलवंत सिंह सहसचिव,सोनू कुमार (धीरा) को कोषाध्यक्ष, मोहिंद्र सिंह (डई) को प्रेस सचिव, सुमित कुमार (गगल) को संगठन सचिव, सीताराम को मुख्य सलाहकार, सुमेर चंद (चौकी) को लेखा परीक्षक, दिलीप कुमार (देवी), स्वामी राम, विशंबर दास, रवि कुमार (पनापर) टेक चंद, रमेश कुमार, बलराम (डूक धनियारा) को जिला प्रतिनिधि चुना गया। जानकारी सभा के प्रेस सचिव एडवोकेट मुनीश कुमार बियाड़ू ने दी। (अनंत ज्ञान)

# पौंग झील में पहुंचे 40000 मेहमान, सुरक्षा को 15 टीमें तैनात

**अनिल छांगू, जवाली**



सर्दियां शुरू होते ही पौंग झील में विदेशी मेहमानों ने दस्तक दे दी है। इस समय झील में कई प्रजातियों के 40 हजार के करीब प्रवासी पक्षी पहुंच गए हैं। हर साल अक्तूबर से मार्च तक झील में विचरने वाले मेहमान सर्दियां देरी से शुरू होने के कारण इस बार नवंबर 15 के बाद आने शुरू हुए हैं।

ये परिंदे मध्य एशिया, साइबेरिया, चीन व मंगोलिया आदि ठंडे देशों से आते हैं। जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी वैसे-वैसे इनकी संख्या बढ़ेगी। अगले माह तक यह संख्या लाखों में पहुंच जाएगी। मार्च तक ये मेहमान यहां से लौटेंगे। मेहमान परिंदों की सुरक्षा के लिए वन्य प्राणी विभाग ने 15 टीमों का गठन किया है। टीमें पक्षियों की सुरक्षा के साथ-साथ इनके शिकार पर भी रोक लगाएंगी। (अनंत ज्ञान)

#### क्या कहते हैं डीएफओ

**डीएफओ** वन्य प्राणी विंग हमीरपुर रेजीनोड रायस्टन ने कहा कि प्रवासी पक्षियों की देखरेख के लिए टीमों का गठन कर दिया है। अगर कोई प्रवासी पक्षियों का शिकार करता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पौंग किनारे किसी को भी खेती भी नहीं करने दी जाएगी।

# नशे की रोकथाम के लिए बनाई जाएगी टास्क फोर्स : चंबियाल

**शुभम शर्मा, देहरा**



देहरा उपमंडल के तहत सुनहेत में सोमवार को हिंदू तन मन संगठन के सूचना विभाग प्रमुख व जिलाध्यक्ष कांगड़ा रविंद्र चंबियाल ने कहा कि हिमाचल में बढ़ते नशे की रोकथाम के लिए अब इनका संगठन फील्ड पर उतरने जा रहा है। हिंदू तन मन संगठन जल्द इसकी रोकथाम के लिए टास्क फोर्स का गठन करेगा। चंबियाल ने कहा कि संगठन कुछ मुख्य उद्देश्यों पर काम कर रहा है, जिसमें समाज को सनातन धर्म, धार्मिक शिक्षा, योग शिक्षा, ध्यान के बारे में जागरूक करना आदि शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### स्लोगन राइटिंग में आकांक्षा फर्स्ट



**कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय था 'यूनाइट टू एंड वायलेंस अगेंस्ट वूमेन'। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विभूति और श्रेया को सर्वश्रेष्ठ पोस्ट अवार्ड से नवाजा गया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में आकांक्षा ने प्रथम स्थान, पलक आदर्श, शिल्पा और अनन्या ने द्वितीय स्थान तथा स्वाति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान डॉ. यांचन डोलमा, डॉ. आशीष मेहता और डॉ. कुलदीप सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### आह्वान | अरनी विश्वविद्यालय काठगढ़ में तीन दिवसीय 'स्पंदन' प्रतियोगिता का आयोजन

# स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ खेलों में भी लें भाग: डॉ. विवेक

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अर्नी विश्वविद्यालय काठगढ़ में 27 से 30 नवंबर तक तीन दिवसीय 'स्पंदन' खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन चांसलरडॉ. विवेक सिंह किया गया। इस स्पंदन खेल प्रतियोगिता में लगभग 560 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें बाहर से आये 12 स्कूलों और 4 कॉलेजों की टीमें भी शामिल रहीं।

डॉ. विवेक सिंह ने सभी प्रतिभागियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और अपने देश का नाम रोशन करना चाहिए। खेलों से हमारी मानसिक एवं शारीरिक विकास को बल मिलता है। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगथ ने लड़कों कीवॉलीबॉल, लिटल एंजल स्कूल ने लड़कियों की वॉलीबॉल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसंतपुर ने लड़कों की कबड्डी और विवेकानंद स्कूल ने पावरलिफ्टिंग (लड़कियां) में जीत हासिल की। वहीं, कॉलेज स्तर पर अरनी विश्वविद्यालय ने वॉलीबॉल (लड़कों और लड़कियों), कबड्डी (लड़कों), बैडमिंटन, शॉटपुट और जैवलिन थ्रो में जीत दर्ज की। वहीं, वैष्णो कॉलेज ने बैडमिंटन में विजय प्राप्त की और गवर्नमेंट कॉलेज इंदौरा ने पावरलिफ्टिंग (लड़कों और लड़कियों) और वेटलिफ्टिंग (लड़कों और लड़कियों) में जीत हासिल की। एबीएस कॉलेज ने बास्केटबॉल में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

मैं हरदयाल सिंह उम्र 49 साल पुत्र श्री संपूर्ण सिंह निवासी गांव व डाकघर कंदौर उप तहसील राजा का तालाब तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जो कि एततद्वारा हल्फन व शपथ बयान करता हूं कि मैं हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी हूं, यह कि मेरी बेटी पायल ने मेरी मर्जी के खिलाफ शादी कर ली है और मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो कोई भी उसके साथ लेन-देन करेगा वह खुद जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉलंटियर्स ने एड्स के खिलाफ किए जागरूक



**नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में विश्व एड्स दिवस के मौके पर इको क्लब की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी वॉलंटियर्स ने भड़ोली क्षेत्र के हलेड़ गांव के लोगों को रैली निकालकर एड्स के बारे में जागरूक किया और इससे बचने के उपाए बताए। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी पश्चिमी संस्कृति के विलासी जीवन का जीने को लालसा के कारण एड्स को निमंत्रण दे रहा है। उन्होंने बच्चों को बताया कि रेड रीबन एचआइवी पॉजिटिव लोगों के साथ एकजुटता और एड्स के साथ जी रहे लोगों के लिए वैश्विक प्रतीक है।

### टौणी देवी में एड्स को समाप्त करने का आह्वान



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जूनियर रेडक्रॉस क्लब, एनएसएस स्वयंसेवकों, स्काउट्स-गाइड्स और इको क्लब के सदस्यों ने खेल मैदान में विशाल रेड रिबन बनाकर समाज को एड्स से बचने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि एड्स मानव शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सामान्य बीमारियों से लड़ने में अक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि समाज को एड्स पीड़ितों से भेदभाव के बजाए उन्हें प्यार और सम्मान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने एड्स जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्काउट मास्टर सतीश राणा, गाइड कप्तान कुसुम लता, सुरेश, लीना, राजेश, मनोज कुमार, कविता, विजय कुमार, सोनू गुलेरिया और अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### लदरौर स्कूल के स्वयंसेवियों ने की साफ-सफाई



**एसके शर्मा, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर के स्वयंसेवियों ने शिविर के छठे दिन साहसिक कार्य करके स्कूल के भवन पर लगे सौर उर्जा के पैनल व स्थानीय बाजार की सड़क की नालियों की साफ-सफाई करके लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया। रिसोर्स प्रदर्शन के रूप में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक तिलक राज शर्मा शास्त्री ने कहा कि स्कूलों में सीखे समाज प्रेरित कार्यो को घरों और गांवों में भी अमल में लाएं और अच्छे समाज का निर्माण करें। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य रीता कुमारी ने मुख्यातिथि एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक तिलक राज शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना स्कूल प्रभारी अच्युतम वर्मा, महिला प्रभारी लता देवी, प्रवक्ता विनोद कुमार व स्कूल के स्वयं सेवी व अन्य ने सराहनीय कार्य किया।

### टौणी देवी में महिलाओं को वितरित किए प्रमाण पत्र



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर विकास खंड कार्यालय टौणी देवी में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के सौजन्य से मशरूम की खेती पर आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र की लगभग 35 महिलाओं ने भाग लिया तथा विशेषज्ञों से मशरूम की खेती के संबंध में महत्त्वपूर्ण जानकारियां एवं प्रेक्टिकल ट्रेनिंग हासिल की। शिविर के समापन अवसर पर स्थानीय ग्राम पंचायत बारी के प्रधान रविंद्र ठाकुर और आरसेटी के फैकल्टी मैंबर विनय चौहान ने प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान महिलाओं को भोरंज के मशरूम फार्म का भ्रमण भी करवाया गया। उन्होंने बताया कि अब जल्द ही 35 महिलाओं को कटिंग टेलरिंग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

### 13 पंजाब जींद बटालियन ने मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 13 पंजाब जींद बटालियन का 253वां स्थापना दिवस पूर्व सैनिकों ने बासी पैलेस हमीरपुर में धूमधाम से मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मेजर पीसी वर्मा, के साथ में कैप्टन अजीत सिंह, कैप्टन विजय कुमार, कैप्टन रणजीत, कैप्टन जीत सिंह, कैप्टन निर्मल, कैप्टन मुलख राज, कैप्टन अमरिक, कैप्टन हेमराज वर्मा, कैप्टन हेतराम, कैप्टन रणजीत, कैप्टन लोकेंद्र अन्य उपस्थित थे। 13 पंजाब जींद के स्थापना दिवस पर जे एंड के और पंजाब से कुछ पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया। इनके साथ इस दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं ने भी गीत व संगीत से समां बांधा।

### द मैग्नेट स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में बच्चों को खेलकूद के साथ जोड़ने के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान की अध्यक्षता में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों की रुचि को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़, लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर, बुक बैलेंस लंबी कूद और ऊंची कूद, शॉटपुट और रिले दौड़ प्रतियोगिता करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं में जो बच्चे विजयी रहे, उन बच्चों को इनाम दिए गए। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने विजेता छात्रों को भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### योग प्रशिक्षक को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंदरू में सेवानिवृत्त अमर सिंह द्वारा स्कूल के दो राष्ट्रीय योग खिलाड़ियों राधिका ठाकुर और सूजल कुमार को और उनके योग प्रशिक्षक शशि कुमार डीपीई को भी धनराशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अमर सिंह ने दूसरे बच्चों को भी कड़ी मेहनत करके अपने गुरुजनों, माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस उपलक्ष पर प्रधानाचार्य रणजीत सिंह द्वारा अमर सिंह का बच्चों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर स्थानीय स्कूल के योग प्रशिक्षक शशि कुमार डीपीई ने अपनी तरफ से और योग खिलाड़ियों की तरफ से ये आशीर्वाद देने के लिए अमर सिंह का धन्यवाद किया।

# नगर निगम में शामिल होने पर लोगों ने जताया विरोध

## उपायुक्त के माध्यम से सरकार को सौंपा ज्ञापन, बोले-नहीं होना चाहते शामिल




नगर निगम में शामिल न होने को लेकर बोहनी, बस्सी, झनियारा, कैहडरू पंचायत के ग्रामीणों ने डीसी से मांग की और प्रदेश सरकार को उनके माध्यम से ज्ञापन सौंपा है।

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के बोहनी, बस्सी, झनियारा, कैहडरू पंचायत के ग्रामीणों ने नगर निगम में न डालने को लेकर डीसी से मांग की है। सोमवार सुबह ही डीसी कार्यालय में दर्जनों ग्रामीणों ने पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और उनके गांव को नगर निगम में न डालने की गुहार लगाई।

ग्रामीणों का कहना है कि नगर निगम में शामिल करने से लोगों पर टैक्स का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। गांवों में गरीब परिवार रहते हैं, ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त हमीरपुर को मांग पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि गत 23 नवंबर को शहरी विकास विभाग ने अधिसूचना जारी की है कि पंचायतों को नगर निगम में शामिल किया जा रहा है। जो पंचायतें नगर निगम में शामिल होना चाहती हैं, उन पंचायतों को ही शामिल किया जाए।

- बोले-नगर निगम में शामिल होने से ठेकेदारी प्रथा हो जाएगी शुरू
- गरीब नहीं दे सकते हैं नगर निगम के भारी भरकम टैक्स

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतीराज संस्थाओं में लोगों की सहभागिता ज्यादा रहती है तथा प्रत्यक्ष रूप से पंचायतों के साथ जुड़े हुए हैं। पंचायत के सभी विकास कार्य में ग्रामीणों की सहभागिता होती है, ऐसे में नगर निगम में शामिल होने से ठेकेदारी प्रथा शुरू हो जाएगी। 14 पंचायतों को नगर निगम में शामिल किया गया है। इनमें से दड़ूही पंचायत, वजूरी, गसोता, दर बैली, बलौंगी, धलोट, बरोहा, भरनांग, बोहनी, बस्सी झनियारा, नेरी पंचायत के ग्रामीण उपायुक्त हमीरपुर के कार्यालय में पहुंचे।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पंचायत के गरीब लोग भारी भरकम टैक्स का भुगतान नहीं कर सकते हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि लोगों को पंचायतों में ही रहने दिया जाए। लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि उन्हें नगर निगम में शामिल न किया जाए। (अनंत ज्ञान)

# बजट का प्रावधान नहीं था तो सड़क का कार्य क्यों कर दिया शुरू

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



तीन माह से रुका है कार्य, लोग परेशान।

नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर 2 में ऐतिहासिक नर्वदेश्वर मंदिर से मुख्य रोड को जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य तीन महीने बाद ही पूरा नहीं हो सका है। पहले सड़क को उखाड़ दिया गया और फिर काम शुरू नहीं किया गया। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार शिकायत करने पर जब निर्माण कार्य शुरू किया गया तो इसे अब बीच अधर में छोड़ा जा रहा है।

संबंधित ठेकेदार की मानें तो जितना बजट था, उतना कार्य पूरा हो चुका है और बाकी बचे कार्य के लिए बजट का प्रावधान नहीं किया गया है। उधर, वार्ड वासियों ने इसकी शिकायत स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह को भी की है। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। लोगों के अनुसार अगर बजट पूरा नहीं था तो बाकी सड़क की खुदाई क्यों की गई। जितना बजट का प्रावधान किया गया था, उतनी ही सड़क उखाड़ी जानी चाहिए थी।

सुजानपुर के ऐतिहासिक नर्वदेश्वर मंदिर को मुख्य सड़क से जोड़ने वाले इस सड़क के निर्माण कार्य को अधर में लटकाए जाने से स्थानीय वार्ड वासियों ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर नाखुशी जताई है।

- लोगों ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह को भी सौंपी शिकायत

स्थानीय लोगों के अनुसार उनके घरों को जाने के लिए मात्र एक यही रास्ता है जो कि नगर परिषद द्वारा बीते 3 महीनों से बाधित किया गया है। आधी अधूरी छोड़ दी है सड़क, नगर परिषद द्वारा यह निर्माण कार्य निजी ठेकेदार को सौंपा गया है। पहले यह सड़क उखाड़ दी गई, फिर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। अब दलील दी जा रही है कि निर्माण कार्य के लिए बजट समाप्त हो गया है।

उधर, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि इस बारे मौका देखा जाएगा। नगर परिषद ईओ संजयुमार के अनुसार जितने बजट का प्रावधान किया गया था, उतना निर्माण कार्य कर दिया गया है।

### बिजली आईडी को आधार से लिंक करवाएं छूटे उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के सहायक अभियंता सौरभ राय ने उपमंडल के उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी आईडी को आधार नंबर से लिंक नहीं करवाया है, वे भोटा चौक स्थित उपमंडल कार्यालय में आकर इस प्रक्रिया को तुरंत पूर्ण करवा लें।

उन्होंने कहा कि आधार लिंक न करवाने वाले उपभोक्ता बिजली के बिल में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं से वंचित रह सकते हैं। इसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

### राज राजेश्वरी कॉलेज के छात्रों ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण




**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा द्वारा एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस एक दिन के भ्रमण पर प्रशिक्षु वर्ग भोटा से धार्मिक स्थल के रवाना हुए और मां ज्वाला जी, माता ब्रजेश्वरी देवी और चामुंडा माता के दर्शन किए। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने अपनी संस्कृति के विषय के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने प्रशिक्षु वर्ग जिसमें बीएड, डीएलएड व बीए के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण एक ज्ञानोपार्जन का कार्य भी करते हैं व ये सभी क्रियाएं शिक्षा का एक महत्वपूर्ण भाग हैं। यह एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह द्वारा निशुल्क भेजा गया। इस एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में समन्वयक अजय कुमार, कालेज कमेटी के सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर व कॉलेज का स्टाफ भी साथ था।

### बिलासपुर रैली को लेकर ब्लॉक कांग्रेस आज बैठक में करेगी विचार-विमर्श

**नादौन।** नादौन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक 3 दिसंबर को प्रातः 11 बजे गीता भवन नादौन में होगी। इसमें कांग्रेस सरकार के दो वर्ष पूरा होने पर बिलासपुर में 11 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली विशाल रैली के संबंध में रणनीति बनाई जाएगी। शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष शम्मी सोनी व ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। बैठक में ब्लॉक कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, सभी वरिष्ठ कांग्रेसी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई पदाधिकारी व सदस्य एवं कांग्रेस के सभी मोर्चा और विभागों की समस्त कार्यकारिणी बैठक में आमंत्रित हैं।

### कल तक बिजली का बिल जमा करवाएं हमीरपुर-1 के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले गांव सलासी, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, नाल्टी, बाड़ी, फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी, धनेड़ और आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 4 दिसंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 4 दिसंबर से पहले कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

# 15 तक गेहूं की फसल का बीमा करवाएं हमीरपुर के किसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले में प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा, जलभराव इत्यादि से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ रवि सीजन 2024-25 के दौरान भी उठाया जा सकता है। इसी योजना के तहत वर्तमान रबी सीजन में गेहूं की फसल के लिए हमीरपुर जिले की सभी तहसीलें और उपतहसीलें को अधिसूचित किया गया है कि जिले के किसान 15 दिसंबर तक अपनी फसल का बीमा करवा सकते हैं।

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री ने बताया कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना विभाग की वेबसाइट एचपीएग्रीकल्चर डॉट कॉम पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य प्रभावित किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना तथा उनकी आय को सुनिश्चित करना है ताकि वे अपने कृषि कार्य को सुचारु ढंग से जारी रख सकें। योजना के अंतर्गत सभी ऋणी किसानों को वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वत: ही बीमित किया जाएगा। यदि कोई ऋणी किसान योजना का लाभ नहीं उठाना चाहता है तो वह इस बारे में अपना घोषणा पत्र संबंधित बैंक शाखा में जमा करवा सकता है।



- फसल के बीमें के लिए प्रति कनाल देना होगा 36 रुपए प्रीमियम

अऋणी पात्र किसान अपना फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड और अपनी भूमि के कागजात सहित बीमा कंपनी के कार्यालय या नजदीकी लोक मित्र केंद्र, बैंक अथवा ऑनलाइन माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। किसी भी प्रकार के परामर्श के लिए किसान कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

गेहूं बीमा जानकारी के लिए बीमा कंपनी के जिला पर्यवेक्षक संदीप कुमार के मोबाइल नंबर 79866-45536 और राज्य पर्यवेक्षक अरुण कुमार के मोबाइल नंबर 93185-75000 पर संपर्क किया जा सकता है। गेहूं की फसल के बीमे के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर 900 रुपए यानी 36 रुपए प्रति कनाल प्रीमियम देना होगा। इसकी बीमित राशि 60,000 रुपए प्रति हेक्टेयर होगी। (अनंत ज्ञान)

### 15 तक बिजली का बिल जमा करवाएं हमीरपुर-2 के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 दिसंबर तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

### एनजीओ भवन के परिसर में आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस का जिला स्तरीय समारोह मंगलवार को यहां जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के समीप एनजीओ भवन में आयोजित किया जाएगा। जिला कल्याण अधिकारी बलदेव चंदेल ने बताया कि इस समारोह में हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने दिव्यांगों और उनके परिजनों से इसमें भाग लेने की अपील की है।

### थाती गुडराला सहकारी सभा प्रबंधक समिति के चुनाव 28 को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** दी थाती गुडराला सहकारी सभा कि प्रबंधक समिति डाकघर खैरी तहसील सुजानपुर का चुनाव कार्यक्रम चल पड़ा है, अनुमोदित चुनाव कार्यक्रम अनुसार 13 दिसंबर को सुबह 10 से बाद दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र उम्मीदवारों द्वारा भरे जाएंगे।

चुनाव संबंधी विस्तृत सूचना सभा के नोटिस बोर्ड पर चसपान कर दी गई है और चुनाव 28 दिसंबर को होंगे। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी गई।

# भोरंज क्षेत्र में 39 कन्याओं की शादी पर सरकार ने दिया 12.09 लाख का शगुन

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित खंड स्तरीय समितियों की बैठक एसडीएम शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक भोरंज खंड में 39 गरीब कन्याओं की शादी पर मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत कुल 12.09 लाख रुपए की राशि दी जा चुकी है। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 19 लड़कियों की शादी के लिए कुल 9.69 लाख रुपए दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 22.52 लाख रुपए की राशि वितरित की गई है। बेटी है अनमोल योजना की 562 लाभार्थियों को 14.55 लाख रुपए दिए गए हैं।

6 माह से 6 वर्ष तक के 2848 बच्चों और 748 माताओं को पोषाहार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत 18 वर्ष तक के बच्चों और 18-27 वर्ष के युवाओं के कुल 290 आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके हैं। एसडीएम ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत लड़कियों को प्रेरित, प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करने, उन्हें सशक्त बनाने तथा लड़कियों के प्रति लोगों की सोच में बदलाव लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु इस वित्त वर्ष में 2.81 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। एसडीएम ने मनरेगा कनवर्जेंस के माध्यम से बनाए जाने वाले 7 आंगनबाड़ी भवनों की रिपोर्ट भी तलब की। बैठक में अन्य योजनाओं और घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005 पर भी चर्चा की गई।

एसडीएम ने अधिकारियों को सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें।

### केंद्रीय विद्यालय में लगी चित्रकला कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में पीएम श्री योजना के अंतर्गत बैगलेस डे के दौरान विद्यार्थियों के लिए आर्ट (चित्रकला) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन चित्रकार राम सिंह द्वारा किया गया। छात्रा सोनल सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में चित्रों की बारीकियां और चित्रों में रंगों को संयोजन करना सीखा। छात्रा कीर्ति लखनपाल ने कहा कि यह एक अच्छा मौका है और हमे अपने विचारों को व्यक्त करने का मौका मिलता है। छात्रा शानवी गौतम का कहना है कि इस कार्यशाला में बहुत अच्छा लग रहा है और चित्र बनाने के विभिन्न तरीके सीख रहे हैं स छात्र पीयूष का कहना है कि हम सब इसमें आनंद के साथ सीख रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने विद्यार्थियों के छात्रों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप अपनी पेंटिंग को किसी प्रदर्शनी में लगा सकते हैं तथा घर की दीवारों पर सजा सकते हैं।

**आयोजन** बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का होना नितांत आवश्यक : डॉ. जगोता

# हैप्स के वार्षिकोत्सव में 223 मेधावियों का सम्मान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के वार्षिकोत्सव-3 का वार्षिक समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। 'अभिव्यक्ति थीम' पर मनाए गए इस वार्षिक समारोह में एलुमनाई डॉ. अंकुश जगोता (असिस्टेंट प्रोफेसर) राजीव गांधी राजकीय पोस्ट ग्रेजुएट आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। छात्रों ने अभिभावकों का दर्शक दीर्घा में पहुंचने पर वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों व तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय प्राचार्य शशिबाला ने स्वागत भाषण पढ़ा।




कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि व सुंदर परिधानों में सजे बच्चे।

मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य अतिथि, विद्यालय चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, विद्यालय निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्राचार्य विकासनगर नैना लखनपाल, प्राचार्या हीरानगर शशिबाला व विद्यालय समन्वयकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्रों ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। विद्यालय प्राध्यापिका डॉ. नीता सिंह ने मुख्य अतिथि के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्य विकास नगर, प्राचार्य हीरानगर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में विमल ठाकुर, दिव्य, अंजू, विक्रांत राठौर, नीतू, रवि शर्मा, कुसुम लक्की डिप के विजेता रहे। मेधावी 223 छात्रों को मुख्य अतिथि, विद्यालय चेयरमैन, विद्यालय वाइस चेयरपर्सन, विद्यालय निदेशक, प्राचार्य विकास नगर व प्रधानाचार्य हीरानगर ने अलग-अलग क्रियाकलापों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सरस्वती वंदना, अयि गिरि नंदनी, राग, मइया यशोदा, मेरे मामा जी, उत्तराखंड फोक, पैट्रियोटिक डांस, शिवाजी एक्ट, लघु नाटिका, कराटे प्रस्तुति, तुझमे रब दिखता है, प्रेम रतन धन पायो व युवी एक्ट रहे। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का होना नितांत आवश्यक है।

इवेंट मैनेजर चंद्र किरण, समन्वयक डॉ. नीता सिंह, रोहित अग्निहोत्री, रोहित शर्मा, पूजा शर्मा, माया शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक पटियाल, विपिन शर्मा, मधुबाला, रीता परमार, दीप शिखा, पूजा गुलेरिया, सन्नी वर्मा, ओंकार दत, विनता कुमारी, प्रेमलता, शालिनी, जितेन्द्र, संगीता, रिशु, दीपा, अभिषेक, पंकज शर्मा, उमा शर्मा, शिल्पा ठाकुर, मीना शुक्ला, संगीत अध्यापिका शिप्रा, अविनाश, अभिषेक, लक्ष्मी व सुशील सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक रहे। हैप्स के सभी अध्यापकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्राचार्य ने बधाई दी। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में राजेश ने जीता गोल्ड मेडल



**चंबा ।** हाल ही में चंबा में हुई पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप, जिसमें चुराह के राजेश ठाकुर ने अपना जलवा बरकरार रखते हुए 120 किलोग्राम भार कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर चुराह क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजेश ठाकुर ने इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजेश ठाकुर ने बताया कि चंबा में हुई पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश से तकरीबन 500 से ऊपर प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजेश ठाकुर ने बताया कि चैंपियनशिप से 2 दिन पहले इन्हें तेज बुखार था और इस प्रतियोगिता के लिए बिलकुल भी तैयार नहीं थे। आयरन पैराडाइज जिम सरोल के कोच मिस्टर भूपेंद्र और शिवाली राजपूत ने इन्हें काफी मोटिवेट किया और इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने को कहा। राजेश ठाकुर ने इनकी बात को मानते हुए प्रतिस्पर्धा में भाग लिया और चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। राजेश ठाकुर नेशनल चैंपियन है और युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

### जोगिंद्रनगर में जाम की समस्या से लोग परेशान



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सोमवार शाम को जोगिंद्रनगर सरकाघाट मार्ग पर मंदिर चौक से लेकर रेलवे फाटक तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे शहर में भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस जाम के कारण न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी हुई, बल्कि यातायात भी पूरी तरह से बाधित हो गया। गाड़ियों की कतारें कई किलोमीटर तक फैली हुई थीं, जिससे लोगों को घर लौटने में भारी समय लगा। जाम में फंसे लोग अपनी स्थिति से बेहद परेशान थे और प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की व्यवस्था न होने पर उन्होंने तीव्र नाराजगी जताई। स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति कोई नई नहीं है, बल्कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि प्रशासन की ओर से कई बार इस समस्या को लेकर आश्वासन दिए गए थे, लेकिन आज तक जाम की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान दिया जाता तो इस तरह की स्थिति से बचा जा सकता था। अब सवाल उठता है कि क्या प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाएगा या जाम की समस्या ऐसे ही अनदेखी होती रहेगी।

### विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने अधिकारियों से की बैठक



**दशमी रावत, रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू की स्पैल वैली के दलगांव में जनवरी माह में भुंडा महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। भुंडा महायज्ञ को लेकर सोमवार को विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन मंदिर परिसर दलगांव में किया। बैठक में विशेष तौर से आगामी भुंडा महायज्ञ को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए विधायक ने बताया कि इस महायज्ञ में सरकार व प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। वहीं सरकार व प्रशासन की ओर से इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा पेश नहीं आने दी जाएगी। विशेष तौर से लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग व हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों को विधायक ने सख्त निर्देश देते हुए बताया कि सभी विभाग भुंडा महायज्ञ को लेकर अपनी सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूरी करें, ताकि आगामी महायज्ञ में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत पेश न आए। मंदिर कमेटी को विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने आश्वासन दिया कि सरकार व प्रशासन इस महायज्ञ के लिए हर पहलू पर गंभीर है। वहीं मंदिर कमेटी ने विधायक के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि मंदिर कमेटी की ओर से लगभग सभी तैयारियां पूरी हो गई है। बैठक के बाद ब्राक्टा ने दलगांव-बाल्टा-नसारी-सुंगरी सड़क का निरीक्षण भी किया।

### कांग्रेस के पर्यवेक्षक राजीव रोहडू के प्रवास पर



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक राजीव वर्मा रोहडू विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर हैं, जिसके चलते सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व कांग्रेस कमेटी के सभी अग्रणी संगठन जैसे सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ईंटक, अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि उनका रोहडू आने का मकसद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व जिला कमेटी के गठन के बारे में कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ऐसे लोंगों को तवज्जो दी जाएगी जो बेदाग छवि और सभी को साथ लेकर निरन्तर लम्बे समय से कांग्रेस कमेटी के लिए काम कर रहे हैं। वर्मा ने कहा कि जो कार्यकर्ता अपना काम पूरी ईमानदारी से पार्टी के लिए कर रहे है उन्हें संगठन में तहरीह दी जाएगी।

सूडोकु 0005 ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0004 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

3 दिसंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** द्वितीया (01:11): **नक्षत्र** मूल (04:42), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** शूल (03:07) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:31), **राहुकाल** (02:47 -12:31)।

**विशेष दिन**

- 3 दिसंबर :डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती आज।
- 3 दिसंबर 2024 : चन्द्रदर्शन आज।

**मेषः** आज का दिन बेहतर रहेगा है। पैसे को लेकर कोई ठोस योजना बनाइए । निवेश मामले में समझदारी से काम लीजिए।

**वृषभः** परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा। अपने साथी और दोस्तों के साथ कुछ समय व्यतीत करें।

**मिथुनः** आज आप अपने पास के किसी व्यक्ति के लिए एक महंगा उपहार खरीद सकते है जो की उस व्यक्ति को आश्रयचकित् कर सकता है।

**कर्कः** वित्तीय स्थिति और खर्च में संतुलन बना रहेगा, अप्रत्याशित स्रोतों से आय का सृजन होता रहेगा। आपके वैवाहिक जीवन में खटास पैदा हो सकती है।

**सिंह :** आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाह रहे हैं तो फैसला लेने की अपनी क्षमता को और विकसित कीजिए। आंख बंदकर विश्वास ना करें।

**कन्या :** आमदनी बढ़ने के आसार हैं, कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। एकाग्रता बनाए रखें। व्यवसाय से जुड़ा कोई फैसला लेते वक्त आप सावधान रहें ।

**तुलाः** आर्थिक प्रबंधन में महारथ और सकारात्मक सोच की बदौलत आप आसानी से अपना आर्थिक लक्ष्य पा लेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा।

**वृश्चिकः** शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है परन्तु आपको अपने निवेश को लेकर सतर्क रहना होगा। कार्यालय का माहौल अनुकूल बना रहेगा।

**धनु :** एक साथ कई परियोजनाओं के बोझ तले दबा हुआ सा महसूस कर सकते हैं। मन में व्यग्रता रहेगी। कार्य को कुछ देर से शुरू कर पाएंगे ।

**मकर :** समय को बचाने की बजाय चिंता को समझना ज्यादा जरूरी होगा। बिना सोचे समझे आगे बढ़ते जायेंगे तो कड़ाई से सबक मिल सकता है।

**कुंभ :** एक अप्रत्याशित स्रोत से धन लाभ होने की संभावना है। नये विचार भी दिमाग में आयेंगे। दृढ़ प्रयासों से अपने लक्ष्य को पा लेंगे ।

**मीनः** परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। खर्च अधिक न हो इसका ध्यान रखिएगा। वाणी पर संयम रखें। उद्योग में निवेश करेंगे ।

बाल संरक्षण व कल्याण समिति तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना पर बैठक, डीसी मुकेश ने की अध्यक्षता

# अधिकारी बाल देखरेख संस्थाओं का दौरा कर सुविधाओं का लें जायजा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय चंबा में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना व मिशन वात्सल्य के तहत प्रायोजन और पालन-पोषण देखभाल अनुमोदन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला के सभी उपमंडलाधिकारियों व विकास खंड अधिकारियों को आदेशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे बाल देखरेख संस्थाओं का दौरा करें व उसमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत बच्चों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा ले, साथ ही विकास खंड भाटियात में नए बाल देखभाल संस्थान को खोलने के लिए विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने एसडीएम भाटियात को आदर्श ग्राम सुख आश्रय परिसर के लिए भूमि चयनित करने के आदेश दिए। उपायुक्त चंबा ने जिला के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से जिले में अनाथ, छोड़े व त्यागे हुए बच्चों, ट्रांसजेंडर व एकल नारियों की पहचान ग्राम पंचायतों के माध्यम से करके 15 दिनों के भीतर उन्हें जिला स्तर पर रिपोर्ट जमा करवाने के आदेश दिए।



बैठक के दौरान मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी व उपायुक्त।

इसके अतिरिक्त बाल देख रेख संस्थान के प्रभारियों को संस्थानों में मनाए जाने वाले सभी त्योहारों में उपमंडल अधिकारी व अन्य अधिकारियों को बुलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लिए आवेदित 09 नए पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की। इसके उपरांत अगली बैठक में उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चयनित 21 पात्र बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने की स्वीकृति भी प्रदान की। मुकेश रेपसवाल ने सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और मिशन वात्सल्य योजना का प्रचार-प्रसार को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**एसडीएम भाटियात को आदर्श ग्राम सुख आश्रय परिसर के लिए भूमि चयनित के आदेश**

इस अवसर पर अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अमित मैहरा, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मैहला, ज़िला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर , जिला कार्यक्रम अधिकारी (योजना) जीवन कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) राकेश कुमार, सांख्यकी सहायक लेख राज , बाल संरक्षक अधिकारी (संस्थागत) अजय कुमार ,बाल संरक्षण अधिकारी (गैर संरक्षण संस्थागत) रिकू शर्मा , बिधिक एवं परिवीक्षा अधिकारी माला शर्मा के अतिरिक्त जिला के विभिन्न उपमंडलों के उपमंडलाधिकारी (ना) वर्चुअली उपस्थित रहे।

## तीसा महाविद्यालय में एनएसयूआई के छात्रों ने की संकल्प अभियान की शुरुआत



शपथ लेते हुए एनएसयूआई के सदस्य।

**आजम डार, चुराह**

आज महाविद्याल तीसा में एनएसयूआई के छात्रों ने नशे के खिलाफ मोर्चा खोला दिया है। इस दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ता गुलजार शेख की अध्यक्षता में सभी एनएसयूआई के छात्रों ने कॉलेज कैंप्स के एक प्रतिमा के माध्यम से अभियान शुरू किया जिसमें यह प्रतिज्ञा ली गई कि हम आने वाली पीढ़ियों को नशा मुक्त बनाने की पलभरपुर कोशिश करेंगे।

इस दौरान गुलजार शेख ने बताया कि यह मुहीम प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष टोनी ठाकुर एवं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के निर्देश अनुसार शुरू किया गया है और हम इस मुहिम को ऐसे ही आगे चलाते रहेंगे और जब जब छात्र हित की लड़ाई में एनएसयूआई की पूरी टीम के साथ डट कर खड़े रहेंगे और पूरे चुराह में नशा के खिलाफ स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक करेंगे एवं इस मुहिम को एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रतिदिन कम से कम एक स्कूल में जाकर इसे आगे बढ़ाएंगे और नशे को जड़ से मिटाने की कोशिश करेंगे।

### तीसा अस्पताल में तीन दिन से बिजली गुल

**चंबा ।** नागरिक अस्पताल तीसा में तीसरे दिन भी बिजली की आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। इसके चलते मरीजों को रात के समय ठंड में ठिठुरना पड़ रहा है। तीन दिन पहले अचानक खराब हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में बिजली बोर्ड नाकाम हो रहा है। इसका खामियाजा अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ तीसा गांव में भी बिजली की आपूर्ति बंद पड़ी है। इस कारण लोग काफी परेशान हैं।

महिलाओं को रात का खाना अंधेरे में बनाना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को मोमबत्ती जलाकर अपनी पढ़ाई करनी पड़ रही है। उधर, बोर्ड के सहायक अभियंता अमित ठाकुर ने बताया कि बिजली की आपूर्ति को जल्द बहाल करवा दिया जाएगा।

## केंद्र से हिमाचल पर्यटन उद्योग को झटका सरकार व विपक्ष मौन : मनीष सरीन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



हाल ही में केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी सांझा की जिसमें केंद्र द्वारा स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत 23 राज्यों को 3296 करोड़ रुपए की राशि का विवरण है।

इस सूची में हिमाचल प्रदेश का नाम न होने पर आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने राज्य सरकार, विपक्ष व हिमाचल प्रदेश के सांसदों पर हमला बोला है।

मनीष ने कहा की प्रदेश की ऐसी अनदेखी पर प्रदेश सरकार व विपक्ष की चुप्पी हैरान करने वाली है। प्रदेश के चारों लोकसभा सांसद भाजपा के हैं परन्तु फिर भी प्रदेश के अधिकारों के साथ खिलवाड़ इन सांसदों की अक्षमता को दर्शाता है। पूर्वकथित स्कीम के तहत हिमाचल के पड़ोसी पंजाब व उत्तराखंड भी सूची का हिस्सा हैं लेकिन केंद्र द्वारा हिमाचल की पर्यटन परियोजनाओं को अनदेखा करना दुखद है।

मनीष ने कहा की हिमाचल प्रदेश एक पर्यटन प्रधान प्रदेश है व कोरोना काल में पर्यटन उद्योग को हुई क्षति से अभी तक उभरने की कोशिश कर रहा है। मनीष ने कहा की केंद्र द्वारा हर क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश के साथ किए सौतेले व्यवहार के लिए प्रदेश का कमजोर नेतृत्व जिम्मेदार है।( अनंत ज्ञान)

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जन्मदिन मनाया

**शिमला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का 64वा जन्मदिन प्रदेश मुख्यालय दीपकमल चक्कर शिमला में धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्यालय में और बाजार में लड्डू वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया। जश्न में भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, हरीश शर्मा, सुरेश, भानु, विजय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कर्ण नंदा ने बताया कि इस दौरान भाजपा के सभी नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई भी दी। नेताओं प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद अनुराग आदि ने बधाई दी।

## होटल मालिक व टैक्सी चालकों को बताए महिला पर्यटकों की सुरक्षा व उनके अधिकार

**अनंत ज्ञान, चंबा**





प्रशिक्षण के दौरान मौजूद टैक्सी चालक, पुलिसकर्मी और अन्य व जानकारी देते गणमान्य ।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग चंबा के सौजन्य से हिमाचल सलाहकार संगठन (हिमकॉन) शिमला के द्वारा होटल सिटी हार्ट चंबा में एक दिवसीय महिला पर्यटकों की सुरक्षा पर पर्यटक हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान 32 प्रशिक्षनार्थियों ने भाग लिया, जिसमें होटल मालिक, टैक्सी चालक तथा पुलिस अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को महिला पर्यटकों की सुरक्षा तथा उनके अधिकारों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई गई । इस समारोह पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रोफेसर प्रेम गुप्ता, वकील नवनीत पुरी व हिमकॉन के मुख्य प्रबंधक विनीत कुमार सहगल ने महिला पर्यटकों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी ।

कार्यक्रम में चम्बा होटल एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन, आदि हितधारक, हिमकॉन के समन्वयक मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

## आयुष चिकित्सा पैकेज प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में हो शामिल : डॉ . दिनेश

**ओपी शर्मा, चंबा**



इन्टरेगेटड मैडीकल एशोसिएशन आयुष के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा है कि अभी तक आयुष चिकित्सा पद्धति पैकेज को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल न करना भारतीय चिकित्सा पद्धति के आयुष चिकित्सकों के साथ अन्याय है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि कही यह आयुष मंत्रालय की सुस्त कार्य प्रणाली का परिणाम तो नही, जिसे भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र रूप से गठित किया गया है। भारतीय चिकित्सा पद्धति का समुचित विकास और सुदृढ़ीकरण हो इसलिए भारत सरकार को इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेते हुए भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुष पैकेज को भी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सम्मलित कर भारतीय चिकित्सा के आयुष केयर सेंटर व आयुष अस्पतालों के संचालित व कार्यरत चिकित्सकों को हतोत्साहित होने से बचाना चाहिए और इस संदर्भ में वह हिमाचल से कांगड़ा-चंबा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज के ध्यान में इस मसले को लाएंगे।

सांसद अभी चल रहे संसद सत्र में प्रमुखता से इस विषय को उठाए और आयुष पैकेज को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना मे सम्मलित करवाए। क्योंकि पेशे से सांसद भी आयुर्वेद चिकित्सक है और उन्हें आयुष चिकित्सा पद्धति से जुड़े चिकित्सकों का दर्द महसूस करना चाहिए।

आईएमए आयुष हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार की स्वास्थ्य उपयोगी इस योजना के तहत देश के लगभग 12 करोड़ 37 लाख परिवारों के लगभग 55 करोड़ सदस्य इस योजना के अंतर्गत सैकेंडरी व टेरीसयरी केयर हॉस्पिटेलाइजेशन के लिए पात्र है जिन्हें 5 लाख रुपए प्रति परिवार प्रति वर्ष आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत चिकित्सा पैकेज में सम्मलित किया गया है।( अनंत ज्ञान)

### कुगती में मोबाइल सिग्नल न होने से लोग परेशान

**भरमौर।** कुगती में मोबाइल टावर लगने के बाद लोगों की फोन पर बात नहीं हो पाती है यहां पर मोबाइल का सिग्नल कमजोर होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है यहां पर हर साल लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध कार्तिक स्वामी मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं। लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के कारण लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है।

हालांकि कंपनी ने यहां पर एक टावर लगाया भी है जिसे केवल 40 फोन ही चल पाते हैं। स्थानीय निवासी शिशु कुमार अशोक कुमार प्रदीप कुमार केवल सिंह अनुवाला ने कहा कि कंपनी द्वारा लगाया टावर शोपीस बनकर रह गया है।

## मणिमहेश प्रेस क्लब भरमौर की बैठक में उठा प्रेस रूम का मुद्दा



बैठक के दौरान प्रेस क्लब के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश प्रेस क्लब भरमौर की बैठक सोमवार को उपमंडल मुख्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मणिमहेश प्रेस क्लब भरमौर के अध्यक्ष विनोद ठाकुर ने की। इस दौरान उपमंडल के विभिन्न हिस्सों में कार्यरत पत्रकारों को पेश आ रही दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उपमंडल मुख्यालय भरमौर में पत्रकारों के लिए प्रेस रूम की व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शामिल प्रैस क्लब के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बाते कही। इस दौरान सदस्यों ने क्लब को बेहतरी के सुझाव भी दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रेस रूम की व्यवस्था हेतू क्लब के पदाधिकारी एडीएम भरमौर से मुलाकात कर जल्द आगामी कारवाई करने का आग्रह करेंगे। विनोद ठाकुर ने कहा कि प्रेस रूम और क्लब के भवन निर्माण हेतू जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी को भरमौर दौरे के दौरान एक ज्ञापन सौंपा गया था। साथ ही विधायक डॉ. जनक राज के समक्ष भी मामले को रखा गया था। लिहाजा इस पर मंत्री ने तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश उपमंडलीय प्रशासन को जारी कर दिए हैं। बैठक में उपमंडल के कुछ विभागों के अधिकारियों द्वारा फोन न उठाने की बात कही।

बैठक में फैसला लिया कि इस बावत एडीएम भरमौर को वास्तु स्थिति से अवगत करवाया जाएगा। पत्रकारों का मानना था कि समाचार में विभागीय पक्ष रखना आवश्यक रहता है। लिहाजा इस मामले को लेकर एडीएम भरमौर से आग्रह कर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए जाएं। बैठक में प्रैस क्लब के कोषाध्यक्ष मनोज ठाकुर, महासचिव अजय शर्मा बैठक के दौरान विशेष रूप से मौजूद रहें।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मीना देवी प्रथम

**अनंत ज्ञान, मंडी**



राजकीय महाविद्यालय रिवालसर व पनारसा में रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अंजलि परमार ने बताया कि क्लब द्वारा रंगोली व पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई । कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार, प्राध्यापक वर्ग व छात्रों को रेड रिबन बैज पहनाने के पश्चात मानव श्रृंखला बनाकर रेड रिबन की आकृति, सांस्कृतिक फैशन शो आयोजित कर एड्स के प्रति जागरूक किया गया। पोस्टर मेकिंग में मीना देवी प्रथम, तरुणा शर्मा द्वितीय व संजू तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया जिसमें टीम बी प्रथम, टीम ए द्वितीय व टीम डी तृतीय स्थान पर रही। एड्स व नशे के प्रति जनसाधारण को सजग करने को बाजार में जागरूकता रैली निकाली।

उधर पनारसा महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग एवं रील मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आशा प्रथम, वेदिका द्वितीय, और रेखा तृतीय रही। पेंटिंग में प्रिया प्रथम, रेखा द्वितीय जबकि गीतांजलि तृतीय रही। रील मेकिंग में जतिन और उसकी टीम प्रथम, रवि शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

### अनाथ बच्चों की सहायता के लिए करें दान : मुकेश

**चंबा।** अनाथ बच्चों की सहायता व शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत जिला चंबा सुख आश्रय कोष भारतीय स्टेट बैंक चंबा में खुलवाया गया है। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि इस खाते में एकत्रित धनराशि का उपयोग अनाथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व अन्य महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

मुकेश रेपसवाल ने जिला चंबा के सभी दानी सज्जनों से अपील की है कि वे मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के बैंक बचत खाते में दान देकर अनाथ बच्चों की मदद में भागीदार बनें।

## 'एड्स दिवस' जागरूकता पर किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील, शिमला में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा भूगोल विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में सोमवार को एड्स व ड्रग्ज विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

इस दौरान एन एस एस के बारह (12) वालंटियर्स द्वारा समाज में ड्रग्स के व्यापार, विद्यार्थियों तथा समाज पर ड्रग्स के दुष्प्रभाव एवं ड्रग्स और एड्स के कारणों और प्रभावों पर बेहतर नुक्कड़ का मंचन किया गया। नुक्कड़ का सफल निर्देशन प्रो. साची सूद, अस्सिटेंट प्रोफेसर, भूगोल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. जनेश कपूर , डॉ ज्ञान चंद, डॉ. रमेश चंद, प्रोफेसर नमिता, डॉ. कविता, डॉ. किशोरी, डॉ उज्ज्वल, तथा प्रोफेसर मनीला गुप्ता भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का आयोजन एनएस एस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर दिनेश शर्मा व डॉ. गीता की देखरेख में संपन्न हुआ।



**खुशी** कोई पहले से बनाई हुई चीज़ नहीं है। यह आपके अपने कार्यों से आती है।
-दलाई लामा

## संपादकीय

# घटती जनसंख्या पर चिंता बेवजह

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत की ओर से जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट पर चिंता जताना बेवजह प्रतीत होती है। उनका कहना है कि हिंदू समुदाय की जनसंख्या में गिरावट आ रही है, जो एक चिंताजनक मुद्दा है। उन्होंने बकायदा दो से तीन बच्चे पैदा करने पर जोर दिया। उनके इस बयान पर अब देशभर में बहस छिड़ गई है। विपक्षी पार्टियों ने भागवत को निशाने पर लिया है। वह परोक्ष रूप से इस बयान को मुस्लिमों पर हमला बता रही हैं, लेकिन मुस्लिम समुदाय को जनसंख्या वृद्धि के लिए दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। भागवत ने कहा था कि जनसंख्या में कमी चिंता का विषय है, क्योंकि जनसंख्या विज्ञान कहता है कि अगर जनसंख्या दर 2.1 से नीचे चली गई तो वह समाज नष्ट हो जाएगा। जनसंख्या वृद्धि के मुद्दे पर कड़ा कानून लागू करने से पहले हमें इसके पीछे के कारणों को समझना चाहिए। गरीबी, शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और लिंग असमानता जैसे कारक जनसंख्या वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक अवसरों में सुधार करने के साथ-साथ लिंग असमानता और गरीबी को कम करने के लिए काम करने के बारे में है। इसलिए एक समग्र दृष्टिकोण के साथ काम करने की आवश्यकता है। एक ओर, हिंदू समुदाय के लोग इसे अपनी जनसंख्या और संस्कृति के लिए खतरा मानते हैं, तो दूसरी ओर, विपक्षी दल इसे सांप्रदायिक और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उठाया गया मुद्दा मानते हैं।


जनसंख्या वृद्धि से बेशक आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति हो सकती है, लेकिन दूसरी ओर यह पर्यावरण, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डाल सकती है। जनसंख्या बढ़ने से पर्यावरण पर दबाव बढ़ना तय है। जल और वायु प्रदूषण जैसे समस्याओं से इंसानों को गुजराना होगा। वैसे भी इन समस्याओं से अभी हम दो-चार हो ही रहे हैं। बढ़ती जनसंख्या से जल, भोजना और ऊर्जा जैसे संसाधनों की कमी भी हो सकती है और ऊपर से बुनियादी ढांचे पर भी दबाव पड़ेगा। सड़कें, अस्पताल और स्कूल सब जगह रश नजर आएगा, इसलिए जनसंख्या वृद्धि के मुद्दे पर संतुलन बनाने की आवश्यकता है। हमें जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए परिवार नियोजन और शिक्षा जैसे कार्यक्रमों पर ध्यान देना चाहिए, साथ ही पर्यावरण और संसाधनों की सुरक्षा के लिए भी काम करना चाहिए। जनसंख्या वृद्धि से पूरा विश्व ही प्रभावित है। हम हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस इसलिए मनाते हैं ताकि जनसंख्या में वृद्धि के रुझान को पहचाना जा सके और इसे रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाई जा सके। इससे भी महत्वपूर्ण होता है जनसंख्या संबंधी चुनौतियों का समाधान निकालना। नियोजन, लैंगिक समानता, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकारों के महत्व को उजागर करने निश्चित रूप से इसमें आशातीत सफलता भी मिल रही है, लेकिन अभी इस दिशा में और सकारात्मक होकर काम करने की आवश्यकता है। इस समय सबसे तेजी से आबादी एशियाई और अफ्रीकी देशों में बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों पर गौर करें तो वैश्विक जनसंख्या 2030 तक लगभग 8.5 बिलियन, 2050 तक 9.7 बिलियन और 2100 तक 10.9 बिलियन हो जाएगी।

जनसंख्या बढ़ने के मुख्य कारण जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, प्रजनन दर में परिवर्तन, शहरीकरण और प्रवासन जैसे कारक भी शामिल हैं जिनका आने वाली पीढ़ियों पर व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना है। इससे आर्थिक विकास, रोजगार, आय वितरण, गरीबी और सामाजिक कल्याण को प्रभावित हो सकते हैं। यूएनएफपीए की 2023 में विश्व जनसंख्या रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अनुमानित जनसंख्या 142.86 करोड़ है, जो चीन से थोड़ा आगे है। ऐसे में भारत, चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। 2024 तक दुनिया के शीर्ष 10 सबसे अधिक आबादी वाले देशों में भारत 1,441,719,852 आबादी के साथ नंबर वन रैंकिंग पर है। वहीं, 1,425,178,782 आबादी के साथ चीन दूसरे तथा 341,814,420 आबादी के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है। इसके बाद नंबर आता है इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया, ब्राजील, बांग्लादेश, रूस और इथियोपिया का। ऐसे में हमें जनसंख्या घटने नहीं, बल्कि बढ़ने पर चिंता जतानी चाहिए और इसको कम करने के उपायों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के प्रथम राष्ट्रपति

**डॉ.** राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। राजेंद्र प्रसाद बेहद प्रतिभाशाली और विद्वान् व्यक्ति थे। राजेंद्र प्रसाद, भारत के एकमात्र राष्ट्रपति थे जिन्होंने दो कार्यकालों तक राष्ट्रपति पद पर कार्य किया। बिहार प्रांत के एक छोटे से गांव जीरादेयू में राजेंद्र प्रसाद का जन्म हुआ था। एक बड़े संयुक्त परिवार के राजेंद्र प्रसाद सबसे छोटे सदस्य थे, इसलिए वह सबके दुलारे थे। राजेंद्र प्रसाद के परिवार के सदस्यों के संबंध गहरे और मृदु थे। राजेंद्र प्रसाद को अपनी माता और बड़े भाई महेंद्र प्रसाद से बहुत स्नेह था। जीरादेयू गांव की आबादी मिश्रित थी। मगर सब लोग इकट्ठे रहते थे। राजेंद्र प्रसाद की सबसे पहली याद अपने हिंदू और मुसलमान दोस्तों के साथ 'चिक्का और कबड्डी' खेलने की है। किशोरावस्था में उन्हें होली के त्योहार का इंतजार रहता था और उसमें उनके मुसलमान दोस्त भी शामिल रहते थे और मुहर्रम पर हिंदू ताजिये निकालते थे। 'राजेन बाबू' (राजेंद्र प्रसाद) को गांव के मठ में रामायण सुनना और स्थानीय रामलीला देखना बड़ा अच्छा लगता था। घर का वातावरण भी ईश्वर पर पूर्ण विश्वास का था। राजेंद्र प्रसाद की माता बहुत बार उन्हें रामायण से कहानियां सुनातीं और भजन भी गाती थीं। उनके चरित्र की दृढ़ता और उदार दृष्टिकोण की आधारशिला बचपन में ही रखी गई थी। गांव का जीवन पुरानी परंपराओं से भरपूर था। इनमें से एक रिवाज था-बाल विवाह और परंपरा के अनुसार राजेंद्र प्रसाद का विवाह भी केवल बारह वर्ष की आयु में हो गया था। यह एक विस्तृत अनुष्ठान था जिसमें वधू के घर पहुंचने में घोड़ों, बैलगाड़ियों और हाथी के जुलूस को दो दिन लगे थे। वर एक चांदी की पालकी में, जिसे चार आदमी उठाते थे, सजे-धजे बैठे थे। रास्ते में उन्हें एक नदी भी पार करनी थी। बरातियों को नदी पार कराने के लिए नाव का इस्तेमाल किया गया। ■



डॉ. राजेंद्र प्रसाद
जन्म : 3 दिसंबर, 1884
मृत्यु : 28 फरवरी, 1963

## कविता

# सब यहीं रह जाएगा



डॉ. कौमार्या मनोज

*जी सको तुम जिंदगी, जी लो ये मुसाफिर।*
*क्या पता जिंदगी की, कल शाम हो जाए।।*
*तुम सोचते रहो यूं, क्या होगा तेरे कल का।*
*बिन खबर, तेरे मौत का, न इंतजाम हो जाए।।*
*जो करना है यार तुझको, कर ले तू जी भर के।*
*ऐसा न हो संपत्ति तेरी, यूं नीलम हो जाए।।*
*कल को जी लेंगे, कल फिर मिलेंगे।*
*सोच सोच जीवन न हराम हो जाए।*
*ऐसा न हो कि तन मन धन, तेरा नीलम हो जाए।।*
*कर तू वही जो ठाना तुमने, तब तो तू जी पाएगा।*
*लाख बचा संपत्ति यारों, सब यहीं रह जाएगा।।*
*सबके लिए तू जी लिया, खुद के लिए भी जी के देख।*
*जिंदगी से प्यार तुझको, यूं सरेयाम हो जाए।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# लार्ड इरविन पर बम फेंकने वाला हिमाचल का लाल क्रांतिकारी यशपाल



जयंति विशेष



लेखक : डॉ. कमल के. प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

प्रसिद्ध क्रांतिकारी साहित्यकार यशपाल का जन्म 3 दिसंबर ,1903 को माता श्रीमती प्रेम देवी व पिता श्री हीरा लाल के यहां पंजाब के फिरोजपुर छावनी में हुआ था। पिता श्री हीरा लाल खत्री, उस समय कांगड़ा जिले के अंतर्गत आने वाले हमीरपुर के भूंपल गांव में दुकानदारी के साथ-साथ तहसील स्तर के हरकारे का कार्य करते थे और रोजी रोटी के लिए उन्हें अक्सर घर से बाहर भी जाना पड़ता था। माता श्रीमती प्रेम देवी घर के कार्य के साथ स्कूल में अध्यापिका का कार्य भी करती थी। पिता हीरा लाल की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात परिवार की देखभाल का सारा बोझ माता प्रेम देवी पर ही आ गया था, फलस्वरूप दोनों बेटों की देखभाल का जिम्मा इन्हीं( माता )पर आ गया था। इसी कारण घरेलू आर्थिक स्थिति को देखते हुए पढ़ाई के लिए यशपाल को हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी पाठशाला में पढ़ने को भेज दिया गया था। गुरुकुल कांगड़ी पाठशाला से देश भक्ति के ज्ञान के साथ ही साथ 7वीं तक की ही, शिक्षा यशपाल प्राप्त कर पाए थे, क्योंकि बीमारी के कारण उन्हें बाद में फिरोजपुर व लाहौर से शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना पड़ा था।

गुरुकुल कांगड़ी पाठशाला से ही यशपाल में देश भक्ति की भावना व क्रांतिकारी विचारों की लौ प्रज्वलित हुई थी, क्योंकि यही पर उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों की कहानियों के साथ ही साथ उनके द्वारा किए जाने वाले हीन व्यवहारों के बारे में कई तरह की जानकारियां हासिल की थीं, जिनसे उनके अंदर अंग्रेजों के प्रति विद्रोह की भावना पैदा हो गई थी। लाहौर नेशनल कॉलेज में अपनी शिक्षा के मध्य ही, यशपाल का परिचय कॉलेज के अन्य साथियों के साथ ही साथ अपनी रुचि के साथियों में सरदार भगत सिंह, सुखदेव थापर भगवती चरण बोहरा से हो गया था, क्योंकि यशपाल की विचार धारा भी इन मित्रों की समाजवादी व मार्क्सवादी विचारों से मेल खाती थी। इसके साथ ही साथ अब यशपाल बड़े-बड़े नेताओं के भाषण भी सुनने लगे थे और फिर महात्मा गांधी जी के संपर्क में आने पर( वर्ष 1921, 18 वर्ष की आयु में ) उनके असहयोग आंदोलन में शामिल हो कर उनके साथ जोरों से प्रचार-प्रसार भी करने लगे थे, लेकिन जब महात्मा गांधी ने जब अपना आंदोलन वापस ले लिया तो यशपाल व साथियों को (12 फरवरी,1922)ठीक नहीं लगा और ये सभी गर्म दल के साथी, गांधी जी से अलग हो गए और इनके द्वारा हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का वर्ष 1928 में गठन किया गया, जिसके यशपाल भी सदस्य बन गए थे।

इसके पश्चात लाहौर में ही वर्ष 1929 में एचएसआरए के इनके कार्यालय में अंग्रेजों द्वारा छापा मारा गया, जिसमें कई एक क्रांतिकारियों को पकड़ा गया। यशपाल अप्रैल 1929 में छुपते छिपाते अपने गांव पहुंच गया, लेकिन गांव में भी जब कोई साथी नहीं मिला, तो जून माह में फिर वापस लाहौर पहुंच गया। यहां भी जब अपने साथियों का कुछ पता ठिकाना नहीं मिला तो फिर यशपाल खुद एचएसआरए की संस्था का मुखिया बन गया और फिर वकील के वेश में मिलने के लिए सरदार भगत सिंह के पास जेल में पहुंच गया और साथियों के बारे जानकारी हासिल की। उधर दूसरा छापा एचएसआरए संस्था की( सहारनपुर वाली ) बम बनाने वाली जगह पर मारा गया और पकड़े जाने पर इसमें कुछ लोग मुखबिर भी बन गए। 23 सितंबर 1929 को योजना अनुसार लार्ड इरविन को (खजाना लूटने के इरादे से ) मारने के लिए यशपाल द्वारा बम फेंका गया, लेकिन इरविन बच गया। इस पर सरदार भगत सिंह व सुखदेव को गिरफ्तार कर लिया गया, चंद्र शेखर आजाद मुठ भेड़ में गोली लगने से मारा गया। मुठभेड़ में ही 1932 में यशपाल को भी बाद में गिरफ्तार कर लिया गया और 14 साल की सजा सुनाई गई। बाद में संयुक्त प्रदेश में कांग्रेस के आ जाने से 6 वर्ष बाद ही, इन्हें अन्य कैदियों के साथ छोड़ दिया गया, लेकिन यशपाल के लिए पंजाब में जाने के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था।

वर्ष 1936 में जेल में ही इनकी (यशपाल की)मुलाकात महिला क्रांतिकारी प्रकाश वती से हो गई जो कि बाद में 7 अगस्त,1936 को जेल में ही शादी के बंधन में बदल गई। बाद में जेल से छूटने के पश्चात तो इनके लेखन का कार्य खुल कर होने लगा था। कई जगह यशपाल द्वारा संपादक का कार्य भी किया। कुछ समय कर्मयोगी में भी काम किया और फिर अपनी पत्रिका विप्लव भी निकालनी शुरू कर दी थी, लेकिन इनकी मार्क्सवादी विचार धारा होने के कारण अंग्रेजों की नजर इन्हीं पर रहने लगी थी, फलस्वरूप विप्लव को बाद में इन्हें बंद करना पड़ गया था। वर्ष 1941 में 'विप्लव कार्यालय' प्रकाशन की स्थापना की गई। इन्हीं के द्वारा फिर वर्ष 1944 में साथी प्रेस नामक प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना की गई।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात फिर से विप्लव निकालनी शुरू कर दी थी, लेकिन फिर वही इनकी विचार धारा मार्क्सवादी होने के कारण इन्हें वर्ष 1949 में गिरफ्तार कर लिया गया और पत्रिका भी बंद कर दी गई। वर्ष 1941 में ही ,'दादा कामरेड' व 1943 में 'देश द्रोही' नामक इनकी पुस्तकें निकल चुकीं थीं। 'आत्म कथा' व 'सिंहावलोकन' वर्ष 1951 से 1955 तक तीन खंडों में निकल चुकी थीं। इसी तरह से इनकी मृत्यु(21 सितंबर 1976)से पूर्व तक इनके चार खंड निकल चुके थे। यशपाल जी की अनेक विधाओं में प्रकाशित पुस्तकों का वर्णन निम्न प्रकार से किया जा सकता है-

1. 16 कहानी संग्रह हैं, जिनमें पिंजड़े की उड़ान, ज्ञान दान, भस्मा वृत्त चिंगारी, फूलों का कुर्ता, धर्म युद्ध, तुमने क्यों कहा मैं सुंदर हूं, उत्तमी की मां तथा चित्र का शीर्षक आदि।
2. उपन्यास 10 हैं, जिनमें दादा कामरेड, झूठा सच वतन देश, मेरी तेरी बात, देश द्रोही, मनुष्य के रूप, दिव्या, अमिता, बारह घंटे, अप्सरा का शाप व पार्टी कामरेड।
3.यात्रा वृत्तांत की 3 हैं जिनमें सिंहावलोकन, सेवाग्राम के दर्शन व नशे नशे की बात।
4. वैचारिक की केवल एक ही है गांधीवाद की शवपृक्षा।
5. डायरी की भी एक ही है मेरी जेल डायरी।
6. निबंध तथा व्यंग की 9 हैं ,जिनमें हैं राम राज्य कथा,माक र्सवाद, चक्कर क्लब, बात बात में बात, न्याय का संघर्ष, बीबी जी कहती हैं मेरा चेहरा रौबीला है, जग का, मैं और मेरा परिवेश और यशपाल का विप्लव।

इन सभी साहित्यिकी रचनाओं में सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक व्यवहारिक गतिविधियों के साथ रूढ़ियों तथा अंधविश्वासों की चर्चा मार्क्सवादी दृष्टि से की गई है। जिनसे हमें यशपाल के प्रगतिशील विचारों की जानकारी भी मिल जाती है। क्रांतिकारी साहित्यकार वीर यशपाल को उनकी पावन जयंती पर मेरा शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# जंगल की आग एक भयंकर समस्या



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

आज कल जहां भी नजर दौड़ाएं धुंध ही धुंध नजर आ रही है। दिसंबर मास का दूसरा पाखवाड़ा बीत चुका है और जनवरी शुरू ही होने वाला है, परंतु बारिश की संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है और यह धुंध का वातावरण इतना भयंकर रूप धारण करते हुए जा रहा है कि क्षेत्र में लोग अत्यधिक गैसीय बीमारियों से त्रस्त होकर अस्वस्थ लाचार व विवश नजर आते हैं जहां भी नजर दौरान ढूंढ ही ढूंढ का वातावरण और गौर से देखा जाए, तो इस धुनद्ध के पीछे का महत्वपूर्ण कारण है जंगलों में विभिन्न कारणों से लगने वाली आग।

जंगल में आग लगने के प्रमुख कारणों में से एक मानवीय गतिविधियां है। लापरवाही से की गई हरकतें जैसे कि बिना देखरेख के कैंप फायर, फेंकी गई सिगरेट और ज्वलनशील पदार्थों का अनुचित तरीके से निपटान आसानी से जंगल में आग लगा सकता है। कुछ मामलों में, जानबूझकर की गई आगजनी विनाशकारी जंगल की आग के लिए जिम्मेदार होती है। जंगलों में आग लगने से कई तरह के नुकसान होते हैं, जैसे जंगलों में आग लगने से कई तरह के जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का विलुप्त होना हो सकता है. इससे पारिस्थितिकी संकट पैदा हो सकता है। जंगलों में आग लगने से धुआं और छोटे कण वायुमंडल में प्रवेश करते हैं।

इन कणों से वायु की गुणवत्ता पर हानिकारक असर पड़ता है. इससे मनुष्यों और जानवरों के स्वास्थ्य को खतरा होता है जंगलों में आग लगने से कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा मिलता है। जंगलों में आग लगने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है और भू-स्खलन का खतरा बढ़ता है जंगलों में आग लगने से वनस्पति और जीव नष्ट हो जाते हैं।



जंगलों में आग लगने से मिट्टी की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। जंगल की आग के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन में योगदान देता है। जैसे-जैसे आग जलती है, वे पेड़ों और वनस्पतियों में संग्रहीत कार्बन की विशाल मात्रा को छोड़ते हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि होती है जो पहले से ही ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार है। गर्मी के मौसम में जंगलों में सूखे कूड़े को इकट्ठा होने से रोकें। प्रारंभिक तौर पर आग लगने वाली जगह के चारों ओर पानी का घेरा बना कर आगजनी की घटनाओं को रोका जा सकता है या आसपास छोटी खाई बना दें, ताकि आग आगे न फैल सके।

आग लगने की घटना के तुरंत बाद फायरब्रिगेड कर्मियों को बुलाएं। जगलों में आग लगने वाले संभावित क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोग आग लगने की अग्रिम जानकारी के लिए नियमित रूप अनाउंसमेंट सुने और आवश्यक निर्देशों एवं सलाह का पालन करें। अचानक जंगल में आग लगने के दौरान बिना डरे, धैर्य के साथ आग पर काबू पाने के प्रयास करें। अपने परिवार व आसपास के लोगों को आग से होने वाले नुकसानों की जानकारी दें।

जंगल में सूखे पत्तों या लकड़ियों के पास सुलगती हुई सिगरेट, बीड़ी आदि जलती हुई चीजें न फेंके। जंगल में पिकनिक के दौरान खाना बनाने के बाद जलती हुई लकड़ियां न छोड़ें, उन्हें पूर्णरूप से बुझा दें। आग के दौरान जंगल में जाने से बचें। जंगली मनुष्य जीवन यापन हेतु एक बहुत ही आवश्यक तत्व है। जंगलों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जंगलों से ही पानी के स्रोत निर्मित होते हैं अन्य प्रकार के संसाधन जुटाए जा जाते हैं।

धू -धू कर जब जलेंगे जंगल,
कैसे हो फिर धरा का मंगल।
जंगल को आग से बचाना है,
इस स्वर्णिम धरा को बचाना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**सोशल** मीडिया वह माध्यम है जो लोगों से बातचीत करने और सामाजिक रूप से जुड़ने में हमें सक्षम बनाता है। सोशल मीडिया द्वारा दुनिया भर में चल रही खबरों और घटनाओं के संदर्भ में जनता की जागरूकता में जबरदस्त वृद्धि हुई है, क्योंकि इंटरनेट किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में समाचार अधिक तेजी से फैलाता है। एक समय था जब केवल प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रिक मीडिया ही प्रचलन में थे, लेकिन धीरे-धीरे अब इंटरनेट का प्रादुर्भाव हुआ तो सोशल मीडिया ने अपने तरीके से परिवार, समाज और राष्ट्र को प्रभावित करना आरंभ कर दिया। आज परिवार, गली मोहल्ला, गांव, जिला राज्य और राष्ट्र से वैश्विक स्तर तक अपनी भावनात्मक,विचारात्मक भाषायी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम सोशल मीडिया है।

**रवि, कांगड़ा**

# आखिर बांग्लादेश के निशाने पर हिंदू संगठन ही क्यों?



लेखक : शिवालिक अवस्थी
शिला चौक, धर्मशाला

इस वर्ष 5 अगस्त को हुए बांग्लादेश में तख्तापलट की शुरुआत से ही बांग्लादेश में हिंदू निशाने पर हैं। बांग्लादेश में फैली अराजकता ने पड़ोसी मुल्कों के साथ-साथ पूरे देश की ताकतों के सामने खुद की फजीहत करवाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। इस तरह की पनप रही अव्यवस्था पर काबू कैसे पाया जाए, यह अभी भी एक चिंतनीय विषय बना हुआ है? पूर्व में हुए बांग्लादेशी आंदोलनों की बात करें, तो कहने को वे आंदोलन बेरोजगारी अथवा आरक्षण जैसे मुद्दों पर आधारित थे, परंतु जिस तरह आंदोलनों के बहाने हिंदुत्व सुलगता हुआ दिखाई दे रहा है।

इसके पीछे के असली कारण जग जाहिर अवश्य होने चाहिए। कुछ समय पहले उपद्रवों द्वारा हिंदुओं को निशाना बनाकर, हिंदू धर्म पर प्रहार करना, बांग्लादेश की निम्न स्तर की मानसिकता को दर्शा चुका है, जिसका प्रमाण बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों का तोड़ा जाना व हिंदुओं को बेघर कर उन्हें परेशान करके दिया जा चुका है। मौजूदा हालात की बात करें, तो बांग्लादेशी कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू धर्म की आस्था पर गंभीर चोट पहुंचाई जा रही है जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बांग्लादेशी संगठनों में हिंदुत्व के प्रति कितनी कटुता भरी पड़ी है इसका आंकलन गत अगस्त माह में मेहेरपुर (ढाका) के प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर में हुई हिंसा से लगाया जा सकता है। अचंभे की बात है कि जिस इस्कॉन मंदिर ने बांग्लादेशी शरणार्थियों की 1971 के मुक्ति संग्राम में मदद की, जिसने भोजन व मानवीय सहायता आदि की व्यवस्था उपलब्ध करवाई, उसी इस्कॉन मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं को तोड़ा गया। मंदिर में स्थापित भगवान के अर्चाविग्रहों को आग के हवाले करने की घिनौनी हरकत की जा चुकी है। यह सच में विचलित कर देने वाली घटना थी, जिसकी आलोचना समूचे विश्व ने की थी।



भले ही बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुखिया नियुक्त किया हो, लेकिन कहीं न कहीं हिंदुत्व आज भी बांग्लादेश की नजरों में खटक रहा है। बहरहाल, बांग्लादेश सरकार को उपद्रवियों और हिंसा को रोकने के लिए जल्द से जल्द अथक प्रयास करने होंगे नहीं तो यह आंदोलन कब व्यापक रूप धारण कर लेगा इसका आंकलन कर पाना कठिन हो जाएगा। हैरत की बात है कि आखिर हर बार की तरह बांग्लादेश के निशाने पर इस्कॉन के मंदिर ही क्यों? चटगांव इस्कॉन पुंडरीक धाम के कथित अध्यक्ष चिन्मय कृष्ण दास को बीते सोमवार देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, 25 अक्तूबर को सनातनी जागरण मंच ने 8 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था। इसी बीच कुछ लोगों ने भगवा ध्वज फहराया था। यहीं से पूरे मामले ने तूल पकड़ा और कृष्ण दास प्रभु समेत 19 लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करवाया गया।

मांगों में अल्पसंख्यकों के हित की बातें करने वालों को गिरफ्तार होते देख बांग्लादेश में सैकड़ों हिंदू प्रदर्शन करते नजर आए। मौका देखते हुए बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने हिंदुओं पर हमला बोल दिया और विशेष कर बांग्लादेशी कट्टरपंथियों द्वारा इस्कॉन के प्रति गहरा आक्रोश निकालते देखा गया। बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों के प्रति हो रहे अत्याचारों के लिए भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने भी कड़ी नाराजगी जाहिर की है। इसके साथ ही बांग्लादेश सरकार को सख्ती से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की सलाह भी दी जा चुकी है। बहरहाल, लंबे समय से बांग्लादेश में चले आ रहे अहिंसा के तमाम घटनाक्रमों पर अब जल्द ही अंकुश लगना चाहिए। ताकि वहां रह रहे हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों का जीवन सुरक्षित बन सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**अनंत** ज्ञान अखबार की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है, थोड़ा सा देर शाम की खबरें भी कवर करने का प्रयास करें, यह सब ई -पेपर में भी शामिल किया जा सकता है। हमारी नजदीकी न्यूज एजेंसी धनोटू( राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21) है जहां इस बढ़िया अखबार का काउंटर सेल होना जरूरी है, इसमें चंडीगढ़ बस अड्डे पीजीआई चंडीगढ़, पठानकोट, जालंधर, नंगल, कीरतपुर, रोपड़ आदि को शामिल किया जा सकता है, क्योंकि इसके पक्के पाठक (ग्राहक) तो हैं, मगर जब-जब मैं एजेंसी में गया, मुझे अनंत ज्ञान समाचार पत्र नहीं मिला, कृपया करके काउंटर सेल भी बढ़ाएं और प्रसार संख्या भी। यहां से सुंदरनगर शहर की सीमा करीब दो किलोमीटर दूर है बस अड्डा सुंदरनगर तीन किलोमीटर पड़ता है वहां काउंटर सेल मिलता है और खासकर शहर के ललित चौक पर भी मिलता है, मगर बीबीएमबी कालोनी में नहीं मिलता, सुंदरनगर क्षेत्र के जड़ोल, कांगू, सलापड़, सलापड़ कालोनी बीबीएमबी कालोनी व डैहर आदि इलाकों में भी अन्य अखबारों की तरह अनंत ज्ञान भी लगवाएं, वहीं काउंटर सेल भी बढ़ाएं। अब बात अखबार की चल रही है तो हिंदी में छप रहे इस दैनिक में अभी और बहुत कुछ छपना बाकी है, नौकरी पेशा करने संबंधी जानकारी छापने सहित पहाड़ी (हिमाचली) में कविता छपे वहीं मुख पृष्ठ पर हिमाचल प्रदेश से संबंधित किसी हुनरबाज व्यक्ति पुरस्कार-सम्मान प्राप्त आदि का लेख (माटी के लाल) एवं इसका शेष अखबार के आखिरी पृष्ठ पर छपे। आगे सुझाव यह है कि पुस्तक समीक्षा को भी स्थान दें और कार्टून कोना हास्य-व्यंग्य इत्यादि भी छापते रहें और बातें करते चलें तो अनंत ज्ञान के साथ बड़ी संख्या में कलम के सिपाही खड़े हैं यह खुशी की बात है। पिछले दिनों अनंत ज्ञान की ओर से ऊना में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, साथ ही अब आने वाले दिनों में अखबार की सालगिरह के मौके पर नगरोटा बगवां (कांगड़ा) में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इस पुनीत कार्य के लिए भी तमाम संपादक मंडल यानी अनंत ज्ञान परिवार की जितनी भी तारीफ की जाए कम है, मेरी ओर से आप सबको अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं।



**भीम बसेडू राजपूत**
**महादेव, सुंदरनगर**
**मोबाइल 98161-29019**

**अनंत** ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अटूट समर्पण और असाधारण कार्य से न केवल जनता को जागरूक किया है, बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दैनिक अनंत ज्ञान ने कम समय में ही जो अपनी पहचान बनाई है वह सराहनीय है। इसमें हर प्रकार के लेख, समाचार, गांव से संबंधित सामग्री, धर्म और स्वास्थ्य जैसे विषय आकर्षित करते हैं, क्योंकि पाठकों को ऐसी ही सामग्री अच्छी लगती है। भविष्य में इस परिवार की लगन व मेहनत से अनंत ज्ञान भी स्तरीय पन्नों में स्थान पा सकता है। इसमें कोई शक नहीं। इसके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।



**सुनील ठाकुर, सोलन**
**मोबाइल 94181 47711**

**दैनिक** अनंत ज्ञान ने एक वर्ष की कम अवधि में अपनी पहचान बनाई है जो कि सराहनीय है। समाचार पत्र में हर प्रकार के लेख, समाचार, गांव से संबंधित सामग्री, धर्म और स्वास्थ्य जैसे विषय आकर्षित करते हैं। पाठकों को ऐसी ही सामग्री अच्छी लगती है। भविष्य में इस परिवार की लगन व मेहनत से अनंत ज्ञान भी स्तरीय पन्नों में स्थान पा सकता है। इसमें कोई शक नहीं। इसके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।



**मुकेश विग, सोलन**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :* 88945-21702**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हवलदार नवल किशोर ने सियाचिन में पाई शहादत, जलौन में मातम

## डेढ़ साल पहले हुई थी शादी, पत्नी भी हिमाचल पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी जिला की सदोह पंचायत के जलौन गांव के वीर जवान हवलदार नवल किशोर ने सियाचिन ग्लेशियर में जलवायु व पर्यावरणीय स्थिति के चलते देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति मां भारती के चरणों में देकर सर्वोच्च बलिदान दिया है। हवलदार नवल किशोर के शहीद होने की खबर मिलते ही घर परिवार व गांव में माहौल गमगीन हो गया। 28 वर्षीय शहीद हवलदार नवल किशोर 2017 में जैक राइफल में भर्ती हुए थे।

डेढ़ साल पहले ही नवल किशोर की शादी पुलिस में महिला कांस्टेबल श्वेता देवी से हुई। कांस्टेबल श्वेता किन्नौर के टापरी पुलिस स्टेशन में ड्यूटी पर तैनात हैं। शहीद के पिता भगत राम ने बताया कि उन्हें रविवार रात को लगभग 9 बजे नवल किशोर के शहीद होने की सूचना यूनिट से सैन्य अधिकारी द्वारा दूरभाष से प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि नवल किशोर ढाई महीने पहले चार दिन की छुट्टी काटकर सियाचिन ग्लेशियर में ड्यूटी के लिए गया था और दोबारा मार्च में छुट्टी आने की बात की थी। नवल किशोर ने शनिवार को अपने माता-पिता से फोन पर आखिरी बार बात की थी।

वह अपने पीछे माता-पिता, पत्नी व छोटा भाई को छोड़ गए हैं। शहीद का छोटा भाई सुनील भी सेना में भर्ती होकर 8 जैक राइफल में तैनात हैं। वहीं प्रशासन की ओर से तहसीलदार कोटली विकास कुमार, पटवारी व पंचायत प्रधान देवी चंद ने शहीद नवल किशोर के घर जाकर उनके परिवार से मिले। सैनिक कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल गोपाल गुलेरिया ने बताया कि हवलदार नवल किशोर की यूनिट से कमांडर द्वारा उन्हें नवल किशोर के शहीद होने की सूचना प्राप्त हुई है। शहीद की पार्थिव देह मंगलवार को चंडीगढ़ के लिए एयरलिफ्ट की जाएगी।

जहां से सड़क मार्ग द्वारा उनके घर जलौन पहुंचाया जाएगा व पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा, लेकिन मौसम के मद्देनजर ही आगामी कार्रवाई पूरी की जाएगी।



शहीद हवलदार नवल किशोर के घर में गमगीन माहौल।

### पहले ही प्रयास में सेना में भर्ती हुए थे शहीद नवल किशोर



शहीद नवल किशोर की बचपन से ही सेना में भर्ती होने की इच्छा थी। नवल किशोर ने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरयारा से की और उसके बाद वर्ष 2017 में सेना भर्ती के प्रथम प्रयास में ही भर्ती हो गए। शहीद नवल के पिता भगत राम किसान है और उनके छोटा बेटा भी अपने बड़े भाई से प्रेरणा लेकर सेना में भर्ती हुआ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### विद्यार्थियों को एड्स के खिलाफ किया जागरूक



अनंत ज्ञान, मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी के रेड रिबन क्लब द्वारा सोमवार को एचआईवी/एड्स और टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डॉ. अरिंदम रॉय जिला एड्स-टीबी सर्विलांस कार्यक्रम अधिकारी, क्षेत्रीय अस्पताल, मंडी ने विशिष्ट वक्ता के रूप में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रो. ललित कुमार अवस्थी, कुलपति ने कहा कि वैदिक प्रणाली ने मानव जीवन के चार चरणों को परिभाषित किया है, जो संतुलित और स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाते हैं। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पहला स्थान ग्रुप नंबर 3 अंचल, रोहिणी, और शबनम ने प्राप्त किया।

### 55 स्कूली बच्चों को दिए गर्म कपड़े व स्वेटर



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। हेल्थ कैंप का आयोजन रोटरी क्लब सुंदर नगर द्वारा कमांद में किया गया, जिसमें क्लब द्वारा स्कूल के 55 बच्चों को गर्म कपड़े व स्वेटर दिये गये। इसके अलावा 7 डॉक्टरों की टीम द्वारा ग्रामीण की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। इस अवसर पर डॉ जेसी शर्मा आँख स्पेशलिस्ट, डॉ. आरके गुप्ता ऑर्थो, डॉ. साजिद फ़ारूकी मेडिकल, डॉ. अर्पित जोशी आँख, डॉ चमन ठाकुर चाइल्ड स्पेशलिस्ट, डॉ. एके ऑर्थो व डॉ. अनिल ठाकुर दांत चिकित्सक द्वारा मरीजों की जांच की गई तथा मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई। यह जानकारी रोटरी क्लब सुंदरनगर के प्रधान घनश्याम तथा सचिव राकेश सेन द्वारा दी गई।

### जागृति शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में लगाया रक्तदान कैंप



अनंत ज्ञान, मंडी। मंडी के देवधार स्थित जागृति शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में वीर बाल दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत संस्थान के प्रबंध निदेशक अटल राजू ने रक्तदान करके की और संस्थान के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। अटल राजू ने बताया कि वीर बाल दिवस हर साल 10वें सिख गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों बाबा अजीत सिंह (17 वर्ष), बाबा जुझार सिंह (15 वर्ष), बाबा जोरावर सिंह (9 वर्ष), बाबा फतेह सिंह (7 वर्ष) और माता गुजरी जी की शहादत को नमन करने के लिए मनाया जाता है।

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व एड्स दिवस



अनंत ज्ञान, मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में स्थापित एनसीसी वायु सेना विंग व आर्मी विंग यूनिटों ने विश्व एड्स दिवस पर मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रविंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया। डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा- एड्स के मरीजों के प्रति समाज में अभी भी भेदभाव और नकारात्मक दृष्टिकोण पाया जाता है। संगोष्ठी में जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने बतौर स्रोत व्यक्ति एनसीसी कैडेट्स व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया।

### एड्स की बीमारी से बचाव व रोकथाम पर दी जानकारी



अनंत ज्ञान, गोहर। राजकीय महाविद्यालय बासा में एड्स दिवस के उपलक्ष्य में रेड रिबन क्लब की ओर से विभिन्न गतिविधियों पर आधारित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय बासा के प्राचार्य पूर्ण चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस मनाने का उद्देश्य एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना और इस बीमारी से संक्रमित व्यक्ति के प्रति सहानुभूति व समर्थन दिखाना है। कार्यक्रम में एड्स की बीमारी से बचाव व रोकथाम पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

### रोल प्ले प्रतियोगिता में रवि, अर्णव और अभिषेक प्रथम



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर सोमवार को माइंड ऑपरेशन अकादमी में व्यक्तित्व विकास और स्पोकन इंग्लिश कोर्स के अंतर्गत छात्रों के आत्मविश्वास और संवाद कौशल को निखारने के लिए रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न भूमिकाएं निभाकर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में रवि कुमार, अर्णव ठाकुर और अभिषेक ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। विनायक, बाबा हार्दिक और अर्णव को दूसरा स्थान मिला, जबकि अमन ठाकुर, अमित और अहम तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को अकादमी की ओर से मोमेंटो और पेन देकर सम्मानित किया गया।

### किशोरियों के लिए करवाया प्रोत्साहन कार्यक्रम



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। चौंतड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में बाल विकास परियोजना अधिकारी के सौजन्य से किशोरी मेला आयोजित किया गया। मेले की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य युधिष्ठिर राणा ने की, जिसमें लगभग 75 किशोरियों ने भाग लिया। इस अवसर पर किशोरियों के प्रोत्साहन और स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शवरना ने किशोरावस्था के शारीरिक और मानसिक बदलावों पर चर्चा की।

# विद्यार्थियों से दोगुना लिया गया परीक्षा शुल्क हुआ वापस

अनंत ज्ञान, मंडी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सरदार पटेल विश्वविद्यालय इकाई, मंडी की बड़ी जीत हुई है। 6 महीनों से विद्यार्थी परिषद लगातार छात्रों से वसूली गई दोगुनी परीक्षा शुल्क वापस करने की मांग कर रहा था।

इस बीच फाइनेंस ऑफिसर की भी बदली हुई जिस कारण विद्यार्थियों के हितकर कार्य करने में भी समस्या आई परंतु विद्यार्थी परिषद छात्र हित को लेकर सदैव अटल रही है और परिषद ने अपनी लड़ाई जारी रखी जिसका परिणाम आज देखा गया।

सोमवार को विद्यार्थियों के बैंक खाते में दोगुना लिया गया परीक्षा शुल्क आ चुका है।

अधिक लिया गया परीक्षा शुल्क वापस होने से विश्वविद्यालय के छात्रों में खुशी की लहर है। यही खुशी विद्यार्थी परिषद को छात्र हित में काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। विशाल ठाकुर ने कहा की एबीवीपी छात्र हित के लिए सदैव कार्य करती रहेगी।

# एड्स पर छात्रों को जागरूक करना जरूरी

अभिषेक, जोगिंद्रनगर



पोस्टर मेकिंग के दौरान छात्राएं।

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में आज विश्व एचआईवी एड्स दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना और उन्हें इस गंभीर बीमारी के प्रति सही जानकारी प्रदान करना था। स्कूल के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान बताया कि, 'एचआईवी/एड्स बारे में छात्रों में जागरूकता पैदा करना बेहद आवश्यक है, क्योंकि यह एक वैश्विक समस्या बन चुकी है।

कार्यक्रम के दौरान, एक विशेष ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता और सहानुभूति का संदेश दिया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर और अन्य शिक्षक गण ने विजेता छात्रों को शाल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर





प्रतियोगिता के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

उपमंडल सुंदरनगर के जनरल स्थित लिटिल स्कॉलर्स होम स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए प्रिंसिपल सुजाया शर्मा ने कहा कि स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के ग्रीन, ब्लू, रेड और यलो हाउस के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले चार हाउस के बच्चों को ओवर ऑल ट्रॉफी के साथ नवाजा गया। पहले दिन नर्सरी, एलकेजी ,यूकेजी के बच्चों ने बाल और बकैट,वन लैग रेस और फ्रॉग रेस में भाग लिया और अपने-अपने हाउस के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया।

दूसरे दिन इंटर हाउस किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में हरुपिंदर सिंह और वसुंधरा पठानिया ने शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक पंकज शर्मा ने मुख्यातिथि को टोपी और शॉल के साथ सम्मानित किया। स्कूल के कराटे व किक बॉक्सिंग कोच भूपी कोच को भी टोपी पहनाकर कर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्यातिथि हरूपिंदर सिंह और वसुंधरा पठानिया ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और बच्चों ने अपने-अपने हाउस के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# बीबीएमबी नहर में मिला सांभर, निकाला बाहर

आदर्श, नेरचौक



बीबीएमबी की बग्गी धनोटू नहर में रविवार देर रात को पाली गांव के समीप एक सांभर गिर गया। सांभर को सुबह सैर पर निकले कुछ लोगों ने देखा तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के बग्गी व नंदगढ़ ब्लॉक के कर्मचारियों की एक टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत कर स्थानीय युवाओं के सहयोग से सांभर को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल दिया।

वहीं बग्गी क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने बीबीएमबी प्रबंधन से नहर के दोनों ओर सुंदर नगर जलाशय (झील) की तर्ज पर लोहे की जाली लगाने की मांग की है। सुरक्षा की दृष्टि से बीबीएमबी प्रबंधन को बग्गी से लेकर सुंदर नगर तक नहर किनारे बीबीएमबी जलाशय (झील) की तर्ज पर लोहे की जाली लगानी चाहिए।

डीसीएफ सुकेत राकेश कटोच ने कहा कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने नहर से सांभर को सुरक्षित बाहर निकाल दिया है।

# गोशाला में तेंदुए ने दो भेड़ों को मारा, आठ लापता

मंडी। ग्राम पंचायत बसूट के बिजर गांव में शनिवार रात तेंदुए ने गोशाला में घुसकर दो भेड़ों को अपना शिकार बना लिया। गोशाला से आठ भेड़ें गायब हैं। घटना का पता सुबह तब चला जब मालिक उन्हें देखने के लिए गोशाला पहुंचा। पीड़ित प्यारे लाल निवासी बिजर ने बताया कि रात को सभी भेड़ें गोशाला के अंदर थीं।

लहूलुहान पड़ी भेड़ों को देखा तो दंग रह गया। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को दी। स्थानीय निवासी दिवान खत्री ने बताया कि प्यारे लाल भेड़ों को गोशाला में रखता था। इसमें दो भेड़ें मृत मिलीं जबकि आठ भेड़ें लापता हैं।

# शिवा परियोजना किसानों की आर्थिकी को मजबूत बनाने में सहायक : सी पाल रासू

अनंत ज्ञान, मंडी

बागवानी सचिव सी पाल रासू ने सोमवार को बल्ह क्षेत्र के धड़वाहन सैहल शिवा कलस्टर का दौरा किया तथा इस शिवा कलस्टर के अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों से परियोजना से संबंधित जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर बागवानी सचिव सी पाल रासू को अधिकारियों द्वारा अवगत करवाया गया कि इस परियोजना के अंतर्गत थड़वाहन में 17 हेक्टेयर भूमि को कवर किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से अमरूद की फसल लगाई गई है, जिसमें ललित, श्वेता, हिसार सफेदा इत्यादि प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं। इसमें लगभग 1667 पौधों से फल के नमूने आना आरंभ हो गए हैं। दो बागवानों ने अभी अपने फल बेचने भी आरंभ कर दिए हैं।

बागवानी सचिव सी पाल रासू ने बताया कि शिवा परियोजना प्रदेश के निचले क्षेत्रों के किसानों व बागवानों की आर्थिकी को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने स्थानीय बागवानों व किसानों से शिवा परियोजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है, ताकि बागवानी के माध्यम से उनकी आर्थिकी में बदलाव लाया जा सके। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी से आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर बल दिया ।

# पठानकोट चौक पर दो कार और बाइक की टक्कर



जोगिंद्रनगर। पठानकोट चौक पर सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक सड़क दुर्घटना में दो कारों और एक बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के समय चौक पर भारी यातायात था, लेकिन सौभाग्य से इस घटना में किसी को चोटें नहीं आईं। घटना के बाद सभी पक्षों ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया। दुर्घटना के चलते कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

# धर्मपुर को नगर पंचायत बनाने पर विरोध

अनंत ज्ञान, धर्मपुर



तहसीलदार को ज्ञापन प्रेषित करती हुई महिलाएं।

धर्मपुर पंचायत को नगर पंचायत बनाने का विरोध शुरू हो चुका है। सोमवार को धर्मपुर पंचायत के वार्ड कलस्वाई, बरडाणा, बनवार कलां, छपाणु व धर्मपुर महिला मंडलों की सैकड़ों सदस्यों ने इकट्ठा होकर तहसीलदार धर्मपुर के माध्यम से जिलाधीश मंडी व प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा, जिसमें मांग की है कि धर्मपुर को नगर पंचायत न बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि धर्मपुर पंचायत के चार वार्ड कलस्वाई, बनवारकलां, बरडाणा व छपाणु ग्रामीण क्षेत्रों में है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का कोई भी साधन नहीं है। ग्रामीण लोग मनरेगा में दिहाडी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।

### कहा-जबरदस्ती नगर पंचायत बनाई तो होगा प्रदर्शन

उन्होंने आपत्ति जताई है कि ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पंचायत में शामिल करने से मनरेगा का कार्य बंद हो जाएगा और ग्रामीणों को अपनी आजीविका व परिवार का पालन पोषण करने में समस्या उत्पन्न होगी।

वहीं दूसरी तरफ धर्मपुर पंचायत प्रधान ज्योति देवी का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के साधन नहीं है और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों पर नगर पंचायत बनने से अतिरिक्त टैक्स का बोझ बढ़ेगा। उपस्थित महिला मंडलों की सदस्यों ने सरकार को चेताया हैं कि अगर जबरदस्ती धर्मपुर को नगर पंचायत बनाने की कोशिश की गई तो सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस स्वेच्छा से धन करें दान

मंडी। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अपूर्व देवगन ने जिलावासियों से आग्रह किया कि वह सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में ऐच्छिक रूप से धन दान करें। यह धनराशि पूर्व सैनिक, दिव्यांग सैनिक एवं उनके जरूरतमंद परिवारों को समय-समय पर आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध करवाई जाती है।

उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश में 7 दिसंबर से 31 दिसम्बर तक इस पुण्य पर्व को कार्यान्वित किया जा रहा है। उन्होंने जिलावासियों से इस अवधि में स्वेच्छा से धनराशि दान करने का आग्रह किया है।

# 5 साल में एक एमआरआई मशीन नहीं लगा पाए जयराम : पवन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



जानकारी देते पवन ठाकुर एवं कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता।

5 साल मुख्यमंत्री रहते हुए जयराम ठाकुर अपने गृह क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज नेरचौक में एमआरआई मशीन नहीं लगा पाए। लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंडी के 10 विधानसभा के नेताओं की आवाज पर एक बार में ही एमआरआई मशीन दे दी।

यह बात सरकाघाट के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर ने कहीं। उन्होंने कहा की नेरचौक मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार के समय में बना था लेकिन उसके उपरांत भाजपा सरकार ने उसमें विकास करने की दिशा में कोई कार्य नहीं किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से सवाल करते हुए कहा की एसी कौन सी मजबूरी थी की 5 साल में जयराम सरकार एमआरआई मशीन नहीं लगा पाई। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार ने 5 साल में 600 करोड़ राजस्व ही इक्ठ्ठा किया लेकिन कांग्रेस सरकार ने 2 साल में ही 3500 करोड़ इस साल के मार्च महीने में जमा होगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पूरा करने पर 11 दिसंबर को बिलासपुर में जश्न मनाने जा रही है जिसमें मंडी से करीब 60 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे और पूरे धूमधाम से यह इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दो वर्ष के कार्यकाल में जो उपलब्धियां सरकार ने हासिल की है उनको जन जन तक पहुंचाया जाएगा।

वहीं उन्होंने बताया कि मंगलवार 3 दिसंबर को पंडोह के समीप रोप वे का उद्घाटन करने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आ रहे है और रोपवे को जन सुविधा के लिए समर्पित करेंगे।

# बरसाती पानी से फोरलेन को खतरा

भीम बसेड़ू, महादेव



ढला नाल के पास जरल गांव से होकर निकाले गए फोरलेन का एक बड़ा मुख्य भाग गहरा एवं ढलानदार होने से आसपास का पानी खासकर बरसाती पानी की निकासी के लिए नाली न होने से झरने की तरह गिरते-फैलते रहने से फोरलेन के नुकसान हुए भाग को दो तीन बार सुधारा तो जरूर गया है मगर अभी तक नाली बनाने की नहीं सूझी है जबकि संबंधित प्राधिकरण को यह सब कई बार बताया गया है। बुद्धिजीवी लोगों ने बताया कि संबंधित प्राधिकरण व केंद्र सरकार से मांग की है कि आगंतुकों आदि की सुख सुविधा के मद्देनजर भौगोलिक स्थिति का भी ख्याल कर नाली इत्यादि का निर्माण समय रहते करें। (अनंत ज्ञान)

## सरोकार | कोटली पंचायत व सक्रोहा गांव के जरूरतमंदों को दी सहायता राशि

# जरूरतमंदों की सहायता में न्यू लाइफ लाइन संस्था

अनंत ज्ञान, मंडी

जरूरतमंदों की सहायता में न्यू लाइफ लाइन संस्था विशेष भूमिका में है। बल्ह क्षेत्र में गांव सक्रोहा का तरुण अपने माता-पिता की सेवा कर आज का श्रवण कुमार बन गया है। आए दिन वह अपनी दिनचर्या को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लोगों को हंसाता है पर इस हंसी के पीछे का दर्द कोई कोई समझ पाया और तरुण की मदद को आगे आया। उसके माता-पिता दोनों ही बीमार हैं। पिता 3 साल से अधरंग के मरीज हैं तो माता को कैंसर हैं। इलाज आईजीएमसी शिमला में चल रहा हैं। जैसे ही न्यू लाइफ लाइन संस्था को इस का पता चला तो संस्थापक डॉ. आनंद कागरा जो श्री हरिहर अस्पताल में भौतिक चिकित्सक हैं, ने तरुण के पिता को जांचा और एक्सरसाइज की जानकारी दी। उन्होंने न्यू लाइफ लाइन संस्था ने अपनी तरफ से 5100 की सहायता भी की।

उधर कोटली पंचायत की 20 वर्षीय वंदना ब्रेन के इन्फेक्शन का इलाज करवाने में परिवार असमर्थ हैं। उसके पिता मंडी शहर में एक छोटा सा ढाबा चलाते थे। बेटी की देखभाल के लिए वह बंद करना पड़ा। उसका इलाज मंडी जोनल हॉस्पिटल और उसके भाई का इलाज एम्स बिलासपुर में चल रहा था, परंतु अब वंदना को पीजीआई चंडीगढ़ के लिए भेज दिया गया हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वंदना पढ़ने में बहुत ही होशियार हैं परंतु अब उसे अपने भविष्य के जीवन की फिक्र होने लगी हैं। इलाज में तकरीबन 50 हजार से 1 लाख तक का खर्च होने की संभावना है। परिवार ने दानी सज्जनों से बेटी के लिए मदद की गुहार लगाई हैं।

वंदना के पिता जीत लाल ने न्यू लाइफ लाइन संस्था के बारे मे जाना तो संस्थापक डॉ. आनंद कागरा से बात कर फौरी राहत के रूप में 5500 की आर्थिक सहायता प्राप्त की। इलाज के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता के कारण दानी सज्जन मदद के लिए वंदना के पिता जीत लाल को नंबर 9418302473 पर संपर्क कर सकते हैं।



न्यू लाइफ संस्था के संस्थापक तरुण को वितीय सहायता देते हुए।

# ब्रह्मज्ञान को जानना ही अध्यात्म है

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



समागम के दौरान अनुयायी और केके ठाकुर

भांवला में विशाल संत निरंकारी समागम का आयोजन मंडी जोन पूर्व क्षेत्रीय संचालक केके ठाकुर की प्रेरणाओं को लेकर किया गया। समागम की अध्यक्षता केंद्रीय उपमुख्य संचालक जीपी चड्डा ने की। बता दें निरंकारी मिशन के मुबारक सेवादार केके ठाकुर ने 34 वर्षों तक मिशन के सेवादल के लिए सेवा दी।

केके ठाकुर 18 नवंबर को शाम 9 बजे उन्होंने नश्वर शरीर को त्याग कर निरंकार में लीन में हो गए। उपमुख्य संचालक जीपी चड्डा ने अपने विचारों में फरमाया कि ब्रह्मज्ञान को जानना ही अध्यात्म है और उस अध्यात्म की जानकारी से मानव अपने जीवन के लक्ष्य की प्राप्ति करता है। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार निरंकारी मिशन के भक्त सच को जानकर प्रभु भक्ति कर असीम से विस्तार की ओर अग्रसर है।

समागम में मंडी जोनल इंचार्ज आरके अभिलाषी, क्षेत्रीय संचालक मंडी भगत सिंह, क्षेत्रीय संचालक सरकाघाट क्षेत्र रविंद्र सिंह, संयोजक कृष्ण चंद सहित मुखी संतराम, लाल सिंह, भागीरथ गरीब दास सहित आदि मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### अनु ठाकुर का आईएनआई में हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** कुटलैहड़ के लिए यह बड़े हर्ष का विषय है कि अनु ठाकुर पुत्री रमेश कुमार गांव तेही तहसील बंगाणा ने आईएनआई (इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इम्पॉर्टन्स) में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा में देश भर में 110वां स्थान प्राप्त किया। नीट पीजी की परीक्षा में भी प्रदेशभर में दूसरा स्थान करने के उपरांत आईजीएमसी शिमला में रेडियोलोजी विभाग में प्रवेश प्राप्त किया है। बताते चलें कि इससे पहले भी अनु ठाकुर एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में और बाल विज्ञान प्रश्नोतरी में भी प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। अनु की इस उपलब्धि पर पूरे बंगाणा में खुशी का माहौल है। इलाके के बच्चों के लिए रोल आदर्श रही और गांव के सामान्य प्रवेश में पली अनु ठाकुर का उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर आम जन मानस की सेवा करना है।

### समिति ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**विनोद शर्मा, लठियानी।** समाज सेवा समिति बंगाणा ने अपने समाजसेवा के प्रयासों से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता दी। इस सहायता कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की मदद करना और उन्हें सशक्त बनाना है। समिति के अध्यक्ष ने डीआर शर्मा ने बताया कि यह पहल समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को निभाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि समिति ने गरीब लड़कियों की शादी के लिए 76,300 रुपए, जरूरतमंद लोगों को 8,000 रुपए, चिकित्सा हेतू 15,000 रुपए , शिक्षा खंड बंगाणा के अंतर्गत आतीं 13 केंद्र पाठशालाओं के 122 छात्रों को तीस हजार रुपए की लागत से स्कूल बैग, स्वेटर और जूते वितरित किए। इस मौके पर कई लाभार्थियों ने समिति के सहयोग की सराहना की और इसके लिए धन्यवाद दिया।बता दें कि समिति समाजसेवा के क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी काम कर रही है। उनके कार्यों को स्थानीय समुदाय से व्यापक समर्थन और सराहना मिल रही है। इस पहल के माध्यम से समिति ने यह संदेश दिया है कि समाज की प्रगति में सभी को योगदान देना चाहिए।

### किसानों को सब्जी की पौध वितरित की



**हीना पठानिया, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण दो के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा 14 उपपरियोजना में लगभग 450 किसानों को 10000 फूल गोभी, 8000 बंद गोभी एवं 5300 ब्रोकल्ली के उच्च गुणवत्ता के पौधे वितरित किए। ये पौधे जायका परियोजना के उत्कृष्टता केंद्र बड़ा जिला हमीरपुर द्वारा तैयार की गई है। डॉ. गुलशन मनकोटिया (बीपीएम) ऊना ने किसानों को गृह वाटिका में सब्जियों को उगाने की तकनीकी जानकारी प्रदान की। विशेष तकनीक द्वारा गोभी वर्गीय सब्जियों को उगाने के महत्व व तकनीकी जानकारी प्रदान की। किसानों ने जायका परियोजना का आभार व्यक्त किया व परियोजना की सफलता में अपना योगदान देने का आश्वासन दिया।

### 10 तक बिल जमा नहीं तो कटेगा कनेक्शन

**विवेक शर्मा, अंब।** सब डिवीजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं के पास बिजली बोर्ड के 13 लाख रुपए फंसे हुए हैं। बिजली बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यदि 10 दिसंबर तक बिजली बिल जमा नहीं हुए तो उपभोक्ताओं के बिना कोई नोटिस दिए कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बिजली बोर्ड के एसडीओ धर्मपाल ने बताया कि विद्युत सब डिवीजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले मुबारिकपुर, भंजाल, नकरोह, कुनेरन, बनेहरा, जीतपुर बेहरी, सिद्ध चलेड, मथेर व कलरुही आदि गावों के सैकड़ों लोगों के बिजली बिल पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा नहीं हुए तो बिना नोटिस दिए बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। एसडीओ धर्मपाल ने कहा विद्युत उपमंडल मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलु उपभोक्ता विधुत उपमंडल मुबारिकपुर में आकर केवाईसी करवा सकते हैं। धर्मपाल ने कहा कि उपभोक्ता कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक केवाईसी करवा सकते हैं।

### 3 कॉलेजों के साथ बंगाणा कॉलेज का समझौता ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा, धुंदला और हटली के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि इस ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय विकास की योजना बनाना, संकाय और ढांचागत साधनों को साझा करना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, कौशल आधारित प्रमाणन पाठ्यक्रम संचालित करना, विद्यार्थियों को करियर परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करना, छात्रों और शिक्षकों के लिए सहयोगात्मक कार्यशाला और प्रशिक्षण आयोजित करना तथा दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विविध परियोजनाओं में संलग्न करना है। कॉलेज प्राचार्य, स्कूल प्रधानाचार्य और वरिष्ठ शिक्षकों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह कदम सभी संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो छात्रों के भविष्य को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा के प्रिंसिपल सुरजीत सिंह, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली के प्रिंसिपल भूपेंद्र ठाकुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजकुमार, कमेटी मेंबर प्रो. सिकंदर नेगी, डॉ. कुलदीप सिंह, कॉलेज स्टाफ मेंबर प्रो. नंदलाल और प्रो. अरविंद रत्न आदि मौजूद रहे।

### भुट्टो ने माता की प्रथम पुण्यतिथि पर की सेवा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपनी माता स्व. रत्नी देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में गुरु का लंगर लगाकर हजारों की संख्या में जनता को भोजन करवाया। वहीं, अपनी माता की आत्मा की शांति के लिए गरीब परिवारों को दान दक्षिणा भी दी। ज्ञात रहे बीते वर्ष भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो की माता का निधन हुआ था। प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को पैतृक गांव तूतड़ू में देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपनी माता की याद में पूजा पाठ करवाकर उनकी आत्म शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करके हजारों की संख्या में जनता को भोजन करवाकर दान दक्षिणा दी और सोमवार को अपनी माता की याद में उनकी प्रथम पुण्य तिथि पर अस्पताल ऊना में गुरु का लंगर लगाकर जनता को भोजन करवाया। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि माता-पिता से बढ़कर कोई धर्म और भगवान नहीं है क्योंकि मां ही अपने बच्चे को सनातन धर्म और अच्छे रास्ते पर चलना सीखाती है। कोई भी बेटा नहीं चाहता कि उनकी माता दुनिया को छोड़कर जाए लेकिन यह तो विधि का विधान है कि जो इस नश्वर संसार में पैदा हुआ है, उसे एक दिन दुनियां छोड़कर जाना है। हमने अपनी माता की पहली पुण्यतिथि पर उनकी याद में अस्पताल में गुरु का लंगर लगाया और माता की याद में जनता को भोजन करवाया है। वहीं, देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कई धार्मिक स्थलों पर अपनी माता की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी याद में दान दक्षिणा भी दी। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, जिला भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री सुषमा ठाकुर, भाजपा नेत्री संतोष सैनी, उपप्रधान जीवन शर्मा, भाजपा नेता सुदर्शन शर्मा, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, भाजयुमो के अध्यक्ष राणा एवं अन्य दर्जनों नेताओं ने गुरु के लंगर में सेवा की।

# कार्यक्रम बच्चों में बढ़ाते हैं आत्मविश्वास : बबलू

## विधायक सुदर्शन बबलू ने बेहड़ जसवां और टकारला के नवाजे मेधावी छात्र

**विवेक शर्मा, अंब**



स्कूल स्टाफ सदस्य विधायक सुदर्शन बबलू का स्वागत करते हुए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक सू ल बेहड़ जसवां व टकारला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित इन समारोहों में चिंतपूर्णी विधानसभा के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत मेधावी छात्रों को पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

विधायक सुदर्शन बबलू ने मेधावी छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी भाग लेना चाहिए। कार्यक्रमों में भाग लेने से न केवल हमारी सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ती है, बल्कि यह हमारे कौशल और आत्मविश्वास को भी विकसित करते हैं और इससे प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो छात्रों को अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस मौके पर सुदर्शन बबलू ने अपनी विधायक निधि से दोनों स्कूलों में विभिन्न स्कूली गतिविधियों के लिए एक-एक लाख और समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को 11-11 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

इस अवसर पर बेहड़ जसवां स्कूल के प्राधानाचार्य परस राम ठाकुर, टकारला स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल बक्शी, बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा, कांग्रेस एससी सैल के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिंदर पाल, उपप्रधान अशोक कुमार मोनू के अलावा विभिन्न स्कूलों के प्राधानाचार्य व कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता और विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### बढेड़ा राजपूतां में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू, दी इतिहास की जानकारी

**ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बढेड़ा राजपूतां में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय आवासीय कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप के शुभारंभ के लिए पूर्व प्रवक्ता सतीश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रधानाचार्य तथा वालंटियर ने उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया। कैंप के भरवारी सचिन ठाकुर ने मंच संचालक के रूप में भूमिका निभाते हुए मुख्य अतिथि के संबंध में स्वयंसेवकों को बताया। स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। सतीश शर्मा ने वालंटियर्स को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से अवगत कराया तथा इसके शुरू करने के उद्देश्य क्या है और आपको इसका भविष्य में क्या लाभ होने वाला है, इस संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि किसी को भी मंजिल या लक्ष्य कएक ही दिन में प्राप्त नहीं हो जाता, उसके लिए लंबा संघर्ष और मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने कहा की जिंदगी में सफल होने के लिए संघर्ष और मेहनत इस आयु से ही शुरू होनी चाहिए, 25 वर्ष के बाद आपको कोई यह नहीं पूछेगा कि कौन सी कक्षा में पढ़ते हो, हर व्यक्ति यही पूछेगा की नौकरी कहां करते हो और कितना वेतन मिलता है इन बातों का सामना करने के लिए एक ही मंत्र है जिस कार्य में लगे हुए हो, उसमें अपनी आत्मा को झोंक दो सफलता आपके कदम चूमेगी। प्रधानाचार्य सतनामसिंह ने मुख्य अतिथि का तथा स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सचिन ठाकुर और लड़कियों की इंचार्ज भी उपस्थिति रहीं।

# प्रवक्ताओं ने कोटा युक्तिकरण, पदोन्नति समेत प्रदेश सरकार से उठाई कई मांगें



ऊना में प्रवक्ता संघ की बैठक में उपस्थित गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ऊना जिले की खंड स्तरीय मीटिंग ऊना में संपन्न हुई। मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य विनोद बनियाल ने शिरकत की, के साथ प्रधानाचार्य दिनेश कौंडल, प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह, प्रधानाचार्य जागीर सिंह इत्यादि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

जिला महासचिव शशि पाल सैनी ने प्रवक्ताओं के समक्ष संगठन द्वारा वर्तमान में किया जाए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। इनमें प्रमोशन कोटा युक्तिकरण रोकने आदि प्रयास शामिल हैं। इस दौरान बंगाणा खंड के प्रवक्ताओं ने जिला कार्यकारिणी के समक्ष अपनी मांगें रखी जिनमें प्रधानाचार्य पदोन्नति सूची जल्द जारी करने, प्रवक्ताओं की जल्द से जल्द कंफर्मेशन, प्रधानाचार्य पदोन्नति में प्रवक्ताओं का अनुपात बढ़ाने की मांग रखी। पे कमीशन व डीए का एरियर जल्द से जल्द सरकार दे, इसके ऊपर कार्य करने के लिए कहा। जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह वेली ने प्रवक्ताओं को आश्वासन दिया कि जल्द ही इन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात की जाएगी।

मुख्यातिथि विनोद बनियाल ने अपने अभिभाषण में संगठन के महत्व को समझाया और एकजुटता रखने पर बल दिया। अंत में जिला उपाध्यक्ष राकेश मल्होत्रा ने प्रवक्ताओं का धन्यवाद किया और विशेष रूप पर रयात बहरा यूनिवर्सिटी के चंदन कटोच असिस्टेंट मैनेजर, वीरेन्द्र जोनल मैनेजर, जिला ऊना के प्रसिद्ध कोचिंग इंस्टिट्यूट करियर हॉप के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रम धीमन का भी धन्यवाद किया जो एसोसिएशन को अपना सहयोग देते रहते हैं। इस मौके पर प्रवक्ता संजीव शर्मा जितेंद्र कुमार बलवंत सिंह हरविंदर, नरेंद्र कुमार, रवि कुमार, शशि पॉल, संजय कुमार, सविता ठाकुर, सरीना शर्मा, चेतना जसवाल, अमरदीप सिंह, वित्त सचिव अजय अहलूवालिया, राजीव जायसवाल आदि करीब 100 प्रवक्ताओं ने इस मीटिंग में भाग लिया।

### ट्रेनों की ऊना तक विस्तार पर लगी ब्रेक



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के युवा नेता अरुण कौशल द्वारा गत दिनों पोर्टल पर शिकायत के जवाब में भारतीय रेलवे का कहना है कि टर्मिनल सुविधाओं की कमी के कारण 'ऊना (हिमाचल) स्टेशन तक चंडीगढ़ से बांद्रा और केरल इन दोनों ट्रेनों का विस्तार परिचालन रूप से संभव नहीं है। इसके बाद अरुण ने कहा कि इन दोनों ट्रेनों के ऊना से चलने से महाराष्ट्र और मुंबई के यात्रियों को लाभ मिलता ही, साथ ही साथ राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल खाटूश्याम जाने वाले श्रद्धालुओं को भी लाभ मिलता।

उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों के विस्तार के लिए हिमाचल से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी और सिकंदर कुमार समेत कई समाजिक संगठनों ने समय समय पर मांग उठाई हैं। उन्होंने कहा कि वह इस जानकारी को दोनों सांसदों से साझा करेंगे और उनसे अनुरोध करेंगे कि वे इस मुद्दे पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा करें ताकि ट्रेनों के विस्तार से क्षेत्र की जनता को लाभ मिले।

# विधायक विवेक ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा बंगाणा में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास खंड बंगाणा में चल रहे विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने और उनकी प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। यह बैठक उपमंडल अधिकारी बंगाणा के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र में जारी परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने क्षेत्र की प्राथमिक आवश्यकताओं को समझने और उनकी पूर्ति पर जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों का लक्ष्य जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास के लिए धन की कमी नहीं है, लेकिन जो राज्य सरकार से विकास के लिए धन स्वीकृत हुआ है, उसे 31 मार्च तक खर्च करके विकास कार्यों को पूरा करें ताकिकुटलैहड़ की जनता को सुविधाएं मिल सकें।

**चालू परियोजनाओं पर विधायक का फोकस**

विधायक विवेक शर्मा ने सड़कों के निर्माण, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा संस्थानों के उन्नयन सहित अन्य प्रमुख विकास कार्यों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने संबंधित विभागों से परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और कहा कि कार्य में आ रही बाधाओं को शीघ्रता से दूर किया जाए। अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि योजनाएं सुचारु रूप से चल रही हैं और इन्हें तय समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। विधायक ने सभी विभागों को सामूहिक प्रयास से कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र के हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। सभी अधिकारी व कर्मचारी टीम भावना के साथ काम करें ताकि बंगाणा का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में कांग्रेस प्रदेश सचिव देशराज मोदगिल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, उपमंडल अधिकारी सोनू गोयल, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, पंचायत सचिव और अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरोच ब्राह्मण सभा का वार्षिक सम्मेलन और भंडारा 15 को

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** सरोच ब्राह्मण सभा का वार्षिक सम्मेलन व वार्षिक भंडारा 15 दिसंबर को जठेरी स्थान मसेह खड गांव जटोली में संपन्न होगा। इस उपलक्ष में सरोच ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी की बैठक जठेरिया स्थान में संपन्न हुई। इस सम्मेलन में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली से सरोच ब्राह्मण सभा के सभी सदस्य भाग लेंगे। 14 दिसंबर को रामायण पाठ शुरू होगा, जिसका भोग 15 दिसंबर को होगा व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में सरोज परिवारों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने के लिए प्रबंधक कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। सभा के महासचिव हंसराज सरोच ने यह जानकारी दी।

# मौसम आधारित फसलों का बीमा अवश्य करवाएं किसान : डॉ. कुलभूषण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में आठवां फसल बीमा सप्ताह 7 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान किसानों को फसल बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी कृषि उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण धीमान ने गत दिवस आठवें फसल बीमा सप्ताह के शुभारंभ अवसर के दौरान दी। डॉ. कुलभूषण धीमान ने किसानों से अपील की है कि वे 15 दिसंबर तक गेहूं की फसल और 31 दिसंबर तक आलू की फसल का बीमा करवाएं ताकि मौसम की विपरीत परिस्थितियों से होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

**बीमा की प्रक्रिया और लाभ :** डॉक्टर कुलभूषण धीमान ने बताया कि एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी द्वारा मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत

**गेहूं की फसल का 15 तक तथा आलू की फसल का 31 दिसंबर तक करवाएं बीमा**

ऊना और हरोली ब्लॉक के आलू उत्पादकों की फसल का बीमा किया जाएगा। किसान अपनी फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करवा सकते हैं। इस योजना में किसान को प्रति कनाल 25 रुपए प्रीमियम और 5 हजार रुपए की बीमित राशि मिलेगी।

उन्होंने बताया कि जो अऋणी किसान अपनी फसल का बीमा करवाना चाहते हैं वे अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र में आवश्यक दस्तावेजों जैसे कि आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीनी फर्द एवं फसल बुआई प्रमाण पत्र और जो किसान ठेके पर जमीन लेकर खेती करते हैं, उन्हें हलफनामा बनवाकर फसल का बीमा करवा सकते हैं। ऋणी किसानों की फसल का बीमा स्वचालित रूप से बैंक शाखाओं द्वारा कर दिया जाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्षों में किसानों को बीमा योजना से काफी लाभ हुआ है। जैसे, 2022 में 34 लाख 30 हजार रुपए के प्रीमियम पर 1 करोड़ 60 लाख रुपए का क्लेम दिया गया था, जबकि 2023 में 84 लाख 95 हजार रुपए के प्रीमियम पर 3 करोड़ 85 लाख रुपए का क्लेम वितरित किया गया। अधिक जानकारी के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के जिला समन्वयक कैप्टन मोहन कुमार (मोबाइल 73886-68654) और क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जिला समन्वयक हर्ष मेहता (मोबाइल 70181-12282) से संपर्क किया जा सकता है।

### नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

**ऊना।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगड़ में नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में बच्चों को जागरूक किया गया। पूर्व प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बतौर रिसोर्सपर्सन शिरकत की तथा बताया कि नशा क्या है और यह हमारे शरीर में यह किस तरह काम करता है।

नशा सबसे पहले रेस्पिरेटरी सिस्टम को नष्ट करना शुरू करता है, के उपरांत हार्ट बीट का बढ़ना, स्मरण शक्ति का क्षीण होना, मुंह का कैंसर होना, फेफड़ों का खराब हो जाना, लिवर खराब होना, हाथ और पांव में कंपन होना आदि इसके लक्षण हैं। इसके उपरांत नशा करने वाला व्यक्ति डिप्रेशन में आ जाता है। इससे बाहर आने के लिए सबसे पहले अपनी बुरी संगति को त्यागना होगा उसके उपरांत दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति की जरूरत है। प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने मुख्य अतिथि का बच्चों को मोटिवेट करने के लिए धन्यवाद किया।




**राहत** कुटलैहड़ के हर जरूरतमंद को मिलेगी हरसंभव सहायता : विवेक शर्मा

# कुटलैहड़ के विधायक ने पात्रों को बांटे चेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



जरूरतमंद लोगों को सहायता राशि के चेक वितरित करते विधायक विवेक शर्मा।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को बंगाणा मिनी सचिवालय में राज्य शगुन योजना के तहत एवं मेडिकल भुगतान और कुछ पात्र परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के गरीब, अहसाय और पात्र परिवारों के साथ किसी प्रकार की कोई राजनीति नहीं होगी, जिन्हें राज्य सरकार की तरफ से हरसंभव मदद देने का हरसंभव प्रयास होगा।

शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जिस भी गांव में गरीबी रेखा से नीचे पात्र परिवार हैं, वे बेझिझक होकर हम से मिलकर अपनी समस्याओं को बता सकते हैं क्योंकि राज्य सरकार गरीब परिवारों को हरसंभव आर्थिक सहायता देने पर बल दे रही है। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की शगुन योजना के माध्यम से हमारा प्रयास है कि जिन परिवारों के लिए आर्थिक सहायता देनी है, वह शादी के पूर्व दी जाए ताकि उन परिवारों को कुछ मदद मिल सके। विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता के पास हमारा फोन नंबर है और दूसरा हर सोमवार को हम बंगाणा मुख्यालय के खंड विकास भवन में एक कार्यालय खोला है, जहां पर हम सुबह दस से एक बजे पर जन समस्याओं को सुनते हैं। दूसरा हर दिन पार्टी के बड़े बारहठ नेता केसी शर्मा हर दिन कार्यालय में रहते हैं। जनता अपनी जन समस्याओं को कार्यालय में भी बता सकते हैं।

विवेक शर्मा ने कहा कि हमने अपने छह माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ की जनता की सेवा में समर्पित किए हैं और हर पात्र परिवारों को बिना राजनीति या द्वेष भाव से सेवा करके उन्हें आर्थिक रूप से मदद की है। राज्य सरकार ने दो वर्षों के अपने सफल कार्यकाल के राज्य की जनता की आर्थिकी मजबूत करने के लिए धरातल पर काम किया है और जनता की समस्याओं का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि हम कुटलैहड़ में एक बीजन के तहत आगे बढ़ रहे हं। ताकि कुटलैहड़ के हर घर तक पक्का रास्ता, हर गांव के लिए सड़क, हर पात्र परिवार को राज्य सरकार की हर योजना का लाभ पहुंचाया जा सके।

विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ की जनता से अपील की है कि रास्ते सड़क एवं अन्य विकास कार्यों के लिए धन मुहैया करवाना मेरी प्राथमिकता रहेगी, लेकिन कोई भी परिवार भूमि पर विवाद न करे ताकि हर घर तक पक्का रास्ता और सड़क सुविधा मिल सके।

इस मौके पर उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, एसडीओ विद्युत उदित कुमार, विकास खंड अधिकारी, थाना प्रभारी बंगाणा रोहित, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, राज्य कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल, महासचिव प्रकाश शर्मा, सुदेश शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य के अलावा कई गणमान्य मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### 38 दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए



**कुल्लू।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से आनी ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों में 30 व 1 जनवरी को शिविर आयोजित होंगे, जिनमें करशेइगाड़, लगौटी, फनौटी, टकरासी के लिए देउरी तथा पंचायत कमांद, बटाला और कोहिला के लिए पंचायत कमांड में सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में पहले से ही चिह्नित किए गए 38 दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए गए। शिविर में दिव्यांगों को वितरित किए गए सहायक उपकरण को चलाने का प्रशिक्षण भी मौके पर दिया गया और सहायक उपकरणों की फिटमेंट भी की गई। शिविर में दिव्यांग व्यक्तियों को जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू से आई टीम तथा तहसील कल्याण अधिकारी आनी द्वारा दिव्यांगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी, ताकि दिव्यांग व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा इन योजनाओं का लाभ उठा सके। शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी, पंचायत प्रधान बटाला तथा कमांद, करशेईगाड़ तथा पंचायत के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### पेंशनर्स को डिजिटल सेफ्टी ट्रेनिंग की दी जानकारी



**पतलीकूहल।** हिमाचल पेंशनर महासंघ नग्गर खंड की मासिक बैठक का आयोजन शुभम कैफे कटराईं में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान लालचंद ठाकुर ने की। बैठक में हिमाचल पेंशनर महासंघ के अध्यक्ष के अलावा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष टीसी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त राज्य वरिष्ठ उपप्रधान पूर्ण देव शर्मा, नग्गर खंड के मुख्य सहलाकर नारायण सिंह ठाकुर, खंड वरिष्ठ उपाध्यक्ष भानु प्रकाश गौतम, मुख्य संगठन सचिव मनोहर लाल ठाकुर आदि सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में हेल्प एज इंडिया की ओर से पेंशनर्स को डिजिटल सेफ्टी ट्रेनिंग की विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई। सभी सदस्यों से संघ को मजबूत करने के लिए सदस्य अभियान मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से सरकार से मांग की गई कि राज्य स्तर पर जीसीसी का गठन कर्मचारियों की समस्याओं को सरल करने के लिए किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि महासंघ का राज्य स्तरीय स्थापना दिवस 17 दिसंबर को मंडी में मनाया जाएगा, जिसमें सभी सदस्यों से शामिल होने का आग्रह किया गया।

### कुल्लू कॉलेज में आज अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**कुल्लू।** गणितीय विज्ञान के क्षेत्र में नवाचारों और अनुसंधान पर चर्चा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन प्योर एंड एप्लाइड मैथेमेटिकल साइंसेज (आईसीपीएएमएस) का आयोजन सरकारी कॉलेज कुल्लू के गणित विभाग द्वारा मंगलवार को किया जा रहा है। इस सम्मेलन में विश्व भर के प्रमुख गणितज्ञों और शोधकर्ताओं ने भाग लेने की पुष्टि की है, जिनमें अमेरिका, इटली, ट्रिनिडाड और टोबैगो, जमैका, ओमान और मिस्र से विदेशी मुख्य वक्ता शामिल हैं। इसके अलावा, आईआईटी, एनआईटी और देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों और संस्थानों के राष्ट्रीय वक्ता भी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में विश्व भर से प्रतिभागियों ने भाग लेने की पुष्टि की है, जो गणितीय विज्ञान के क्षेत्र में नवाचारों और अनुसंधान के बारे में जानने के लिए उत्साहित हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने कहा, यह सम्मेलन गणितीय विज्ञान के क्षेत्र में नवाचारों और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सम्मेलन के संयोजक डॉ. संतोष कुमार ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस सम्मेलन से गणितीय विज्ञान के क्षेत्र में नवाचारों और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह का सम्मेलन आमतौर पर आईआईटी मंडी में या फिर हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला में किया जाता है, लेकिन इस बार सरकारी कॉलेज कुल्लू ने इसे आयोजित करने का गौरव हासिल किया है। यह आयोजन सरकारी कॉलेज कुल्लू के प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा और डॉ. संतोष कुमार की गतिशीलता और प्रतिबद्धता का परिणाम है।

### पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति किया जा रहा जागरूक



**पतलीकूहल।** शहरों और गांवों में कूड़े-कचरे की बढ़ती हुई समस्या के समाधान और जागरूकता के लिए अब निजी संस्थाएं आगे आ रही हैं। इसी कड़ी में हिमालयी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन और अनियंत्रित कचरे की समस्या के समाधान के लिए क्रिच फाउंडेशन सजला, ट्रू नॉर्थ ईको टूर एजेंसी नग्गर और ओम आश्रम एंड वेलफेयर सोसायटी नशाला द्वारा संयुक्त रूप से ईको कनेक्ट स्कूल प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को क्षेत्र की पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें रिसाइक्लिंग और कचरा प्रबंधन जैसे व्यावहारिक समाधान अपनाने के लिए तैयार करना है। इस पहल के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे अपने परिवार और समुदाय में पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा दें। संस्था के पदाधिकारी दलीप सिंह, याना डेनीलोवा, विक्की शोरस ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में इसे नग्गर ब्लॉक के 10 निजी स्कूलों में लागू किया जाएगा। सफलता प्राप्त होने पर इसे नगर ब्लॉक के सभी स्कूलों और धीरे-धीरे पूरे कुल्लू जिले में विस्तारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम व्यावहारिक शिक्षण, रिसाइक्लिंग तकनीकों और जागरूकता अभियानों पर जोर देता है।

# कुल्लू प्रशासन प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार से सम्मानित

कमलेश वर्मा, कुल्लू



दिल्ली में सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी और जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू के सचिव वीके मोदगिल को स्कॉच अवार्ड भेंट करते हुए ।

कुल्लू जिला प्रशासन को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जिला प्रशासन को जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा वर्ष 2022 में भुंतर में महिला नशे की लत से ग्रसित महिलाओं के लिए 15 बिस्तरों वाले एकीकृत पुनर्वास केंद्र की स्थापना के लिए प्रदान किया गया है।

डीसी कुल्लू के सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी और जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू के सचिव वीके मोदगिल ने जिला प्रशासन कुल्लू की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। भुंतर में महिला नशेड़ी महिलाओं के लिए 15 बिस्तरों वाला एकीकृत पुनर्वास केंद्र हिमाचल राज्य में पहली और एकमात्र ऐसी परियोजना है, जो राज्य में महिला आबादी के बीच तेजी से बढ़ती नशे की समस्या का समाधान कर रही है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य नशे की शिकार महिलाओं की पहचान, प्रेरणा, परामर्श, नशा मुक्ति के बाद देखभाल और पुनर्वास सेवाओं के लिए समुदाय आधारित सेवाओं की पूरी श्रृंखला प्रदान करना और उन्हें नशा मुक्त, अपराध मुक्त और लाभकारी रोजगार प्रदान करना है। मादक द्रव्यों के सेवन और वापसी के लक्षणों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, डॉक्टर ने निर्णय लिया कि मरीजों का ईलाज ओपीडी या आईपीडी में किया जाना है या नहीं। ओपीडी मामलों को निर्धारित किया जाता है और मुफ्त दवाएं दी जाती हैं और मनोवैज्ञानिक द्वारा नियमित परामर्श सत्र के लिए बुलाया जाता है। गंभीर मामलों को आईपीडी और मुफ्त में भर्ती किया जाता है। ओपीडी के मामलों में मरीजों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं और मनोवैज्ञानिक द्वारा नियमित परामर्श सत्र के लिए बुलाया जाता है। गंभीर मामलों को आईपीडी में भर्ती करवाया जाता है और सभी महिला प्रशिक्षित कर्मचारियों यानी डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक, नर्स, परिचारक, योग चिकित्सक आदि द्वारा वापसी के लक्षणों, प्रेरणा, परामर्श योग सत्रों के सुरक्षित और नैतिक प्रबंधन के लिए विषहरण के माध्यम से मुफ्त नशा मुक्ति उपचार प्रदान किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### अभी तक 482 महिलाओं व लोगों का इलाज

परियोजना की शुरुआत के बाद से अभी तक ओपीडी व आईपीडी में 482 महिलाओं व अन्य लोगों का इलाज कर उन्हें नशे से दूर किया। इलाज किए गए नशा ग्रसित की निगरानी की जाती है और उन्हें नशे की पुनरावृत्ति को कम करने में मदद करने का प्रयास किया जाता है, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें। किसी भी जानकारी/टेली काउंसलिंग के लिए केंद्र में हेल्पलाइन नंबर 01902-265265 स्थापित किया गया है।

### क्या है स्कॉच अवॉर्ड

स्कॉच अवार्ड एक स्वतंत्र संगठन स्कॉच ग्रुप द्वारा प्रदान किया जाने वाला देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, सामाजिक और शासन प्रथाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों को मान्यता देता है।

### भर्ती मरीजों के लिए गतिविधियों का दैनिक शेड्यूल निर्धारित

**केंद्र** में इंडोर रोगियों को निशुल्क भोजन/आवास, मनोरंजन सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। भर्ती मरीजों के लिए इंडोर और आउटडोर गतिविधियों का दैनिक शेड्यूल निर्धारित है। डॉक्टर द्वारा बताए गए लैब टेस्ट आदि की व्यवस्था की जाती है। आपातकालीन स्थिति में, उचित रेफरल किए जाते हैं। मनोवैज्ञानिक द्वारा व्यक्तिगत परामर्श, समूह परामर्श सत्र लिए जाते हैं। नशीली दवाओं पर निर्भरता का उपचार करने के बाद, पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन किया जाता है।

# बंजार भाजपा में परिसीमन की तैयारी, पार्टी का बढ़ेगा कुनबा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

चीन की मार्क्सवादी पार्टी को पछाड़कर विश्व में नंबर एक का खिताब प्राप्त कर चुकी भारतीय जनता पार्टी अब जनता के और करीब आना चाहती है।

पार्टी ने प्रदेश स्तर पर संगठन को चुस्त करने के लिए एक योजना तैयार की है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अनुसार हर मंडल में परिसीमन किया जा रहा है तथा हर विधानसभा क्षेत्र में तीन से चार नए मंडल बनाए जा रहे हैं, ताकि संगठन में कार्यकर्ताओं के बीच ज्यादा से ज्यादा तालमेल बढ़े, जहां कुल्लू में छह नए मंडलों का गठन किया जा रहा है। वहीं, बंजार विधानसभा क्षेत्र में सैंज, बंजार व गड़सा भाजपा के नए केंद्र बनेंगे। संगठन की पिच पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी आगे बढ़ रही है। पार्टी ने सदस्यता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तमाम कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा के नए इतिहास का सृजन करने में प्रत्येक कार्यकर्ता काफी मेहनत कर रहा है। हर बूथ पर नए अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया चल रही है, जबकि हर पंचायत में एक ग्राम केंद्र स्थापित किया जा रहा है, ताकि पंचायत स्तर पर भाजपा में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता समाहित हो सके।

> **भाजपा** ने राज्य भर में 72 नए मंडल बनाने की प्रस्तावना की है, जबकि बंजार क्षेत्र में तीन नए मंडल बनाने की योजना है। भाजपा जनता के और करीब आना चाहती है, ताकि कार्यकर्ताओं और संगठन के बीच तालमेल बढ़े।
> **बिहारी लाल शर्मा, महामंत्री प्रदेश भाजपा।**

बंजार भाजपा के महामंत्री अमर ने बताया कि जो लंबे समय से पार्टी की मुख्य धारा में सक्रिय रूप में शामिल नहीं हैं, उन्हें भी संगठन में जोड़ा जा रहा है, ताकि ग्रास रूट पर अनुभवी कार्यकर्ताओं की कमी न खले। प्रत्येक कार्यकर्ता मंडल में संगठन के काम में बखूबी अंजाम दे रहा है। बंजार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि भाजपा ने संगठन को और मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। पार्टी ने बंजार में नए मंडल की जो प्रस्तावना की है, वह सराहनीय कदम है। देश का सबसे बड़ा संगठन भाजपा गांव की ओर रुख कर रहा है।

## मुकेश अग्निहोत्री निरमंड में करेंगे 13 करोड़ 18 लाख की पेयजल योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास

जितेंद्र गुप्ता, आनी

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कल आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड में होंगे। वे निरमंड के



ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जिला स्तरीय बूढ़ी दिवाली मेले के समापन समारोह अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री आनी के जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के तहत निरमंड खंड में 13 करोड़ 17 लाख 97 हजार की 3 पेयजल योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर किशोर शर्मा ने बताया कि इन योजनाओं के बनने से निरमंड खंड की 71 बस्तियों के कुल नौ हजार एक सौ लोग लाभान्वित हो सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### इन योजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री नगर पंचायत निरमंड की जनता के लिए 9 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित अमृत 2 पेयजल योजना का शिलान्यास करेंगे। इस पेयजल योजना के बन जाने से नगर पंचायत निरमंड की 7 बस्तियों के 2461 लोग लाभान्वित होंगे। वहीं, लोट पंचायत की 27 बस्तियों के 2220 लोगों को लाभान्वित करने की मंशा से 207.19 लाख रुपए से बनकर तैयार हुई समोह-जगेड़-ग्वाल पेयजल योजना, खरगा पंचायत की 20 बस्तियों की 2535 आबादी को लाभान्वित करने के लिए 72 लाख रुपए से बनकर तैयार हुई पेयजल योजना और 17 बस्तियों की 1824 आबादी को लाभान्वित करने के लिए तैयार की गई तांदी-काफटा पेयजल योजना का लोकार्पण भी करेंगे।

## एचआईवी एड्स के बारे में दी जानकारी



**बंजार।** राजकीय महाविद्यालय गाड़ागुशैणी में रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ागुसैन से डॉ. देवाशीष और नर्सिंग ऑफिसर ज्योति मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज में एचआईवी एड्स विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी एड्स के बारे में अहम जानकारी दी तथा छात्रों को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों ने रेड रिबन क्लब के अंतर्गत एक रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को एचआईवी एड्स के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक और गैरशिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पार्टी में हो रहे संगठनात्मक चुनाव व आने वाले दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



पूर्व सीएम जयराम ठाकुर का जिला भाजपा पदाधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत।

जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में परिधि गृह कुल्लू में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का जिला भाजपा पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से 2022 के भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन सिंह प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद इस स्वागत कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कुल्लू में पूर्व सांसद महेश्वर सिंह की पोती और प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी दानवेंद्र सिंह की बिटिया की शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इस अवसर पर परिधि गृह कुल्लू में उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों के साथ भी अनौपचारिक बैठक की। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी में हो रहे संगठनात्मक चुनाव के साथ-साथ पार्टी द्वारा आने वाले दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की। जिला पदाधिकारियों संग सामूहिक छायाचित्र के उपरांत पूर्व मुख्यमंत्री शादी समारोह में शामिल होने के लिए राजा रूपी पैलेस सुल्तानपुर रवाना हुए। परिधि गृह में पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य अर्चना, मीना, राहुल सोलंकी, जिला भाजपा महामंत्री अमर ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, तरुण विमल, जिला भाजपा प्रवक्ता सौरव भारद्वाज, रुक्मणि जोशी, रविंद्र पाल, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम आदि मौजूद रहे।

## एनएच-305 का कार्य जल्द शुरू कर सड़क को चौड़ा करने व सुरंग का जल्द निर्माण करने की मांग

अनंत ज्ञान, आनी



एनएच-305 संघर्ष समिति जलोड़ी जोन की बैठक सोमवार को चौहणी में संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित लोगों ने सरकार से एनएच-305 का कार्य जल्द शुरू कर सड़क को चौड़ा करने और सुरंग का जल्द निर्माण करने की मांग की, ताकि क्षेत्र की जनता साल के 12 महीने जिला मुख्यालय कुल्लू से जुड़ी रह सके। बैठक में उपस्थित लोगों ने रोष जताया कि सैंज से ओट तक 97 किलोमीटर लंबी इस सड़क को एनएच बने हुए 10 सालों से ज्यादा का समय बीत चुका है, मगर न तो सड़क को चौड़ा किया गया न सुरंग का निर्माण कार्य शुरू हो सका है। सुरंग का सर्वे बीते 4-5 वर्षों से चला हुआ है, जो अभी तक फाइनल नहीं हो पाया है। लोगों का कहना है कि तंगहाल इस सड़क में अक्सर पर्यटकों के आगमन से और सेब सीजन के दौरान ट्रैफिक जाम होना आम बात है, जबकि बरसातों और बर्फबारी के कारण भी अधिकांश समय यह मार्ग आनी और कुल्लू के बीच यातायात के लिए बाधित रहता है, जिसके चलते आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार और एनएचएआई से एनएच-305 को जल्द चौड़ा करने और सुरंग के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की मांग करते हुए चेताया कि यदि ढिलाई बरती गई, तो जनता आंदोलन का रुख अपनाएगी। साथ ही निर्णय लिया कि एनएच-305 संघर्ष समिति के जलोड़ी जोन की 6 पंचायतों के लोगों की आगामी बैठक 10 दिसंबर को होगी। बैठक में रोशन लाल, दया राम, जीत राम, मान सिंह, भाग चंद, किशन ठाकुर, प्रताप ठाकुर, गीता, हेम राज, राजेंद्र कुमार, मिलाप, विनोद, देवेंद्र, केहर सिंह, वीर सिंह किशोरी लाल आदि शामिल रहे।

## 24 घंटे बाद जंस्कार व लेह मार्ग पर यातायात सुचारु

**केलांग ।** सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह मार्ग 24 घंटे बाद बहाल हो गया है। शिंकुला व बारालाचा दर्रों में हिमपात होने से वाहनों की आवाजाही रुक गई थी। लेह की ओर आ रहे वाहन उपसी में व जंस्कार की ओर से आ रहे वाहन करग्या में फंस गए थे, जबकि मनाली से जा रहे वाहन दारचा में रुक गए थे। रविवार को दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही बंद रही। सोमवार को धूप खिलते ही दर्रों में हालात सामान्य हो गए। लेह व जंस्कार की ओर वाहन दारचा पहुंच गए। हालात को देख लाहौल-स्पीति प्रशासन ने भी वाहनों को दारचा से आगे जाने की अनुमति दे दी। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने हालात को देखते हुए शिंकुला व बारालाचा दर्रों को आर पार करने का सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक समय निर्धारित किया है। जंस्कार से शिंकुला होते हुए मनाली आए वाहन चालक टशी व तेंजिन ने बताया कि धूप खिलते ही दर्रे में आवाजाही के लिए हालात सामान्य हो रहे हैं। एक जगह पानी जम रहा है, जबकि अन्य जगह सफर सुरक्षित है। लेह से मनाली आए वाहन चालक सोनम व दीपक ने बताया कि जिंग-जिंग बार से सरचू के बीच कुछ एक जगह पानी जमने से सफर जोखिम भरा हुआ है, लेकिन खिली धूप में सफर सुरक्षित है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि धूप खिलने के बाद आज सभी वाहनों को दारचा से आगे भेजा गया है। रोहतांग व कुंजम दर्रे सर्दियों के लिए बंद हो गए हैं, जबकि शिंकुला व बारालाचा दर्रों में आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।




**आयोजन** दो से छह जनवरी तक होगा आयोजन, विधायक ने सफल आयोजन को लेकर की बैठक

# नए स्वरूप में नजर आएगा राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल

एम बोकटापा, मनाली



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के सफल आयोजन को लेकर बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते हुए मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़।

विंटर कार्निवाल इस बार एक नए स्वरूप में नजर आएगा। यह बात मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने विंटर कार्निवाल के सफल आयोजन को लेकर आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता के दौरान कही।

दो से छह जनवरी तक राष्ट्रीय स्तरीय विंटर कार्निवाल आयोजित होगा। विधायक ने कहा कि 13वां राष्ट्रीय स्तरीय शरदोत्सव मनाली में गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। शरदोत्सव के मुख्य आकर्षण विंटर क्वीन, वॉइस ऑफ कार्निवाल उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के विभिन्न राज्यों के दलों के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दल होंगे। इस बार इस उत्सव की धूम 25 दिसंबर से ही शुरू हो जाएगी। विंटर कार्निवाल से पूर्व क्रिसमस-डे से लेकर न्यू ईयर तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि यहां आने वाले पर्यटक प्रदेश सहित कुल्लू की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू हो सकें। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी महिला मंडलों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान वॉलीबाल, बास्केटबॉल तथा रस्साकशी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तरीय शरदोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। उन्होंने सभी कमेटी में शामिल सदस्यों से समय पर सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आय को बढ़ाने के लिए तंबोला को दिसंबर माह में शुरू किया जाएगा तथा बस स्टैंड तथा नेहरू पार्क में प्लॉट आवंटन की संख्या बढ़ाई जाएगी। गत वर्ष विंटर कार्निवाल में लगभग 1.2 करोड़ रुपए का व्यय हुआ था यदि इस दौरान बर्फबारी होती है, तो विंटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। बैठक में एसडीएम रमण कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### विंटर क्वीन व वायस ऑफ कार्निवाल मुख्य आकर्षण

**कार्निवाल** के मुख्य आकर्षण विंटर क्वीन और वायस ऑफ कार्निवाल के लिए प्रदेश सहित बाहरी राज्यों में ऑडिशन लिए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएगा। कार्निवाल में पूर्व की तरह इस बार भी महानाटी का आयोजन किया जाएगा तथा महिला मंडलों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। पूर्व की तरह इस वर्ष भी स्थानीय महिला मंडल की सदस्यों के लिए पारंपरिक वेशभूषा पर आधारित फैशन शो आयोजित किया जाएगा।

### सीएम करेंगे विंटर कार्निवाल का शुभारंभ

**विधायक** ने कहा कि विंटर कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। इसको आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य मनाली तथा कुल्लू में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना है। घाटी के लोगों की मांग पर आने वाले समय में फेरबदल करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि इस उत्सव में ग्रामीणों की सहभागिता अधिक हो। आयोजन को सफल बनाने के लिए माल रोड को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा तथा पर्यटकों को कुल्लू की समृद्ध संस्कृति से परिचित करवाने के लिए माल रोड पर एक स्टेज बनाई जाएगी, यहां 25 दिसंबर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## मरम्मत कार्य के चलते यातायात के लिए 8 से बंद रहेगी फोजल-कुकडी सड़क

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

मनाली विस क्षेत्र की फोजल, नेरी-काथी कुकडी सड़क उन्नयन कार्य के चलते 8 दिसंबर से 18 तक यातायात के लिए पूर्णतया बंद रखी जाएगी। इस सड़क की मरम्मत का कार्य अब अंतिम दौर पर पहुंच चुका है। सड़क पर कंक्रीट का कार्य होना है, जिसके चलते इस सड़क को यातायात के लिए 24 घंटे 10 दिनों तक बंद रखा जाएगा।

लोक निर्माण विभाग पहले इस सड़क को 15 नवंबर से बंद कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों के आग्रह पर इस कार्य को 28 नवंबर तक टाल दिया गया। 28 नवंबर को लोगों के पुन: आग्रह पर इसे कुछ दिनों तक आगे बढ़ाया गया। अब लोगों और पंचायत से विचार-विमर्श के पश्चात इस सड़क का कार्य 8 से 18 दिसंबर तक किया जाएगा और इस दौरान सड़क को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा, ताकि सड़क का कार्य बेहतर हो सके। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मनाली डिवीजन की कई सड़कों की तस्वीर लोक निर्माण विभाग द्वारा बदली जा रही है। लोक निर्माण विभाग कटराई (मनाली) डिवीजन के तहत आने वाली करीब छह सड़कों को इन दिनों विभाग द्वारा अपग्रेड और चौड़ा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग ने मनाली डिवीजन के तहत आने वाले मनाली से बुरुआ रोड 8.430 किलोमीटर, छाकी से हल्लान रोड 9.200 किलोमीटर, मनाली से कन्याल रोड 5.800 किलोमीटर, नथान से जाणा रोड 10.700 किलोमीटर, पतलीकूहल से हल्लान दो 10.275 किलोमीटर और फोजल नेरी काथी कुकड़ी रोड 6.400 किलोमीटर रोड रिपेयर किया जा रहा है। इसमें से कई सड़कों का कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

### मनाली डिवीजन की सड़कों की तस्वीर लोक निर्माण विभाग द्वारा बदली जा रही

> **प्रधानमंत्री** ग्रामीण सड़क योजना के तहत मनाली डिवीजन में करीब छह सड़कों को अपग्रेड किया जा रहा है, जिसमें कुछ सड़कों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और कुछ सड़कों पर इन दिनों अपग्रेड का काम जोरों पर चल रहा है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा।
> **अनूप शर्मा अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग कटराईं।**



## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पार्क नो पार्किंग जोन घोषित

**नाहन।** जिला दंडाधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने जन सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिगत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नाहन के पार्क व हाउसिंग बोर्ड में बलदेव तोमर के मकान के पास मौजूद स्थान को नो पार्किंग जोन घोषित करने के आदेश पारित किए हैं। आदेश के अनुसार नगर पार्षद वार्ड नं. 5, नगर परिषद नाहन व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नाहन के समस्त अभिभावकों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पार्क के समीप बसों को मोड़ने वाली जगह को नो पार्किंग जोन घोषित करने को डीसी से अनुरोध किया था क्योंकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नाहन द्वारा अवगत करवाया है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पार्क के बाहर स्थानीय लोगों व उनके किरायेदारों की गाड़िया लगी रहती हैं, जिस कारण स्कूल बस चालकों को बस मोड़ने में असुविधा होती है तथा आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस व अग्निशमन की गाड़ियों को मोड़ने में भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। एसडीएम नाहन के माध्यम से भी अवगत करवाया गया था कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पार्क के समीप सड़क के किनारे अप्रत्याशित तरीके से गाड़ियां खड़ी रहती हैं, जिस कारण सभी को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने भी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पार्क के समीप वाले स्थान को नो पार्किंग जोन घोषित करने की अनुशंसा की थी। आदेश के अनुसार यह आदेश तुरंत प्रभाव से एवं अगले आदेशों के जारी होने तक प्रभावी रहेंगे। कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नाहन ने भी अवगत करवाया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कई स्थानों पर लोगों द्वारा अपने वाहनों को पार्क किया जाता है इसलिए समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पार्क व हाउसिंग बोर्ड में बलदेव तोमर के मकान के पास मौजूद स्थान को नो पार्किंग जोन घोषित किए जाने की अनुशंसा की है।

# सूखे ने बढ़ाई किसानों-बागवानों की चिंता

### नवंबर में नहीं बरसी बारिश की एक भी बूंद, पचास साल में सबसे लंबा ड्राई स्पेल, कई क्षेत्रों में नहीं हो पाई गेहूं की बिजाई

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिले में पचास साल से भी लंबे ड्राई स्पेल के सूखे ने किसान-बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। तापमान में लगातार गिरावट व वर्षा न होने से रबि की फसल पर खतरा उत्पन्न हो गया है। सोलन में ठंड के कारण पड़ रहा कोहरा गेहूं व फलदार पौधों पर कहर बरपाने लगा है। पिछले करीब दो माह से वर्षा न होने से किसानों व बागवानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी हैं।

सोलन में इन दिनों मटर की ऑफ सीजनल फसल होती है। वर्षा न होने से फसल पर कोहरे व सूखे की मार पड़ रही है। किसानों को डर है कि यदि आने वाले वाले कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। लंबे ड्राई स्पेल के कारण बागवान सूखे के डर से अभी नए पौधे लगाने से कतरा रहे हैं। किसान-बागवानों को जल स्रोतों के घटते जलस्तर की भी चिंता सता रही है। (अनंत ज्ञान)

> सोलन जिला के कई क्षेत्र में अभी गेहूं की बुवाई का कार्य बाकी है। सूखे की मार झेल रही फसलों के लिए संभव हो सके तो सिंचाई का प्रबंध करें। किसानों को विभाग ने बीज उपलब्ध करवा दिए हैं। इसमें लेट वैरायटी के बीज भी शामिल हैं।
> **डॉ. देवराज कश्यप, डिप्टी डायरेक्टर, कृषि विभाग सोलन।**


सूखे से पीली पड़ी गेहूं की फसल।

### बारिश 99 फीसदी कम रही

**प्रदेश** में नवंबर माह में मौजूदा समय तक 0.2 एमएम की बारिश देखने को मिली है, जबकि सामान्य बारिश 19.7 मिलीमीटर के आसपास रहती है। यह बारिश 99 फीसदी कम रही है। बीते 7 वर्षों की बात करें, तो 2016 में नवंबर के महीने में कोई भी बारिश दर्ज नहीं की गई थी। इससे पहले 2011 में 0.3 मिलीमीटर बारिश देखने को मिली थी। इसके अलावा 2005 में भी प्रदेश में 0.3 मिलीमीटर बारिश देखने को मिली थी। 1994 में 0.1 मिलीमीटर, 1970 और 1975 में 0.2 मिलीमीटर बारिश देखने को मिली थी। आंकड़ों के अनुसार देखा जाए, तो पिछले 40 से 50 वर्षों में, 7 साल ऐसे हैं, जिसमें नवंबर के महीने में हिमाचल में 99 प्रतिशत कम बारिश देखने को मिली है।

### सोलन में 21 हजार 300 हेक्टेयर पर लगाई जाती है गेहूं की फसल

**जिला** सोलन के 21 हजार 300 हेक्टेयर रकबे में रबी की फसलों की बिजाई की जाती है। इसमें से कुछ क्षेत्रों में अक्तूबर माह में हुई बारिश व सिंचाई के साथ बिजाई का कार्य पूरा कर लिया है। कुछ असिंचित क्षेत्रों में सूखे खेतों में ही गेहूं की बिजाई की गई है। जहां अभी तक रबी फसलों की बुवाई नहीं हो पाई है, ऐसे क्षेत्रों में कृषि विभाग ने लेट वैरायटी बीज डीबीडब्ल्यू-187 बोने की सलाह दी है इस किस्म को दिसंबर से लेकर जनवरी तक बोया जा सकता है। सोलन में रबी की फसलों में गेहूं, जौ, मटर, चना, लहसुन व आलू मुख्य रूप से लगाए जाते हैं। सोलन में पिछले दो माह से सोलन जिले में सूखे की स्थिति बनी हुई है। इससे यहां के नालागढ़, अर्की, कसौली, कंडाघाट व सोलन में फसलें सूखे की मार झेल रही हैं।

### पाले से पीली पड़ने लगी गेहूं की फसल

**सोलन** जिले के ज्यादातर क्षेत्र अभी भी ऐसे हैं, जहां बारिश न होने के कारण गेहूं की बुआई नहीं हो पाई और जहां बुआई हुई भी है तो वह सूखे के कारण पीली पड़ने लगी है, जिन क्षेत्रों में अभी बुआई नहीं हुई है, वहां कृषि विभाग ने गेहूं की लेट वैरायटी ही लगाने की सलाह दी है। इसके अलावा जिले में लगाई गई गेहूं की फसल बिना बारिश व पाला पड़ने के कारण पीली पड़ने लगी है, जिसके लिए किसान हो सके तो सिंचाई का प्रबंध करें।

## किसानों से फसलों का बीमा करवाने का आग्रह

**सोलन।** सोलन में रबी मौसम में गेहूं तथा जौ की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 निर्धारित की गई है। यह जानकारी उपनिदेशक कृषि डॉ. देव राज कश्यप ने दी। उन्होंने कहा कि पुनरुत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी मौसम में गेहूं तथा जौ की फसल को बीमा के लिए सम्मिलित किया गया है।

किसान इन फसलों का बीमा अपने समीप के लोकमित्र केंद्र के माध्यम से करवा सकते हैं। बीमा के लिए किसानों को लोकमित्र केंद्र में जमाबंदी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक और बिजाई प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज लेकर जाना होगा। किसान ऑनलाइन पोर्टल पर भी आवेदन कर सकते हैं। इस विषय में लोकमित्र केंद्रों को सूचित कर आवश्यक जानकारी प्रदान कर दी गई है। डॉ. देव राज कश्यप ने कहा कि ऋणी किसानों के लिए यह फसल बीमा योजना ऐच्छिक है। कृषि उपनिदेशक ने कहा कि गेहूं की फसल के लिए कुल बीमित राशि 60 हजार प्रति हेक्टेयर तथा जौ की फसल के लिए 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है। किसानों को गेहूं की फसल के लिए 72 रुपए प्रति बीघा तथा जौ की फसल के लिए 60 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। टमाटर तथा शिमला मिर्च के लिए 800 रुपए तथा 600 रुपए प्रति बीघा मूल्य चुकाना होगा। टमाटर तथा शिमला मिर्च की फसल के लिए बीमा करवाने की अंतिम तिथि 28 निर्धारित की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### एबीवीपी ने संगठन को लेकर की चर्चा




**बीबीएन।** नालागढ़ कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र, परिषद के कार्यकर्ता बड़े उत्साह के साथ प्रदेश मंत्री के स्वागत में मौजूद रहे। इसके बाद प्रदेश मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, कार्यों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और परिषद के विभिन्न अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसने छात्रों के हितों के लिए अनेक लड़ाइयां लड़ी। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मंत्री के साथ विचार-विमर्श किया और उनके साथ संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर चर्चा की।

### 20 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**सोलन।** जिला सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करी पर रोक लगाने व नशा तस्करों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में 28 नवंबर को जब जिला सोलन की विशेष अन्वेषण ईकाई एसआईयू की टीम सोलन, धर्मपुर, परवाणू के क्षेत्राधिकार में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक बस में जो चंडीगढ़ से परवाणू की ओर आ रही है एक गगनदीप नामक युवक बैठा है, जो अपने साथ भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन को सप्लाई करने के लिए ला रहा है। इस सूचना पर विशेष अन्वेषण ईकाई टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी की तथा नाकाबंदी के दौरान बस उपरोक्त को रोककर चैक करने पर बस की सीट पर बैठे एक युवक, जिसका नाम व पता गगनदीप पुत्र हरदेव सिंह निवासी पवन नगर बटाला रोड अमृतसर जिला अमृतसर पंजाब उम्र 27 वर्ष को 20 ग्राम हेरोइन/ चिट्टा सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा गिरफ्तार आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल भी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर 7 दिन की पुलिस हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

### खुंडीधार में अचेत अवस्था में मिले युवक की मौत

**सोलन।** पुलिस थाना सदर सोलन में सूचना मिली कि खुंडीधार में गैस गोदाम के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है, जिस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम जल्द मौके पर पुहंची, जहां पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला, जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। मौके पर आसपास के लोग भी मौजूद थे। तस्दीक करने पर उक्त मृतक व्यक्ति की शिनाख्त सतीश कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी नेपाल हाल रिहाईश गांव दलियार डाखा ओच्छघाट तह. व जिला सोलन उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई। मौके पर मृतक के शव का पुलिस टीम द्वारा गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मृतक के नाक व माथे पर हल्की खरोंचे पाई गईं, इसके अतिरिक्त मृतक के शरीर के अन्य हिस्से पर किसी भी प्रकार के चोट/खरोंच के निशान न पाए गए। जांच के दौरान पाया गया मृतक मूलरूप से नेपाल का रहने वाला है, जो गांव दलियार ओच्छघाट सोलन में अपनी माता के साथ किराये के कमरा में रह रहा था। मृतक कुछ दिनों से बीमार चल रहा था, जिस कारण क्षेत्रिय अस्पताल सोलन में वह उपचाराधीन रहा था। मृतक 30 नवंबर को मृतक अपनी माता के साथ अपनी बीमारी की रिपोर्ट लेने के लिए क्षेत्रिय अस्पताल गया हुआ था, जहां से रिपोर्ट लेने के बाद मृतक की माता अपने घर वापस आ गई थी, लेकिन मृतक अपने घर वापस नहीं आया था, जो सोलन में ही रूक गया था। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक ज्यादातर अपने घर से बाहर ही रहता था, जो कभी कभार ही 2 अपने घर जाता था। मृतक के शव का पोस्टमार्टम क्षेत्रिय अस्पताल में करवाया गया तथा विसरा को प्रीजर्व करवाकर पुलिस ने कब्जे में ले लिया, जिसे रासायनिक परीक्षण के लिए राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा भेजा जा रहा है।

## सड़क की खराब स्थिति बारे विधायक को करवाया अवगत

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट सब उपमंडल सुधार सभा की बैठक सोमवार को हुई जिसमें महासचिव प्रेम केशव ने बताया कि इसमें विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। दो दिन पूर्व दाड़लाघाट के एक कार्यक्रम में अध्यक्ष जगदीश ठाकुर की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक संजय अवस्थी से मुलाकात की।

इस दौरान गांव बागा के लोगों ने सड़क की खराब स्थिति के बारे में विधायक संजय अवस्थी को अवगत करवाया। विधायक ने इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान दिया और सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी दाड़ला को निर्देश दिए कि वे जल्द इस सड़क के निर्माण कार्य को शुरू करें। साथ ही उन्होंने विभाग को खर्च की जाने वाली राशि का ब्यौरा देने के लिए कहा। इसके अलावा विधायक ने गांव खाता के लिए सड़क निर्माण के लिए सारी प्रक्रिया जारी करने के उपरांत निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसके लिए समस्त गांव वासियों ने विधायक का आभार जताया।

# शूलिनी विवि ने की राष्ट्रीय कानून उत्सव की मेजबानी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय में सेंटर फॉर क्लिनिकल लीगल एजुकेशन ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय कानून उत्सव 3.0 का आयोजन किया, जिसमें पूरे भारत के कानून कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लॉ फेस्ट का उद्देश्य व्यवहारिक कानूनी प्रशिक्षण के साथ सैद्धांतिक ज्ञान के एकीकरण को बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत शूलिनी विश्वविद्यालय के कानूनी विज्ञान संकाय के एसोसिएट डीन प्रोफेसर नंदन शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। विश्वविद्यालय में प्रैक्टिस के प्रोफेसर, एडवोकेट राजीव चौहान ने उत्सव के लिए एक केंद्रित माहौल तैयार करते हुए, प्रतियोगिताओं को नियंत्रित करने वाले नियमों और विनियमों पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करने के लिए एक सत्र आयोजित किया। मुख्यातिथि, हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. प्रीति सक्सेना ने विधि विज्ञान के छात्रों



शूलिनी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कानून उत्सव 3.0 के आयोजन पर मौजूद प्रतिनिधि।

को नैतिकता बनाए रखने और अपनी व्यावसायिक यात्राओं में निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मानित अतिथि, वरिष्ठ अधिवक्ता और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, अधिवक्ता पीयूष वर्मा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को आगे बढ़ाने के युग में बौद्धिक कठोरता की आवश्यकता पर बल देते हुए, सामाजिक चुनौतियों से निपटने में कानून के छात्रों की भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा की। शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर, विशाल आनंद ने छात्रों को वास्तविक दुनिया के कानूनी परिदृश्यों से परिचित होने और अनुभवी पेशेवरों के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देने में मदद करने के ऐसे प्लेटफार्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। लॉ फेस्ट में मूट कोर्ट, क्राइम सीन इंवेस्टिगेशन, पीआईएल ड्राफ्टिंग, ब्लॉग राइटिंग, केस कमेंटरी राइटिंग और लीगल ओपिनियन राइटिंग सहित कई प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

प्रसिद्ध न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और फोरेंसिक विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। मूट कोर्ट प्रतियोगिता एशियन लॉ कॉलेज, नोएडा, उत्तर प्रदेश ने जीती, जबकि मंगलाट्यन यूनिवर्सिटी, जबलपुर, मध्य प्रदेश ने उपविजेता स्थान हासिल किया। तमिलनाडु के सविता स्कूल ऑफ लॉ को सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल के लिए मान्यता मिली और मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर को सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब दिया गया। कार्यक्रम का समापन एडवोकेट राजीव चौहान के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, उन्होंने नेशनल लॉ फेस्ट की सफलता में योगदान देने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आज इन क्षेत्रों में बिजली बंद

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

**नाहन।** उपमंडल नारग के तहत आने वाले गिरिपुल, गौडा, करगाणू, सवा गांव, टिकरी, टलांजी, ऑवली सेर बनेडा के आसपास के क्षेत्रों में 3 को प्रातः 9.30 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए ई. राजेंद्र कुमार, सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल नारग ने बताया कि 11 केवी फीडर लाइन के आवश्यक रखरखाव के लिए बिजली आपूर्ति को बाधित रखा जा रहा है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

## कोटला स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला जिला सोलन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजन सहगल रहीं।



उन्होंने विभिन्न गतिविधियों खेलकूद व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों से उच्च लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर समस्त पाठशाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सेवानिवृत्त शिक्षक, पूर्व पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा पंचायत पदाधिकारियों सहित अभिभावक और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## परविंदर सिंह मिस्टर, हिमानी मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, अर्की**

लक्ष्य शिक्षण संस्थान के बीएड कॉलेज मंजयाट में तीसरे सेमेस्टर के बीएड विद्यार्थियों द्वारा फेशर्स पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. पीएल गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि व लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. कुसुम गुप्ता विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों द्वारा उन्हें शाल व पहाड़ी टोपी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्लोक उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन से की गई। इसके बाद तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा हिमाचली गिद्दा, नाटी, पंजाबी


लक्ष्य शिक्षण संस्थान में फ्रेशर्स पार्टी में मिस और मिस्टर प्रतिभागियों के साथ।

नृत्य, गायन, स्किट, एकल प्रदर्शन और कई अन्य सुंदर प्रस्तुतियां भी फेशर्स के स्वागत में प्रस्तुत की गईं। अंत में मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें तीन राउंड के आधार पर परविंदर सिंह ने मिस्टर फ्रेशर, हिमानी शर्मा ने मिस फ्रेशर, राहुल शर्मा ने मिस्टर पर्सनालिटी और अंशिका ने मिस पर्सनालिटी का खिताब जीता। इस मौके पर एमडी आकाश गुप्ता, लक्ष्य पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. वीना गुप्ता व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## कुज्जी स्कूल में मेधावियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, सराहां**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुज्जी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि पच्छाद खंड के आत्मा परियोजना के कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

विद्यालय की ओर से मुख्यातिथि तथा अन्य विशिष्टातिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उर्मिला शर्मा, उपाध्यक्ष आईसीडीएस पच्छादी सतेंद्र नेहरू, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा रमेश शर्मा, महामंत्री ओबीसी मोर्चा भी उपस्थित थे। बच्चों ने हिमाचली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अतिरिक्त एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत केरल तथा 5 अन्य राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य ने वर्ष भर की गतिविधियों और उपलब्धियों का ब्यौरा वार्षिक रिपोर्ट में प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन



के लिए मेधावी छात्रों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं व पुरस्कार प्रदान किए। इसमें शैक्षणिक, खेलकूद, पाठ्येतर गतिविधियों और सदनों की प्रतियोगिताओं के पुरस्कार शामिल थे। दीक्षित को सर्वश्रेष्ठ छात्र तथा शाहीना को सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यालय के विकास के लिए 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की। साथ उन्होंने सौरभ, शाहीना और कृष को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 500 रुपए प्रति छात्र प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। उन्होंने वर्तमान शिक्षा सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जमा दो के छात्र को 5000 रुपए पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा भी की। अन्य सभी अतिथियों ने भी विद्यालय के विकास के लिए यथायोग्य धनराशि प्रदान की।

## एड्स से संबंधित जानकारियां दीं

**दाड़लाघाट।** विश्व एड्स दिवस पर अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई, जैसे कि एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है और इससे बचाव के उपाय क्या हैं उसके बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दाड़लाघाट पुलिस स्टेशन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान अंबुजा आईटीआई ने इस अवसर पर रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया, जिससे लोगों को एड्स के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा स्लोगन लेखन और पोस्टर बनाने जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, पुलिस विभाग से मेहर चंद, स्वाति गौतम, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 5 दिसंबर को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 5 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन ने दी। उन्होंने कहा कि 5 को प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक सेंटर प्राइम मॉल (हवेली), शाडिल निवास, सेंट ल्यूक्स स्कूल, एसआईएलबी, जौणाजी मार्ग, नडोह धाली, शूलिनी नगर, शक्ति नगर, क्षेत्रीय अस्पताल, मोहन कालोनी, शिल्ली मार्ग, शूलिनी माता मंदिर, दुर्गा क्लब, नरसिंह मंदिर, अस्पताल मार्ग, चौक बाजार, गंज बाजार, बाण मोहल्ला, मधुबन कॉलोनी, कोटलानाला, साहनी कांपलेक्स, ठोडो मैदान, लक्कड़ बाजार, राजगढ़ मार्ग, नगर निगम, डांग कांपलेक्स, सर्कुलर मार्ग, रेनोल्ट शो रूम, जवाहर पार्क, हरि मंदिर, धोबी घाट, पुराना डीसी कार्यालय, एथेना पब्लिक स्कूल, कारगिल कॉलोनी तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। किन्हीं अपरिहार्य कारणों तथा मौसम खराब होने के दृष्टिगत उपरोक्त तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने इस अवधि में प्रभावित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।




**उत्सव** मशाल जलुस निकालने से क्षेत्र में नकारात्मक शक्तियों का नहीं होता है प्रवेश, हुड़क नृत्य कर मनाया जाता है जश्न

# पारंपरिक व्यंजन बनाकर राजगढ़ में मनाई बूढ़ी दिवाली

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर के गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में बीती रात बूढ़ी दिवाली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

लोगों ने अपने घरों में पारंपरिक लजीज व्यंजन अस्कली, पटांडे, खीर, सिड़कू व विशेषकर मूड़ा आदि पकवान बनाए, बनाए, जिसे घर में आए मेहमानों को बड़े प्यार व श्रद्धा से परोसा गया। बता दें कि गिरिपार क्षेत्र में कालांतर से बूढ़ी दिवाली मनाए जाने की एक अनूठी परंपरा है। कुछ क्षेत्रों में बूढ़ी दिवाली को मशालों के नाम



सिरमौर के राजगढ़ क्षेत्र में पारंपरिक व्यंजन असकली, पटांडे बनाती महिलाएं।

से मनाया जाता है। दिवाली के एक मास उपरांत अर्थात अमावस्या की रात को गिरिपार क्षेत्र में बूढ़ी दिवाली को बड़े हर्षोल्लास एवं पारंपरिक तरीके के साथ मनाए जाने की परंपरा बदलते परिवेश के बावजूद प्रचलित है। इसके अतिरिक्त सिरमौर जिले के साथ लगते शिमला के कुछ गांव और उत्तराखंड के जौनसार क्षेत्र तथा कुल्लू के निरमंड में भी बूढ़ी दिवाली पर्व को बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। बूढ़ी दिवाली के मनाए जाने बारे अनेक जनश्रुतियां प्रचलित हैं, कुछ वरिष्ठ नागरिकों के अनुसार इस क्षेत्र में भगवान राम के अयोध्या पहुंचने की खबर एक महीना देरी से मिली थी, जिस कारण इस क्षेत्र के लोग अन्य क्षेत्रों की बजाए एक महीना बाद दिवाली की परंपरा का निर्वहन करते हैं और कुछ लोग इस पर्व को बलिराज के दहन की पारंपरिक प्रथा से जोड़ते हैं। गिरिपार के विभिन्न गांवों के लोगों से की गई चर्चा के अनुसार प्रत्येक गांव में बूढ़ी दिवाली को अपने-अपने रीति रिवाजों के अनुसार मनाया जाता है, लेकिन समानता हर गांव में बूढ़ी दिवाली के अवसर पर बलिराज के दहन की प्रथा प्रचलित है।

विशेषकर कौरव वंशज के लोगों द्वारा अमावस्या की आधी रात में पूरे गांव की मशाल के साथ परिक्रमा कर एक भव्य जलुस निकाला जाता है और बाद में गांव के सामूहिक स्थल पर एकत्रित घास, फूस और मक्की के टांडे में अग्नि देकर बलिराज दहन की परंपरा निभाई जाती है, जबकि पांडव वंशज के लोग प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में बलिराज का दहन करते हैं। लोगों का विश्वास है कि अमावस्या की रात को मशाल जलुस निकालने से क्षेत्र में नकारात्मक शक्तियों का प्रवेश नहीं होता और गांव में समृद्धि के द्वार खुलते हैं। लोग इस त्योहार पर अपनी विवाहित बेटियों व बहनों को विशेष रूप से आमंत्रित करते हैं। इसके अतिरिक्त लोगों द्वारा परोकड़िया गीत, विरह गीत भयूरी, रासा, नाटियां, स्वांग के साथ-साथ हुड़क नृत्य कर जश्न मनाया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अंकुश बने रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अंकुश मिगलानी को हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन के पद पर तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया है। अंकुश मिगलानी ने सोमवार को सैक्टर-16 चंडीगढ़ स्थित राज्य मुख्यालय में पदभार संभाल लिया है। डॉ. मुकेश अग्रवाल, राज्य महासचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा द्वारा उनके पहुंचने पर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। अंकुश मिगलानी पिछले लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए है। इस अवसर पर संयुक्त सचिव अनिल कुमार जोशी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रविंद्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी रोहित शर्मा, राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान, प्रचार अधिकारी विजय कुमार, अधीक्षक दीपक नासा, रिलिफ अधिकारी सर्वजीत सिंह, लेखा अधिकारी मीनाक्षी खन्ना, विनीत गाबा, अनुपम मैसॉन, सुमन बाला, डिंपल, अनिल कुमार, नरेश कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### हरीश शर्मा सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पब्लिक हेल्थ विभाग से हुए सेवानिवृत्त



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** हरीश शर्मा सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पब्लिक हेल्थ विभाग सेक्टर 9 चंडीगढ़ से सेवानिवृत्त हो गए हैं। हरीश शर्मा 1982 अपनी सेवाएं चंडीगढ़ में दी। हरीश शर्मा का कार्यकाल इतना अच्छा रहा की रिटायरमेंट के वक्त खुद भावुक हो गए। हरीश शर्मा ने अपने कार्यकाल में अपने अनुभव को साझा किया और उनके साथ काम करने वाले सभी ईमानदार अफसरों की बहुत तारीफ की। अपने 42 साल के कार्यकाल में हरीश शर्मा को काफी पल याद आए। विदाई समारोह में सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर डॉक्टर राजेश बंसल, सुपरिंटेंडेंट रबल कौर, रविंदर कौर, नीरू वाला, राजेश गुप्ता ,अनिल चावला ,दिलप्रीत सिंह, ललित शर्मा, विशाल चौहान, संदीप कुमार, संतोष कुमार, हरि सिंह बिष्ट, गोविंद राम आदि लोग मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### जगदीश टाइटलर के खिलाफ सुनवाई नौ को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में गवाह के रूप में दो पूर्व पुलिस अधिकारियों के बयान दर्ज करने के लिए नौ दिसंबर की तारीख तय की। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी मिलने के बाद सुनवाई टाल दी कि गवाह सोमवार को गवाही देने की स्थिति में नहीं हैं। न्यायाधीश ने 23 नवंबर को गवाहों रवि शर्मा और धर्म चंद को समन जारी किया था। न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई नौ दिसंबर के लिए टालते हुए कहा, ''सीबीआई के सरकारी वकील ने सूचित किया है कि अदालत में मौजूद गवाहों ने उनसे कहा है कि वे आज गवाही देने की स्थिति में नहीं हैं... क्योंकि आज अभियोजन पक्ष द्वारा गवाहों से पूछताछ नहीं की जा रही है। मामला स्थगित किया जाता है।'' सुनवाई के दौरान टाइटलर व्यक्ति गत रूप से अदालत में पेश हुए। यह मामला 1984 में रष्ट्रीय राजधानी के गुरुद्वारा पुल बंगश में तीन सिखों की हत्या से जुड़ा है।

### स्पाइसजेट भरेगी हज के लिए उड़ानें, अधिकार मिला

**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने 2025 में देश के चार प्रमुख शहरों कोलकाता, गुवाहाटी, श्रीनगर और गया से हज के लिए उड़ानें संचालित करने का अधिकार हासिल कर लिया है। विमानन कंपनी ने कहा कि स्पाइसजेट हज 2025 के लिए 100 से अधिक विशेष उड़ानें संचालित करेगी। अगले साल 2024 की तुलना में 18 प्रतिशत अतिरिक्त तीर्थयात्रियों (करीब 15,500) के हज जाने की उम्मीद है।

### भाजपा विधायक बसनगौड़ा को नोटिस जारी

**बेंगलुरु।** भाजपा की केंद्रीय अनुशासन समिति ने विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल को 'राज्य स्तरीय पार्टी नेतृत्व के खिलाफ लगातार तीखी टिप्पणी' करने के लिए 'कारण बताओ' नोटिस दिया है और उनसे 10 दिन के भीतर जवाब देने को कहा है। पार्टी ने बताया कि वह निर्धारित समय के भीतर जवाब नहीं दे पाते हैं तो वह इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेगी।

### पाक में खिलौना बम फटने से 3 बच्चों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को खिलौना बम फटने से दो सगे भाई समेत कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना बन्नू के वजीर उपखंड के जानी खेल इलाके में हुई। सूत्रों के अनुसार, बच्चे मदरसे से घर लौट रहे थे, तभी खिलौना बम में विस्फोट हुआ और दो भाइयों समेत तीन छात्रों की मौत हो गई। मोर्टार का खोल एक सुनसान इलाके में पड़ा था। बच्चों ने इसे खिलौना समझकर उठा लिया, जिससे भीषण धमाका हुआ।

### हूती विद्रोहियों का ड्रोन अटैक, 6 की मौत



**अदन।** यमन के ताइज प्रांत के एक मशहूर बाजार पर हूती विद्रोहियों के ड्रोन हमले में छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। सैन्य अधिकारी ने बताया कि हूती बमबारी ताइज के मकबानह जिले में एक व्यस्त बाजार में हुई। इस हमले की यमन सरकार ने कड़ी निंदा की और इस घटना के लिए सीधे तौर पर हूती ग्रुप को दोषी ठहराया है।

### पार्थ चटर्जी की जमानत पर टली सुनवाई

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल कैश फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। मामले की अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्ष वाली पीठ में सुनवाई टली है।

## सेंसेक्स में 445 अंक का उछाल निफ्टी भी 144 अंक चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को सेंसेक्स 445 अंक (0.56 फीसदी) की तेजी के साथ 80,248 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 144 अंक (0.6त्न) की तेजी रही, ये 24,276 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 31 में तेजी और 18 में गिरावट रही। वहीं, 1 शेयर में कोई भी बदलाव नहीं हुआ।

### सोने के दाम में 873 रुपए की गिरावट

**सोने**-चांदी के दाम में 2 दिसंबर को बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 873 रुपए कम होकर 75,867 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 76,740 रुपए प्रति दस ग्राम थी। वहीं, चांदी के दाम में भी आज गिरावट रही। ये 1,332 रुपए गिरकर 88,051 रुपए प्रति किलो हो गई।

### पांच सिंह साहिबानों ने सुनाया फैसला, वापस लिया फखर-ए-कौम सम्मान

# जूठे बर्तन साफ करेंगे सुखबीर बादल

**एजेंसी, अमृतसर**



श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से सुखबीर सिंह बादल को माफी और बेअदबी मामले में सजा सुनाई गई।

श्री अकाल तख्त साहिब की ओर से सुखबीर सिंह बादल को सजा सुनाई गई है। ये सजा राम रहीम को माफी और बेअदबी मामले में सुनाई गई है। सुखबीर सिंह बादल को गले में तख्ती पहननी होगी, इसके साथ ही वह जूठे बर्तन साफ करेंगे। लंगर घर में सेवा करेंगे, श्री दरबार साहिब के बाहर गेट पर पहरा देना होगा। सुखबीर सिंह बादल ने राम रहीम को माफी देने की गलती कबूली है। सुखबीर बादल से फखर-ए-कौम सम्मान वापस लिया गया है।

सुखबीर सिंह बादल जो पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर की वजह से चल नहीं सकते और पूर्व सांसद सुखदेव सिंह ढींडसा जिनकी उम्र ज्यादा है, वो स्वर्ण मंदिर के गेट पर एक घंटा व्हील चेयर पर बैठकर पहरा देंगे। इसके अलावा बाकी नेता स्वर्ण मंदिर में बाथरूमों की एक घंटा सफाई करेंगे, जितने भी नेताओं को तनखैया लगाई है, वो इसके संबंध तनखैया (सजा) के दौरान गले में तख्ती लटका कर रखेंगे। सुखबीर बादल और सुखदेव ढींडसा के अलावा बाकी नेता एक घंटा लंगर में जाकर वर्तन धोएंगे। इसके साथ ही कहा गया है कि सभी अकाली दल के बागी और दागी पार्टी की मजबूती के लिए काम करें। अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार राम रहीम को माफी के समय अखबारों में दिए गए विज्ञापनों की राशि ब्याज समेत एसजीपीसी के खाते में जमा करवाने के आदेश दिए गए हैं। श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार अब शिरोमणि अकाली दल के पद अधिकारियों का चुनाव संविधान के अनुसार होगा। दिए गए त्यागपत्रों को स्वीकार किया जाएगा और नामी नियुक्तियां संविधान व लोकतांत्रिक ढंग से की जाएगी। पंजाब के पूर्व मंत्री परमिंदर सिंह ढींढसा ने कहा, 'हम श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का पालन करेंगे, जो सजा सुनाई गई है उसे सिर झुकाकर मानेंगे. ये हमारा कर्तव्य है, हर सिख को श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों को मानना है. इसलिए जो फैसला हुआ है, सेवा लगी हम उसे पूरी करेंगे।' बादल साहब से सम्मान वापस लिए जाने के सवाल पर ढींढसा ने कहा, 'उन्होंने सोच विचार करने के बाद ही सारे फैसले लिए हैं, मैं उस पर क्या कह सकता हूं, जो किया है, वो अच्छा किया है। इस फैसले से सभी को सीखना चाहिए. गलतियां हुई हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है।'

## हरियाणा में 44 आईएएस अधिकारियों का तबादला

**एजेंसी, चंडीगढ़**




हरियाणा में नौकरशाही में बड़ा फेरबदल करते हुए राज्य सरकर ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 44 अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से तबादला किया है।

एक दिसंबर को जारी किए गए सरकारी आदेश के अनुसार चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग की अवर मुख्य सचिव (एसीएस) 1990 बैच की आईएएस अधिकारी सुमिता मिश्रा गृह, जेल, आपराधिक जांच एवं न्याय प्रशासन विभागों की अवर मुख्य सचिव बनाई गई हैं। उन्होंने अनुराग रस्तोगी की जगह ली है। रस्तोगी वित्त एवं नियोजन विभागों के अवर मुख्य सचिव बने रहेंगे। उनके पास राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं समेकन विभाग के वित्त आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी विभाग के अवर मुख्य सचिव 1991 बैच के आईएएस अधिकारी अशोक खेमका को परिवहन विभाग का एसीएस बनाया गया है। उन्होंने आईपीएस अधिकारी नवदीप विर्क की जगह ली है। खेमका भाजपा की पहली सरकार में परिवहन आयुक्त एवं सचिव थे, तब भाजपा सरकार के मुखिया मनोहर लाल खट्टर थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने पिछले सप्ताह अपने कार्यालय में कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियां कीं और नौकरशाही में एक बड़ा फेरबदल किया, जिसके लिए रविवार को आदेश जारी किए गए। सैनी सरकार के 17 अक्तूबर को शपथ लेने के बाद से ही यह फेरबदल तय माना जा रहा था। आदेश के अनुसार, आईएएस अपूर्व के सिंह को नगर एवं ग्राम नियोजन एवं शहरी संपदा विभाग का अवर मुख्य सचिव बनाया गया है तथा वह ऊर्जा विभाग के अवर मुख्य सचिव का कार्यभार भी संभालेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष विभागों का भी प्रभार दिया गया है। आनंद मोहन शरण को उनके पास मौजूद विभागों के अलावा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का भी प्रभार दिया गया है। विनीत गर्ग उच्च शिक्षा विभाग के एसीएस तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष बनाए गए हैं। नई दिल्ली में हरियाणा भवन के स्थानीय आयुक्त डी. सुरेश अब उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव होंगे।

## पीएम आज चंडीगढ़ में, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में मंगलवार को पीएम मोदी दौरे पर रहेंगे। इस कारण चंडीगढ़ शहर की कुछ मुख्य सड़कों पर रूट डायवर्ट कर दिया गया है।

लोगों के लिए एक दिन पहले ही एडवाइजरी जारी कर दी गई है, ताकि जाम की स्थिति न हो साथ ही लोगों को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री से पहले गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार सुबह 11:30 बजे प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस की ओर से अपील की गई कि वह इन रास्तों पर आने से परहेज करें। चंडीगढ़ के दक्षिण मार्ग से एयरपोर्ट लाइट प्वाइंट तक रास्ते बंद रखे जाएंगे, जिसमें हेलो माजरा, लाइट प्वाइंट, पोल्ट्री फार्म चौक, ट्रिब्यून चौक, लोहा मार्केट, लाइट प्वाइंट, गुरुद्वारा चौक पर चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस का विशेष पहरा रहेगा। इसके साथ ही चंडीगढ़ के अंदरूनी रोड, जिनमें गुरुद्वारा चौक सेक्टर 20-21, 33-34 का चौक, सरोवर पथ से सेक्टर 18-19, 20-21 चौक बंद रखा जाएगा। सेक्टर 7-8,18-19 चौक, हीरा सिंह चौक इस दौरान बंद रखा जाएगा। सुबह 11 से लेकर दोपहर 3 बजे तक इन सड़कों को चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस द्वारा आम लोगों के लिए बंद रखा जाएगा। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इस समय दौरान दूसरे रास्तों का प्रयोग करें।

## मुख्यमंत्री धामी ने फिल्म 'मैरै गांव की बाट' का प्रोमो और पोस्टर लांच किया

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मैरै गांव की बाट' का प्रोमो और पोस्टर लांच करते हुए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पहली जौनसारी फीचर फिल्म 'मैरै गांव की बाट' का प्रोमो और पोस्टर लांच किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आंचलिक फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग दे रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य गठन के बाद अब पहली जौनसारी फीचर फिल्म बनकर तैयार हो गई है। इस फिल्म के जरिए जौनसार की समृद्ध संस्कृति, विरासत, रीति रिवाजों को देखने जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा कि, राज्य सरकार की तरफ से क्षेत्रीय बोली भाषाओं में बनी फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में हर संभव मदद दी जा रही है। इसी , म में सरकार नई फिल्म नीति लेकर आई है। सरकार का मत है कि हर क्षेत्र में उत्तराखंड के स्थानीय लोग आगे बढ़ सकें। उन्होंने अभिनेता अभिनव चौहान को बधाई देते हुए कहा कि उनकी गढ़वाली फिल्म असगार भी सुपरहिट रही थी।

## देश-विदेश

### कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोका, 10 तक दौरा स्थगित

**एजेंसी, संभल**

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय से रवाना हुआ, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं व नेताओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

प्रशासन के मुताबिक, संभल में दस दिसंबर तक जाने पर प्रतिबंध है। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने दौरे को 10 दिसंबर तक स्थगित कर दिया है। वे अब प्रतिबंध हटने के बाद संभल जाएंगे। अजय राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा, जब प्रतिबंध हटेंगे, तब हम और भी अधिक सक्रियता से काम करेंगे। संभल, उत्तर प्रदेश का एक संवेदनशील जिला है, जहां हाल ही में साम्प्रदायिक हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। इस हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। संभल में अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़की थी। हिंसा के बाद इस मुद्दे पर सियासत शुरू हो गई है। पहले समाजवादी पार्टी ने वहां जाने की कोशिश की और अब कांग्रेस ने संभल दौरा करने का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि हिंसा के बाद इलाके में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कर्फ्यू लगाया था, अब शांति है, लेकिन सरकार ने वहां कई तरह प्रतिबंध के प्रतिबंध लगा रखे हैं।

### हर बूथ पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के आदेश के खिलाफ सुनवाई

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई की।

इसमें प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। आयोग ने अगस्त, 2024 में जारी दो आदेशों के जरिए पूरे देश में बूथों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का फैसला किया था।

आयोग के इस फैसले को इंदुप्रकाश सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल के जरिए चुनौती दी, जिस पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने विचार किया। इंदुप्रकाश सिंह ने याचिका में दावा किया कि वोटर्स की संख्या बढ़ाने वाला फैसला मनमाना है, जो किसी तर्कपूर्ण डाटा पर आधारित नहीं है।

#### हलफनामा दायर करने के आदेश

**सीजेआई** संजीव खन्ना की पीठ ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को इस फैसले के तर्क को स्पष्ट करते हुए हलफनामा दायर करने को कहा। इससे पहले कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि वे एक संक्षिप्त हलफनामे के जरिए स्थिति स्पष्ट करेंगे। हलफनामा तीन सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए। पीठ ने कहा कि वह चिंतित है। किसी भी मतदाता को इससे वंचित नहीं रखा जाना चाहिए।

### ट्रेडमार्क मामला: पुणे के रेस्तरां पर 'बर्गर किंग' नाम इस्तेमाल पर रोक

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश में पुणे स्थित एक रेस्तरां के 'बर्गर किंग' नाम का इस्तेमाल करने पर सोमवार को रोक लगा दी। अदालत ने अमेरिकी दिग्गज कंपनी बर्गर किंग कॉरपोरेशन की ट्रेडमार्क उल्लंघन याचिका पर सुनवाई पूरी होने और उसका निपटारा होने तक यह रोक लगाई है। कंपनी ने अगस्त में उच्च न्यायालय में एक अपील दायर की थी, जिसमें उसी महीने पुणे की एक अदालत द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। उस फैसले में इसी नाम के रेस्तरां के खिलाफ ट्रेडमार्क उल्लंघन के आरोप वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

### भारत की संभावित जीडीपी वृद्धि 6.5 से 7 प्रतिशत के दायरे में: सीईए

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारत की संभावित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत के दायरे में है और देश पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों के आधार पर इसे हासिल करने में सक्षम होना चाहिए।

### कैग रिपोर्ट संबंधी भाजपा विधायकों की याचिका पर नौ दिसंबर को होगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट नौ दिसंबर को भाजपा के विधायकों की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें आबकारी शुल्क, प्रदूषण और वित्त से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने सोमवार को याचिका पर सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि मामले में दलीलें अभी पूरी नहीं हुई हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि मामला तत्काल सुनवाई योग्य है क्योंकि मौजूदा विधानसभा सत्र चार दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। वहीं दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि यह 'कोई आखिरी सत्र नहीं है'।

## कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए उपभोग के टिकाऊ तरीकों को दें बढ़ावा : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरण संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए उपभोग के टिकाऊ तरीकों को बढ़ावा देने का सोमवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ उत्पादों के उपभोग पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

गोयल ने कहा कि हमें अपनी वर्तमान जीवनशैली के कारण होने वाले अपशिष्ट तथा कार्बन उत्सर्जन को लेकर सचेत रहने की जरूरत है। यह दुनिया के बेहतर भविष्य का आधार होगा। जब तक हम उपभोग के तरीके पर ध्यान नहीं देंगे, हम स्थिरता तथा पर्यावरणीय चुनौतियों संबंधी मुद्दों का समाधान नहीं कर पाएंगे। गोयल ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साझेदारी शिखर सम्मेलन में यह बात कही।

### पीएम मोदी, शाह ने नड्डा को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के जन्मदिन पर पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री शाह समेत कई नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मोदी ने जेपी नड्डा के संगठनात्मक कार्य की तारीफ करते हुए 'एक्स' पर लिखा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं नड्डा को वर्षों से जानता हूं और पार्टी में उनके उल्लेखनीय योगदान का गवाह हूं।

## बाइडेन ने बेटे हंटर के सभी आरोप किए माफ

### कहा- आरोप राजनीति से प्रेरित थे, सिर्फ निशाना बनाया गया

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने बेटे हंटर बाइडन के लिए 'एक पूर्ण एवं बिना शर्त माफी' जारी करते हुए कहा कि उन्हें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह उनके बेटे हैं। बाइडन ने कहा कि अपने पूरे करियर में मैंने एक ही सिद्धांत का पालन किया है। अमेरिकी लोगों को सच बताएं। वे निष्पक्ष होकर सोचेंगे। सच यह है कि मैं न्याय प्रणाली में विश्वास करता हूं, लेकिन मैं इससे जूझ चुका हूं और मुझे यह भी लगता है कि अनुभवहीन राजनीति ने इस प्रक्रिया को संक्रमित कर दिया है जिससे न्याय का उपहास हुआ है। मैंने इस सप्ताहांत इस आशय का निर्णय लिया, ऐसे में इसमें देरी करने का कोई मतलब नहीं था।'' बाइडन ने अपने परिवार के सदस्यों के लाभ के लिए राष्ट्रपति पद की असाधारण शक्तियों का उपयोग नहीं करने के अपने पिछले वादों को पलटते हुए, रविवार रात बेटे हंटर को माफ कर दिया, जिससे वह संघीय गुंडागर्दी बंदूक और कर दोषों के लिए संभावित जेल की सजा से बच गए। हंटर बाइडन को इस वर्ष की शुरुआत में संघीय बंदूक और कर आरोपों में दोषी ठहराया गया था तथा उन्हें जल्द कैलिफोर्निया के डेलन में पेश होना था, जहां उन्हें लंबी, जेल की सजा हो सकती थी। जो बाइडन ने कहा कि जिस दिन से मैंने पदभार संभाला है, मैंने यही कहा था कि मैं न्याय विभाग के निर्णय में हस्तक्षेप नहीं करूंगा और मैंने अपना वचन निभाया। मैंने यह भी देखा कि मेरे बेटे पर चुनिंदा और अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया जा रहा है।

#### गौतम अडानी पर आरोप लगाने वाले अमेरिकी न्याय विभाग की खुली पोल

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे को टैक्स चोरी और अवैध तरीके से बंदूक रखने के मामलों में आधिकारिक रूप से माफी दी है। दोनों ही मामले में हंटर बाइडेन को दोषी करार दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस हैरान करने वाले कदम से राजनीतिक बिरादरी के भीतर से तीखी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। इसके साथ ही अडानी ग्रुप के खिलाफ अभियोग को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने इस कदम को 'न्याय की विफलता' करार दिया है। जो बाइडेन ने जून में कहा था कि वह न तो अपने बेटे को माफ करेंगे और न ही उसकी सजा कम करेंगे। बाइडेन की तरफ से अपने बेटे को माफी देना, एक बड़ा यू टर्न माना जा रहा है। इसने अमेरिकी न्याय विभाग के 'निष्पक्ष' कामकाज को सवालों के घेरे में ला दिया है। इस बीच, अमेरिकी सत्ता के गलियारों में इस बात पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि क्या न्याय विभाग को राजनीतिक ताकतें नियंत्रित करती हैं।

### भोपाल: 17 साल के छात्र ने शूटिंग अकादमी में खुद को मारी गोली

**भोपाल।** भोपाल में सरकारी शूटिंग अकादमी के 17 वर्षीय छात्र ने संस्थान में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। रातीबड़ पुलिस थाने के प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को यथार्थ रघुवंशी नामक छात्र ने कथित तौर पर अकादमी के छात्रावास में अभ्यास बंदूक से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के अशोक नगर जिले का निवासी छात्र राज्य की राजधानी भोपाल में शूटिंग अकादमी के छात्रावास में रह रहा था। अधिकारी ने बताया कि वह अकादमी में शूटिंग का प्रशिक्षण ले रहा था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### प्राणवी उर्स ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया



**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्राणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ में तीसरे स्थान पर रहते हुए लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। एलईटी पर अपने शुरुआती वर्ष में खेल रही प्राणवी ने सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के अंतिम दौर में चार अंडर 68 के कार्ड के साथ कुल 14 अंडर का स्कोर किया। प्राणवी को इस शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार के तौर पर 42,000 यूरो (लगभग 37.40 लाख रुपए) मिले और वह एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट (ओएमएम) में 17वें स्थान पर पहुंच गई। स्पेन की कार्लोटा सिगांडा ने अंतिम राउंड में 71 के कार्ड के साथ एक स्ट्रोक से जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीयों में अदिति अशोक (70) संयुक्त 16वें, दीक्षा डागर (75) संयुक्त 42वें और त्वेसा मलिक (72) संयुक्त 70वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ओओएम पर 29वें और त्वेसा 60वें स्थान पर रहीं। अनुभवी अदिति ने इस सत्र में केवल चार प्रतियोगिताओं में भाग लिया और वह 134वें स्थान पर रहीं।

### संतोष ट्रॉफी फुटबॉल का फाइनल राउंड 14 दिसंबर से हैदराबाद में

**नई दिल्ली।** संतोष ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली 78वीं सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम दौर के मुकाबले 14 दिसंबर से हैदराबाद में शुरू होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 12 टीम भाग लेंगी। इनमें ग्रुप चरण के नौ विजेता, पिछले सत्र के दो फाइनलिस्ट (सेना और गोवा) और मेजबान तेलंगाना शामिल हैं। इन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 26 और 27 दिसंबर को खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वार्टर फाइनल तक सभी मैच डेक्कन एरेना में खेले जाएंगे। 29 दिसंबर को सेमीफाइनल और 31 दिसंबर को फाइनल जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेला जाएगा।




### पेरी ने ऑस्ट्रेलिया के फुटबॉल और क्रिकेट खेला

**नई दिल्ली।** विश्व की सबसे सुंदर महिला क्रिकेटरों की बात की जाए और एलिस पेरी का नाम न आए, ऐसा हो नहीं सकता। एलिस पेरी वह खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट और फुटबॉल दोनों खेला है। पेरी ने जुलाई 2007 में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी पहली फुटबॉल कैप हासिल करने से एक महीने बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला।



### टेनिस : नोवाक जोकोविच ने एंडी मर्रे को नियुक्त किया कोच

**ब्यूनस आयर्स।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि उन्होंने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे को इसलिए अपना कोच नियुक्त किया क्योंकि वह ब्रिटेन के इस पूर्व खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। पिछले छह महीने से बिना कोच के खेलने वाले जोकोविच अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के लिए विदाई मैच खेलने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने और मर्रे ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वे जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए एक साथ काम करने की योजना बना रहे हैं।



### वेल्स के पूर्व विश्व स्नूकर चैंपियन टेरी ग्रिफिथ्स का निधन

**वेल्स।** क्वालीफायर के रूप में विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले वेल्स के स्नूकर खिलाड़ी टेरी ग्रिफिथ्स का निधन हो गया। ग्रिफिथ्स 77 बरस के थे। उन्होंने स्टीफन हेंड्री और मार्क विलियम्स जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को कोचिंग भी दी। विश्व स्नूकर ने सोमवार तड़के ग्रिफिथ्स के निधन की घोषणा की। उनके बेटे वेन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि उनके पिता का रविवार को उनके परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में निधन हो गया और वह डिमेंशिया रोग से जूझ रहे थे। अपनी धीमी और व्यवस्थित खेल शैली के लिए प्रसिद्ध ग्रिफिथ्स 1970 और 1980 के दशक में स्नूकर के सुनहरे दिनों के दौरान ब्रिटिश खेलों में सबसे ज्यादा पहचाने जाने वाले लोगों में से एक थे। उनके करियर का मुख्य आकर्षण 1979 में क्रूसिबल थिएटर में फाइनल में डेनिस टेलर को हराकर विश्व चैंपियन बनना था। वह 1980 में मास्टर्स और 1982 में यूके चैम्पियनशिप जीतने के बाद प्रमुख प्रतियोगिताओं का 'तिहरा खिताब' जीतने वाले 11 खिलाड़ियों में से एक थे।

# सिराज ने फॉर्म में वापसी का श्रेय जसप्रीत बुमराह को दिया

**एजेंसी, कैनबरा**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में भारत की शानदार जीत में पांच विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लचर प्रदर्शन के बाद फॉर्म में वापसी का श्रेय भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह को दिया।

यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज घरेलू सत्र में विकेट लेने के लिए जूझ रहा था। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ जो दो मैच खेले उनमें वह केवल दो विकेट ले पाए थे, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में वापसी करने में सफल रहे। सिराज ने कहा कि पहले टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान और दुनिया के नंबर-एक गेंदबाज बुमराह के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले बात करने से उन्हें फायदा मिला। सिराज ने प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच में भारत की छह विकेट से जीत के बाद कहा,''मैं हमेशा जस्सी भाई (बुमराह) से बात करता रहता हूं। यहां तक की पहले टेस्ट मैच से पूर्व भी मैंने उनसे अपनी गेंदबाजी को लेकर बात की थी।

उन्होंने मुझसे कहा कि विकेट लेने के लिए आतुर नहीं रहो तथा लगातार एक क्षेत्र में गेंदबाजी करते रहो और अपने खेल का आनंद लो। अगर तब भी विकेट नहीं मिले तो फिर मुझसे बात करना।'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से एडिलेड में खेला जाएगा।




### बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण : पुजारा

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण मौजूद हैं और भारत को रोहित शर्मा के इस पद से हटने के बाद उन्हें कप्तानी के दीर्घकालिक विकल्प के रूप में देखना चाहिए। बुमराह ने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपने नेतृत्वकौशल का अच्छा नमूना पेश किया था और भारत को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पुजारा ने कहा,'' इसमें कोई संदेह नहीं कि वह (दीर्घकालिक कप्तानी का व्यवहारिक विकल्प) हैं। भारत जब घरेलू धरती पर सीरीज में करारी हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच खेल रहा था तब इन मुश्किल परिस्थितियों में उन्होंने अपने नेतृत्वकौशल की शानदार बानगी पेश की।''



### ट्रैविस हेड ने कहा- बुमराह महानतम तेज गेंदबाजों में से एक

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को लगता है कि जसप्रीत बुमराह इस खेल के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे और उन्होंने कहा कि वह बड़े गर्व से अपने पोते-पोतियों को भारतीय तेज गेंदबाज का सामना करने की कठिन चुनौती के बारे में बताएंगे। हेड ने कहा, ''जसप्रीत को शायद इस खेल को खेलने वाले सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। अभी हम यह पता लग रहे हैं कि वह हमारे लिए कितना चुनौती पूर्ण हो सकता है। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है।'' उन्होंने कहा,''जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते-पोतियों को बताऊंगा कि मैंने उनका सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना बुरा नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा।''



## विश्व शतरंज चैंपियनशिप-2024

### ड्रॉ की 'हैट्रिक' के बाद गुकेश और लिरेन की निगाहें जीत पर



फाइल फोटो

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप-2024 के 7वें दौर में जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य लगातार तीन बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद जीत हासिल करना होगा। शतरंज के कई जानकारों की नजर में खिताब के प्रबल दावेदार 18 वर्षीय गुकेश अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उन्होंने अभी तक किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा है। दोनों खिलाड़ी अभी तीन अंक लेकर बराबरी पर हैं।

गुकेश सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद पहली बाजी हार गए थे लेकिन दूसरी बाजी इस भारतीय खिलाड़ी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी, क्योंकि चीन के खिलाड़ी ने जीत के लिए किसी तरह का प्रयास नहीं किया और आसान ड्रॉ होने दिया। गुकेश ने लिरेन की गलती का फायदा उठाकर तीसरी बाजी जीतकर अच्छी वापसी की, लेकिन इसके बाद अगली तीन बाजियों में किसी भी खिलाड़ी ने जोखिम लेना उचित नहीं समझा और आपस में अंक बांटे। यह मुकाबला 14 दौर का है तथा जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा वह विश्व चैंपियन बनेगा।

**03 अंक लेकर दोनों खिलाड़ी बराबरी पर**

अभी तक दोनों खिलाड़ियों ने जिस तरह का खेल दिखाया है उसे देखते हुए किसी को भी प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता। गुकेश मंगलवार को 7वीं बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे। गुकेश अगली तीन बाजियों में से दो बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे और अगर उन्हें विश्व चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाने हैं तो उन्हें इनमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। 7वीं बाजी भारतीय समयानुसार दोपहर बाद दो बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी।

# मंथन करेंगे विजय मर्चेंट ट्रॉफी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

कटक में 6 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय मर्चेंट ट्रॉफी में जोगिंद्रनगर के क्रिकेटर मंथन गुरुंग हिमाचल प्रदेश अंडर-16 क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। मंथन गुरुंग के पिता मोहित गुरुंग जोगिंद्रनगर शहर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के कोच हैं।



मोहित गुरुंग जोगिंद्रनगर क्रिकेट अकादमी में खिलाड़ियों को न केवल क्रिकेट के तकनीकी पहलुओं में प्रशिक्षित करते हैं, बल्कि उन्हें खेल भावना, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पाठ भी पढ़ाते हैं। मंथन गुरुंग की इस सफलता पर मसौली पंचायत प्रधान अंजना शर्मा ने कहा, 'यह मसौली पंचायत के लिए गर्व की बात है। मंथन ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से हमारे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।' मोहित गुरुंग ने बताया, जोगिंद्रनगर क्रिकेट अकादमी में बच्चों को खेल के प्रति समर्पण सिखाने के साथ-साथ उन्हें खेल भावना और अनुशासन के महत्व को समझाया जाता है। मंथन की कप्तानी हिमाचल की टीम के लिए नई उम्मीदें लेकर आई है। मंथन गुरुंग की इस सफलता पर उनके परिवार, दोस्तों और क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी। मोहित गुरुंग ने अपने बेटे को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मंथन की मेहनत और लगन का परिणाम है।

### बड़सर का अंशुमान सिंह राणा दिखाएगा अपनी गेंदबाजी का कारनामा



**एसके ठाकुर बड़सर।** जिला हमीरपुर के उपमंडल बड़सर की ग्राम पंचायत धंगोटा के बेटा अंशुमान सिंह राणा का चयन विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए प्रदेश की अंडर-16 टीम के लिए हुआ है। अंशुमन राणा के कोच महेंद्र शर्मा ने बताया कि शुरू से ही अंशुमन एचपीसीए द्वारा संचालित क्रिकेट अकादमी सोहारी में कोचिंग ले रहा था। अंशुमन हमीरपुर की अंडर-14 टीम का हिस्सा था तथा हमीरपुर की टीम स्टेट विजेता रही थी। अंशुमान गेंदबाज ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं। हिमाचल टीम में चयनित होने पर सांसद एवं पूर्व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर,बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने उन्हें बधाई दी है। अंशुमान राणा के पिता देवेंद्र सिंह राणा हेल्थ विभाग में कार्यरत हैं तथा माता ग्रहणी है। (अनंत ज्ञान)

### एमबापे ने गोल दागा, रियाल मैड्रिड ने गेटाफो के 2-0 से दी मात

**एजेंसी, मैड्रिड**

किलियन एमबापे आखिरकार गोल करने में सफल रहे, जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में गेटाफे को 2-0 से हराया। एमबापे इस सत्र के शुरू में रियाल मैड्रिड से जुड़े थे, लेकिन अपने निराशाजनक प्रदर्शन के कारण वह आलोचकों के निशाने पर थे।




उन्होंने सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में 38वें मिनट में गोल किया। बुधवार को चैंपियंस लीग में लिवरपूल के खिलाफ मैच में एमबापे का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह इस मैच में पेनल्टी पर भी गोल नहीं कर पाए थे। हाल के खराब खेल के लिए कुछ प्रशंसकों की आलोचना का शिकार बने जूड बेलिंगहैम ने 30वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी। इस जीत से रियाल मैड्रिड शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से केवल एक अंक पीछे रह गया है।

# उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में 32 मुख्य और चार प्रदर्शनी खेल होंगे शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक होने वाले राष्ट्रीय खेलों के 38वें सत्र में 32 मुख्य और चार प्रदर्शनी खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें योगासन और मल्लखंभ भी शामिल हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और उत्तराखंड राज्य ओलंपिक संघ (यूएसओए) के बीच 2014 में हस्ताक्षरित मूल सहमति पत्र (एमओयू) के अनुसार इन खेलों के दौरान 34 खेलों का आयोजन होना है।




हालांकि आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा और खेलों की तकनीकी संचालन समिति (जीटीसीसी) ने हाल में अपनी बैठक में 32 मुख्य खेलों और चार प्रदर्शनी खेलों को स्वीकृति दी। उषा ने कहा, ''उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के भारत में पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के खेलों को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता साबित होने की उम्मीद है।''

उन्होंने कहा, ''कलारीपयट्टु, योगासन, मल्लखंभ और राफ्टिंग जैसे प्रदर्शनी खेलों को शामिल करना भारत की समृद्ध विरासत का सम्मान करने और खिलाड़ियों के लिए नए अवसरों को प्रोत्साहित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।''

मुख्य खेलों में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, निशानेबाजी और कुश्ती जैसे सभी बड़े खेल शामिल हैं। राफ्टिंग और केरल की मार्शल आर्ट कलारीपयट्टु दो अन्य प्रदर्शनी खेल हैं।

# भारत ने जापान को 211 रन से दी पटकनी

**एजेंसी, शारजाह**

**अंडर-19 एशिया कप**

कप्तान मोहम्मद अमान की नाबाद शतकीय पारी के साथ केपी कार्तिकेय और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के अर्धशतकों से भारत ने अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप-ए मैच में सोमवार को यहां जापान को 211 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी। भारत ने छह विकेट पर 339 रन बनाने के बाद जापान को आठ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया।

अमान ने 118 गेंद की नाबाद शतकीय पारी में सात चौके की मदद से 122 रन बनाए। कार्तिकेय ने 49 गेंद में 57 रन की पारी के दौरान पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि म्हात्रे ने 29 गेंद की आक्रामक पारी में छह चौके और चार छक्के की मदद से 54 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर भारतीय टीम के लिए सी आंद्रे सिद्धार्थ (38), हार्दिक राज (नाबाद 25) और वैभव सूर्यवंशी (23) ने भी उपयोगी योगदान दिए।




जापान के लिए हुगे केल्ले और किफर यामामोतो-लेक ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जापान की टीम आठ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। भारतीय टीम हालांकि जापान को ऑल आउट करने में विफल रहने पर निराश होगी। दो विकेट लेने वाले केल्ले ने 111 गेंद में 50 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा। चार्ल्स हिंजे 35 रन पर नाबाद रहे।

भारत के लिए कार्तिकेय, हार्दिक राज और चेतन शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। भारत टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 43 रनों से हार गया था। टीम बुधवार को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खेलेगी।

प्रत्येक समूह से शीर्ष-2 टीमें छह दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। टूर्नामेंट का फाइनल आठ दिसंबर को होगा।

**क्रिकेट** — बांग्लादेश की पहली पारी 71.5 ओवर में 164 रनों पर सिमटी

# बांग्लादेश के खिलाफ वेस्टइंडीज मजबूत स्थिति में

**एजेंसी, किंग्स्टन ( जमैका )**

तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने 15.5 ओवर में केवल पांच रन देकर चार विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन अपना पलड़ा भारी रखा। सील्स ने कुल 10 मेडन ओवर फेंके और बांग्लादेश को पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई।

वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 70 रन बनाए और वह बांग्लादेश से 94 रन पीछे है।

स्टंप उखड़ने के समय कप्तान क्रैग ब्रैथवेट 33 रन और कीसी कार्टी 19 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश को एकमात्र सफलता मिकाइल लुइस के रूप में मिली जिन्हें नाहिद राणा ने विकेट के पीछे कैच कराया।




पहले दिन गीली आउटफील्ड और खराब रोशनी के कारण केवल 30 ओवर फेंके गए थे। दूसरे दिन भी लगभग 80 ओवरों के बाद खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त कर दिया गया। बांग्लादेश ने सुबह दो विकेट पर 69 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन उसका कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया।

**15.5 ओवर में पांच रन देकर जेडन सील्स ने चार विकेट झटके**

**64 रनों की पारी खेली सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने, बांग्लादेश की तरफ से सर्वाधिक**

उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने सर्वाधिक 64 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 75 गेंदों में 36 रन का योगदान दिया।

### राष्ट्रीय जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 8 को

**एसके शर्मा, जाहू।** 29वीं राष्ट्रीय जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता 29 दिसंबर से पहली जनवरी को उत्तराखंड के एनिमिटी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर में होगी। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम भी भाग लेगी।

हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ के महासचिव बीआर सुमन ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन ट्रॉयल के आधार पर किया जाएगा। बिलासपुर कोर्फबॉल संघ की मांग पर संघ खिलाड़ियों का ट्रॉयल 8 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में लेगा। ट्रॉयल में पहली जनवरी 2005 के बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ही लेंगे।

ट्रॉयल के दौरान खिलाड़ियों को जन्मतिथि प्रमाण-पत्र साथ लाना होगा व किट के साथ अपने खेल का प्रदर्शन करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)